RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 320
नई दिल्ली, शुक्रवार, 30 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




चोटिल होने के कारण बुमराह टी20 विश्व कप से बाहर
स्पोर्ट्स-12

# सभी महिलाएं सुरक्षित और वैध गर्भपात की हकदार: सुप्रीम कोर्ट

**मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी एक्ट के तहत 24 हफ्ते तक के गर्भ पर लागू होगा यह आदेश**

- गर्भपात कानून के तहत विवाहित या अविवाहित महिला के बीच पक्षपात करना न तो प्राकृतिक न ही संवैधानिक रूप से उचित: सुप्रीम कोर्ट



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा है कि देश की सभी महिलाएं सुरक्षित और वैध गर्भपात की हकदार हैं। सर्वोच्च अदालत का यह आदेश गर्भ का चिकित्सकीय समापन (एमटीपी) अधिनियम के तहत विवाहित या अविवाहित सभी महिलाओं को गर्भावस्था के 24 सप्ताह तक के गर्भ पर लागू होगा। यानी अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि इस मामले में उनके वैवाहिक होने या नहीं होने से फर्क नहीं पड़ेगा।

शीर्ष अदालत ने कहा कि बलात्कार के अपराध की व्याख्या में वैवाहिक बलात्कार को भी शामिल किया जाए, ताकि एमटीपी अधिनियम का मकसद पूरा हो। न्यायमूर्ति डी.वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना की पीठ ने कहा कि प्रजनन स्वायत्तता के नियम विवाहित या अविवाहित दोनों महिलाओं को समान अधिकार देता है। पीठ ने कहा कि गर्भपात कानून के तहत विवाहित या अविवाहित महिला के बीच पक्षपात करना प्राकृतिक नहीं है व संवैधानिक रूप से भी सही नहीं है और यह उस रूढ़िवादी सोच को कायम रखता है कि केवल विवाहित महिलाएं ही यौन संबंध बनाती हैं। एमटीपी अधिनियम के प्रावधानों के तहत विवाहित महिला को गर्भावस्था के 24 सप्ताह तक वह गर्भपात कराने की अनुमति दी गई है, बलात्कार की पीड़िता, दिव्यांग और नाबालिग लड़की को विशेष श्रेणी में गर्भपात कराने की अनुमति दी जाती है।

वहीं कानून के तहत अविवाहित तथा विधवा गर्भावस्था के 20 सप्ताह तक ही गर्भपात करा सकती हैं, जिन्होंने सहमति से संबंध बनाए हैं या बनाए थे। पीठ ने एमटीपी अधिनियम की व्याख्या पर फैसला सुनाते हुए कहा कि चाहे महिला विवाहित हो या अविवाहित, वह गर्भावस्था के 24 सप्ताह तक वह गर्भपात करा सकती हैं। पीठ ने 23 अगस्त को एमटीपी अधिनियम के प्रावधानों की व्याख्या पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसमें विवाहित और अविवाहित महिलाओं के गर्भपात कराने को लेकर अलग-अलग प्रावधान हैं। शीर्ष अदालत ने पाया कि एमटीपी अधिनियम के प्रावधानों में बदलाव की जरूरत है। उसने कहा कि वह उन सात श्रेणियों में विवाहित न होने बावजूद छोड़ दी गईं महिलाओं के लिए एक श्रेणी जोड़ना चाहेंगे, जिसमें 24 सप्ताह की गर्भावस्था तक महिलाएं गर्भपात करा सकती हैं।

केंद्र की ओर से अदालत में पेश हुईं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने शीर्ष अदालत से कहा था कि पक्षपात, यदि कोई है तो संसद द्वारा पारित अधिनियम में नहीं है और यदि अदालत हस्तक्षेप करने को तैयार है तो उसे एमटीपी अधिनियम 2003 में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर विशेषज्ञों की अलग-अलग राय है और उनके अनुसार इसे विभिन्न श्रेणियों में इसलिए बांटा गया है, ताकि गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान-तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनयम (पीसी-पीएनडीटी) जैसे कानूनों का दुरुपयोग न हो। अदालत (शेष पेज 8)

# गहलोत रेस से बाहर, दिग्विजय होंगे उम्मीदवार

- कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव की तस्वीर हुई साफ, पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार के तौर पर आज भरेंगे पर्चा
- राजस्थान संकट की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए राजनीति के जादूगर ने सोनिया गांधी से मांगी माफी, छोड़ी उम्मीदवारी
- सीएम रहेंगे या नहीं, फैसला एक-दो दिन में होगा, कांग्रेस अध्यक्ष से मिले सचिन पायलट


नई दिल्ली में सोनिया गांधी से मिलने के बाद केसी वेणुगोपाल से चर्चा करते अशोक गहलोत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** हाईकमान की ओर से मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने की हरी झंडी मिलते ही अटकलों का दौर खत्म हो गया है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के स्थान पर अब सिंह पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार होंगे।

राजस्थान में गहराए राजनीतिक संकट में अपनी साख और विश्वास गंवाने के कारण गहलोत को पीछे हटना पड़ा है। गहलोत ने बृहस्पतिवार को सोनिया गांधी से मिलकर राजस्थान संकट की जिम्मेदारी लेते हुए माफी भी मांगी, लेकिन बात नहीं बनी। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के खिलाफ राजस्थान के विधायकों की बगावत के लिए हाईकमान गहलोत को हाल फिलहाल माफ करने के मूड में नहीं है। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष से मिलने के बाद राजनीति के जादूगर कहे जाने वाले गहलोत ने ऐलान किया कि वह कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव की दौड़ में नहीं हैं। भले अशोक गहलोत माफी मांग चुके हों, लेकिन उनका भविष्य अभी अनिश्चित ही नजर आ रहा है।


बृहस्पतिवार शाम को पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर कौन बैठेगा, इसका फैसला पार्टी अध्यक्ष एक-दो दिन में करेंगी। इस बीच, सचिन पायलट गुरुवार शाम फिर सोनिया गांधी से मिले हैं। तीन बार के मुख्यमंत्री गहलोत ने खुद को पार्टी का अनुशासित और 50 साल से वफादार सिपाही बताया और राजस्थान में हुए राजनीतिक घटनाक्रम पर गहरा दुख भी जताया। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह मुख्यमंत्री बने रहेंगे, तो उन्होंने सीधा जवाब दिया- सोनियां गांधी ही इस बारे में फैसला करेंगी।

उन्होंने कहा कि वह पिछले 50 वर्षों से कांग्रेस के वफादार सैनिक के रूप में कार्य करते आ रहे हैं। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, नरसिम्हा राव और सोनिया जी के साथ बड़ी ईमानदारी से काम किया। चाहे केंद्रीय मंत्री हो या प्रदेश अध्यक्ष और महासचिव व तीन बार मुख्यमंत्री, इन सभी पदों पर निभाई जिम्मेदारी को वह कैसे भूल सकते हैं। गहलोत ने कहा कि जयपुर में बीते रविवार को हुई राजनीतिक घटनाओं ने हम सभी को झकझोर दिया है। केवल मैं ही जानता हूं कि इन सब से कितना आहत हूं, क्योंकि इससे एक संदेश गया है कि मैं मुख्यमंत्री बने रहना चाहता हूं। भारी मन लेकर उतरे चेहरे के साथ सोनिया गांधी के आवास से बाहर निकले गहलोत ने पत्रकारों से कहा कि मैंने सोनिया जी से माफी मांगी है, क्योंकि एक पंक्ति का साधारण प्रस्ताव, जो हमारी परंपरा है, परिस्थिति चाहे जो रही हो, मैं सीएलपी नेता के रूप में इसे पारित नहीं करा पाया। इस बीच, एआईसीसी मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि उन्होंने (शेष पेज 8)

## थरूर व सिंह बोले, जीतेगी कांग्रेस ही

**दिग्विजय** सिंह ने चुनाव के लिए नामांकन पत्र लेने के बाद गुरुवार को पार्टी अध्यक्ष पद के दूसरे उम्मीदवार तिरुवनंतपुरम से पार्टी सांसद शशि थरूर से मुलाकात की। थरूर ने सिंह के साथ मुस्कुराते हुए तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट में कहा कि हम दोनों के बीच प्रतिद्वंद्वी के रूप में नहीं, बल्कि सहयोगियों के तौर पर दोस्ताना प्रतियोगिता होगी। जीत किसी की भी हो, आखिर जीतेगी कांग्रेस ही। थरूर के ट्वीट का जवाब देते हुए सिंह ने कहा कि मैं सहमत हूं। हम भारत में सांप्रदायिक ताकतों से लड़ रहे हैं। दोनों गांधीवादी नेहरूवादी विचारधारा में विश्वास करते हैं और उनसे लगातार लड़ेंगे, चाहे जो भी हो। शुभकामनाएं।

## पंचम स्कंदमाता



**सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।**
**शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी॥**

**पहाड़ों** पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वालीं स्कंदमाता। नवरात्र में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। इस देवी की चार भुजाएं हैं। यह दायीं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कंद को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बायीं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। इनका वर्ण एकदम शुभ्र है। यह कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसीलिए इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है। सिंह इनका वाहन है।

# पीएफआई हड़ताल में हिंसा के लिए जिम्मेदार, 5.2 करोड़ जमा करे: कोर्ट

- केरल उच्च न्यायालय का आदेश, गृह विभाग में क्षतिपूर्ति राशि जमा करने को कहा




**पायनियर समाचार सेवा।** कोच्चि

**केरल** हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और इसके पूर्व महासचिव को निर्देश दिया कि वे गत 23 सितंबर को हड़ताल संबंधी हिंसा के कारण संपत्ति को हुए नुकसान को लेकर गृह विभाग में क्षतिपूर्ति के रूप में 5.2 करोड़ रुपए जमा कराएं।

अदालत ने कहा कि हड़ताल के दौरान हुई हिंसा के लिए पीएफआई को निश्चित तौर पर जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। मुआवजे की इस राशि का आकलन केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) और राज्य सरकार की ओर से किया गया है। बसों को हुए नुकसान और सेवाओं में कटौती को लेकर केएसआरटीसी ने क्षतिपूर्ति की इस राशि की मांग की है। अदालत ने चिंता जताया कि राज्य प्रशासन ने हड़ताल आयोजकों को अनुचित मांग के साथ आगे बढ़ने और सड़क जाम करने से रोकने के लिए कुछ नहीं किया, जबकि वर्ष 2019 का उच्च न्यायालय का आदेश इसके खिलाफ है।

अदालत ने कहा कि हड़ताल संबंधित हिंसा और संपत्ति को हुए नुकसान को लेकर दर्ज सभी मामलों में संगठन के पूर्व महासचिव अब्दुल सत्तार को आरोपी बनाया जाए। न्यायमूर्ति एके जयशंकरन नांबियार और न्यायमूर्ति मोहम्मद नियास सी पी की पीठ ने निर्देश दिया कि मजिस्ट्रेट या सत्र अदालतों को हड़ताल संबंधी हिंसा के किसी भी आरोपी की जमानत पर (शेष पेज 8)

# नशे के व्यापार पर प्रहार छापेमारी में 175 गिरफ्तार

- सीबीआई ने एनसीबी, इंटरपोल व कई राज्यों की पुलिस के साथ मिलकर मादक पदार्थों की तस्करी का नेटवर्क किया ध्वस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मादक** पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने इंटरपोल, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) और कई राज्यों की पुलिस के साथ मिलकर एक अभियान चलाया, जिसके तहत 175 लोगों को गिरफ्तार किया गया और भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया।


सीबीआई ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय संपर्कों वाले मादक पदार्थ तस्करों के नेटवर्क को बाधित, खंडित और पूरी तरह से नष्ट करने के इरादे से शुरू किए गए ऑपरेशन गरुड़ में इंटरपोल भी शामिल था। उन्होंने कहा कि इसके तहत सीबीआई, एनसीबी और राज्य पुलिस ने अब तक 127 मामले दर्ज किए हैं। अधिकारियों ने कहा कि वैश्विक अभियान की योजना मादक पदार्थ-तस्करी पर खुफिया सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के माध्यम से की गई थी और इंटरपोल के जरिए अंतरराष्ट्रीय न्यायक्षेत्रों में प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वित कार्रवाई की गई।

उन्होंने कहा कि देशव्यापी कार्रवाई में पंजाब, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दिल्ली और मणिपुर समेत आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस तथा स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने करीब 6,600 संदिग्धों पर नजर रखी गई जिसके बाद 127 मामले दर्ज किए गए और करीब 175 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें छह फरार और घोषित अपराधी शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि एजेंसियों ने हिंद महासागर क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने के साथ अवैध प्रतिबंधित दवाओं और नशीले पदार्थों की तस्करी को निशाना बनाया। इसमें कहा गया है, अंतरराष्ट्रीय संपर्कों वाले मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों को अंतरराष्ट्रीय न्याय क्षेत्र में सहयोग की आवश्यकता होती है।

सीबीआई के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय अभियान ऑपरेशन गरुड़ का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय संपर्क वाले मादक पदार्थ तस्करों, इस नेटवर्क का निर्माण करने वालों, निर्माण क्षेत्रों और इसका समर्थन करने वालों को निशाना बनाना है। उन्होंने कहा कि सीबीआई और एनसीबी ने सूचनाओं के आदान-प्रदान, विश्लेषण और परिचालन संबंधी सूचनाओं के लिए विभिन्न राज्यों की खुफिया एजेंसियों और पुलिस के साथ काम किया।

# कारों में छह एयरबग अनिवार्य करने का प्रस्ताव टला

- केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के मुताबिक अब प्रस्ताव एक अक्टूबर, 2023 से होगा लागू




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने कारों में छह एयरबैग को अनिवार्य करने के प्रस्ताव को एक साल के लिए टाल दिया है, जो अब एक अक्टूबर, 2023 से लागू होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर आठ सीट वाले वाहनों में सरकार ने छह एयरबैग लगाना अनिवार्य किया था।

यह आदेश एक अक्टूबर, 2022 से प्रभावी होना था। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इस वर्ष की शुरुआत में कहा था कि मोटर वाहन में सवार लोगों की सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से उसने केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन के जरिए सुरक्षा सुविधाओं को बढ़ाने का फैसला लिया है। मंत्रालय ने 14 जनवरी को जारी अधिसूचना में कहा था कि एक अक्टूबर, 2022 से विनिर्मित एम। श्रेणी के वाहनों में छह एयरबैग लगाना अनिवार्य होगा।

दुर्घटना की स्थिति में एयरबैग एक कवच के रूप में काम करता है और ड्राइवर को डैशबोर्ड से टकराने में बचाता है। प्रस्ताव को एक साल के लिए टालने की जानकारी देते हुए गडकरी ने ट्वीट किया, वाहन उद्योग को वैश्विक आपूर्ति शृंखला में व्यवधानों की समस्या का सामना करना पड़ (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 56,409 | ↓ 188 | |
| निफ्टी | 16,818 | ↓ 40 | |
| सोना | 49,960 | ↑ 460 | /10g |
| चांदी | 56,230 | ↑ 1035 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कुछ लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दर 0.3% बढ़ी

**नई दिल्ली।** सरकार ने कुछ लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में 0.3% तक की वृद्धि की है। अर्थव्यवस्था में इस समय ब्याज दरें मजबूत हो रही हैं, जिसके मद्देनजर सरकार ने यह कदम उठाया है। हालांकि नौकरीपेशा लोगों के बीच लोकप्रिय बचत योजना लोक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर ब्याज 7.1% पर बरकरार रखा गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय बचत पत्र (एनएससी) पर भी ब्याज दर को 6.8 प्रतिशत पर कायम रखा है। वहीं पांच अन्य योजनाओं जिनपर मिलने वाली आय करयोग्य होती है, पर ब्याज दरों में 0.3% तक की वृद्धि की गई है। इस संशोधन के बाद डाकघर में तीन साल की जमा पर अब 5.8% ब्याज मिलेगा। अभी तक यह दर 5.5% थी। इस तरह चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में ब्याज दर में 0.3% की वृद्धि होगी।

# नवलखा को जेल से जसलोक अस्पताल ले जाने का आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को तलोजा जेल के अधीक्षक को निर्देश दिया कि वह एल्गार परिषद-माओवादी संपर्क केस से जुड़े मामले में बंद कार्यकर्ता गौतम नवलखा को इलाज के लिए तुरंत मुंबई स्थित जसलोक अस्पताल में स्थानांतरित करें। अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अपने मुवक्किल नवलखा के आंत के कैंसर से जूझने की जानकारी दी और उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत की जानकारी दी, जिसके बाद अदालत ने यह आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि चिकित्सकीय इलाज एक कैदी का मौलिक अधिकार है। न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की पीठ ने नवलखा की सहयोगी सबा हुसैन और उनकी बहन को भी उनसे अस्पताल में (शेष पेज 8)

# भारत में रिश्वत देने के आरोप में ओरेकल पर ठोका जुर्माना

- यूएस सिक्यूरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने एफसीपीए के उल्लंघन का दिया हवाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**यूएस** सिक्यूरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने 27 सितंबर को जानी-मानी टेक कंपनी ओरेकल पर फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेस एक्ट (एफसीपीए) का उल्लघंन कर भारत, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों रिश्वत देने के आरोप 23 मिलियन डॉलर (2.3 करोड़) का जुर्माना लगाया।

यह दूसरी बार है जब ओरेकल पर भारत में भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगा है। इससे पहले 2012 में एसईसी ने 2006-2008 भारत में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ अनुबंध के सिलसिले में भ्रष्टाचार में लिप्त होने के आरोप में ओरेकल पर जुर्माना किया था। एसईसी ने अपने 10 पन्नों के आदेश में कहा कि ओरेकल ने 2019 में भारतीय रेलवे के स्वामित्व वाली परिवहन फर्म को घूस देने के लिए 3,2,000 डालर (2.8 करोड़ रुपये) कोष बनाया था।

भारत में कंपनी के ऑपरेशन से संबंधित ब्योरा देते हुए एसईसी ने कहा कि रेल मंत्रालय की स्वामित्व वाली परिवहन कंपनी के साथ 2019 लेन-देन के सिलसिले में ओरेकल इंडिया के कर्मचारियों ने 'भारी डिस्काउंट स्कीम' का इस्तेमाल किया। बहरहाल, एसईसी के आदेश में रेल मंत्रालय के स्वामित्व वाली ट्रांसपोर्ट कंपनी के नाम का खुलासा नहीं किया गया।

# गुजरात में सबसे लंबी तटरेखा, लेकिन उपेक्षित रही: मोदी

- पिछले 20 सालों में भाजपा की सरकार ने इसे समृद्धि का द्वार बनाने का ईमानदारी से प्रयास किया


सूरत में रोड शो के दौरान जनता का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** भावनगर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि गुजरात के पास देश की सबसे लंबी तटरेखा होने के बावजूद आजादी के बाद दशकों तक इसके विकास पर ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन पिछले 20 सालों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इसे भारत की समृद्धि का द्वार बनाने के लिए ईमानदारी से प्रयास किया है।

उन्होंने कहा कि गुजरात में भाजपा की सरकार ने प्रचार-प्रसार पर खर्च किए बगैर ही गुजरात के तटीय इलाकों में कई बड़ी-बड़ी परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया। सौराष्ट्र क्षेत्र के भावनगर शहर स्थित जवाहर मैदान में 6,000 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि भाजपा जो वादे करती है, उन्हें पूरा भी करती हैं क्योंकि उसके लिए सत्ता जनता की सेवा का माध्यम है। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, गुजरात के पास देश की सबसे लंबी तटरेखा है लेकिन आजादी के बाद कई दशकों तक तटीय विकास पर ध्यान नहीं दिया गया। इस वजह से ए विशाल तटरेखा एक तरह से लोगों के लिए बड़ी चुनौती बन गई थी।

मोदी ने कहा कि समंदर का खारा पानी इस इलाके के लिए अभिशाप बना हुआ था और इस कारण समंदर के किनारे बसे गांव के गांव खाली हो गए थे। उन्होंने कहा कि पलायन कर लोग सूरत जाते थे और वहां दयनीय हालत में रहते थे। उन्होंने कहा, बीते दो दशकों में गुजरात की तटरेखा को भारत की समृद्धि का द्वार बनाने के लिए हमने ईमानदारी से प्रयास किया है। रोजगार के अनेक नए अवसर खड़े किए हैं। गुजरात में हमने अनेक बंदरगाह विकसित किए, बहुत से बंदरगाहों का आधुनिकीकरण कराया, गुजरात में आज तीन बड़े एलएनजी टर्मिनल हैं, पेट्रोकेमिकल के केंद्र हैं और देश में गुजरात पहला राज्य था, जहां पहला एलएनजी टर्मिनल बना था। ज्ञात हो कि मोदी 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उसके बाद से वह देश के प्रधानमंत्री हैं। मोदी ने कहा कि राज्य के तटीय इलाकों में स्थापित ऊर्जा संयंत्र ना केवल गुजरात बल्कि पूरे देश को ऊर्जा देते हैं। उन्होंने कहा, मछुआरे भाई-बहनों की मदद के लिए हमने मत्स्य बंदरगाह बनवाए, (शेष पेज 8)

# नोएडा में लागू होगी ढांचागत ऑडिट नीति

## क्रेडाई, आरडब्ल्यूए और नोफा ने दिए सुझाव, कहा- दो कैटेगरी में बनाई जाए पॉलिसी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश की पहली स्ट्रक्चरल ऑडिट पॉलिसी जल्द ही नोएडा में लागू होगी। इसको लेकर बुधवार को प्राधिकरण ने क्रेडाई, आरडब्ल्यूए और नोफा से सुक्षाव लिए।

नोएडा फेडरेशन अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन के प्रेजिडेंट राजीव सिंह ने बताया कि पॉलिसी दो कैटेगरी की हाईराइज सोसाइटी पर लागू होनी चाहिए। 10 साल तक की बिल्डिंग के लिए पहली पॉलिसी और 10 साल से ज्यादा पुरानी बिल्डिंग के लिए दूसरी पॉलिसी बनाई जाए। इसके पहले दोनों तरह की बिल्डिंग्स का एक डाटा बेस बनाना चाहिए।

सभी के सुझावों को सुनने के बाद प्राधिकरण ने इस पर विचार करने का फैसला लिया है। माना जा रहा है कि दिसंबर को होने वाली बोर्ड मीटिंग में पॉलिसी लागू करने पर फैसला लिया जाएगा। शहर में 400 सोसायटी हैं। इसमें 18 निर्माणाधीन हैं। इन सोसायटी में करीब 70 हजार फ्लैट बने हैं, जिनमें 2.5 लाख लोग रहते हैं। करीब 35 हजार फ्लैट निर्माणाधीन हैं।

**हाईराइज सोसाइटी में अवैध निर्माण पर सख्त है प्राधिकरण :** हाल ही में ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में प्राधिकरण की टीम ने सर्वे किया और लोगों को बताया कि आपने नक्शे के विपरीत कहा.कहा निर्माण किया है। ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में करीब 90 फ्लैट ऑनर को नोटिस जारी किए गए थे। इसको लेकर प्राधिकरण ने अवैध निर्माण हटाने के लिए 48 घंटे दिए है। हालांकि एओए ने माना कि जो भी अवैध निर्माण है उसे हटा लिया जाएगा।

प्राधिकरण के इस फैसले के बाद नोएडा की करीब 100 सोसाइटी और आरडब्ल्यूए के सेक्टरों में हलचल होने लगी है। जिन सोसाइटी और सेक्टरों में नक्शे के विपरीत निर्माण हुआ है उनको चिन्हित किया जाएगा और कार्यवाही की जा सकती है। प्राधिकरण ने इसके संकेत भी दिए है।


फाइल फोटो

### नई हाईराइज सोसाइटी के लिए के लिए सुझाव

- प्राधिकरण बिल्डर और बायर्स के बीच ट्राई समझौता करे।
- बिल्डर हाईराइज सोसाइटी बनाने से पहले उसकी लाइफ बताएगा।
- कंपलीशन सर्टिफिकेट जारी होने के बाद ऑडिट रिपोर्ट पांच नहीं, 10 साल तक के लिए मान्य हो।
- हाईराइज सोसाइटी के निर्माण के बाद थर्ड पार्टी ऑडिट कराया जाए। सर्टिफिकेट देने से पहले देखा जाए।

### 10 साल पुरानी हाईराइज सोसाइटी के लिए सुझाव

- पहले से बनी सोसायटी का स्ट्रक्चरल ऑडिट नहीं, बल्कि सर्वे कराया जाए।
- सर्वे किसी सरकारी एजेंसी से ही कराया जाए।
- सर्वे में जरूरत पड़ने पर ही स्ट्रक्चर ऑडिट कराया जाए।
- ढांचा ऑडिट का खर्च एओए दे। अगर एओए पैसा न दे तो प्राधिकरण दे।
- इसके बाद खर्च बिल्डर देगा। मरम्मत कराने पर इमारत खाली करवाया जाए।

## रवि शंकर छवि नोएडा के एडिशनल सीपी बने

**नोएडा।** शासन में 2007 बैच के आईपीएस अफसर रविशंकर छवि को गौतमबुद्ध नगर का अपर पुलिस आयुक्त नियुक्त किया है। रविशंकर छवि उत्तर प्रदेश पुलिस कैडर में उपमहानिरीक्षक हैं। वह अभी कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं में तैनात थे। उन्हें लव कुमार के स्थान पर गौतमबुद्ध नगर भेजा गया है।

रविशंकर छवि मूल रूप से बिहार में रोहतास जिले के रहने वाले हैं। वह भारतीय पुलिस सेवा में उत्तर प्रदेश कैडर के 2007 बैच के अधिकारी हैं। फ्लिहाल लखनऊ में कारागार प्रशासन विभाग में उपमहानिरीक्षक थे। इससे पहले कई जिलों में बतौर पुलिस अधीक्षक काम कर चुके हैं। लखनऊ, जौनपुर, बागपत, संभल और मुरादाबाद में काम कर चुके हैं। नोएडा के मौजूदा संयुक्त आयुक्त लव कुमार प्रतिनियुक्ति पर केंद्र चले गए हैं। उनके स्थान पर रविशंकर छवि को गौतमबुद्ध नगर का अपर आयुक्त बनाकर भेजा गया है। लव कुमार भी बतौर अपार आयुक्त गौतमबुद्ध नगर भेजे गए थे।

## संक्षिप्त समाचार


गाजियाबाद आगमन पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का सम्मान करते यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी के सीएमडी डॉ. पी एन अरोड़ा।


गाजियाबाद वैशाली स्थित मैक्स अस्पताल में केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह हार्ट कमांड सेंटर का उद्घाटन करते हुए।

### मैक्स ने किया हार्ट कमांड सेंटर का उद्घाटन

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वैशाली स्थित मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में बृहस्पतिवार को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री, जनरल वीके सिंह ने हार्ट कमांड सेंटर के साथ नए इमरजेंसी रूम का उद्घाटन किया। इस अवसर प गाजियाबाद के डीएम राकेश कुमार सिंह भी मौजूद थे। इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, वैशाली के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट (ओ) और यूनिट हेड डॉ गौरव अग्रवाल और कार्डियोलॉजी के निदेशक डॉ. अमित मलिक, डॉ. गौरव मिनोचा, डॉ. समीर कुब्बा और डॉ. धीरज नायर प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# गाजियाबाद में 12 संदिग्धों से पूछताछ, अब होगी निगरानी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

केंद्र सरकार की तरफ से पीएफआई पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद तमाम जगह इससे जुड़े लोगों लोगों की धरपकड़ को जगह-जगह छापेमारी की जा रही है। इसी कड़ी में गाजियाबाद के थाना भोजपुर इलाके के गांव कलछीना में भी 12 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया, जिनसे कुल 46 बिंदुओं पर गहन जानकारी ली गई।

जानकारी डोजियर में दर्ज करने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया, लेकिन अब इनकी निगरानी के लिए टीम सतर्क कर दी गई है।

# एटीएस, सुपरटेक को 332.58 करोड़ का नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**● यमुना प्राधिकरण ने दो सप्ताह में राशि जमा कराने के दिए निर्देश**

यमुना प्राधिकरण ने एटीएस व सुपरटेक बिल्डर के खिलाफ 332.58 करोड़ का नोटिस जारी किया है। दोनों बिल्डरों को यह राशि दो सप्ताह में जमा करानी होगी। राशि जमा न कराने पर प्राधिकरण बिल्डरों को आवंटित भूखंड में से व्यावसायिक व संस्थागत उपयोग की भूमि की लीज डीड निरस्त कर अपनी रकम की भरपाई करेगा। इसके साथ प्राधिकरण ने संस्थागत श्रेणी के 13 आवंटियों को भी नोटिस जारी किया है।

सुपरटेक व एटीएस बिल्डर ने आवंटित भूखंड से प्रभावित किसानों को 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा राशि वितरण के लिए भुगतान नहीं किया है। जबकि किसान अतिरिक्त मुआवजा राशि के लिए प्राधिकरण पर लगातार दबाव बना रहे हैं।

प्राधिकरण ने नोटिस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया है, जिसके अंतर्गत सुप्रीम कोर्ट के इलाहाबाद हाइकोर्ट के उस फैसले को निरस्त कर दिया था, जिसमें आवंटियों से 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा राशि वसूलने के शासनादेश का रद किया गया था। इलाहाबाद हाइकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए यमुना प्राधिकरण ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष याचिका दायर की थी। दो साल के इंतजार के बाद जुलाई में सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया था।

यमुना प्राधिकरण ने सुपरटेक बिल्डर को सेक्टर 17 ए में सौ एकड़ जमीन आवंटित कर रखी है।

# गाजियाबाद में बेटी ने पिता को मार डाला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**● प्रेम संबंध में बाधक बनने पर किशोरी ने प्रेमी के साथ वारदात को दिया अंजाम**

गाजियाबाद में 22 सितंबर को हुई महिला स्वास्थ्यकर्मी के वृद्ध पति की हत्या का पुलिस ने गुरुवार को खुलासा कर दिया। वृद्ध की हत्या गोद ली हुई 14 वर्षीय बेटी और उसके बॉयफ्रेंड ने की थी। प्रेम संबंधों में मृतक बाधक बन रहा था। दोनों ने रस्सी से हाथ.पैर बांधे और रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात करके दोनों महाराष्ट्र भाग गए थे, जहां से पुलिस उन्हें पकड़ लाई। दोनों की दोस्ती फायर फ्री गेम एप्लीकेशन पर हुई थी।

कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर.चार में 58 वर्षीय अनिल सक्सेना रहते थे। उनकी पत्नी पिंकी दिल्ली के मलेरिया विभाग में कार्यरत थीं। 22 सितंबर की शाम पिंकी जब फ्लैट पर पहुंची तो अनिल की लाश बेडरूम में पड़ी मिली। उनके हाथ.पैर पर रस्सी और टेप बंधी थी। रस्सी से गला घोंटा गया था। पिंकी ने इस मामले में 14 वर्षीय बेटी पर शक जाहिर किया था जो वारदात के बाद से गायब थी। पुलिस ने कैमरे देखे तो पिंकी की बेटी एक संदिग्ध युवक के साथ जाती हुई दिखी। आखिरकार पुलिस ने 14 वर्षीय लड़की और उसके बॉयफ्रेंड को महाराष्ट्र के जलगांव से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने हत्या की बात स्वीकारी है। पकड़े गए बॉयफ्रेंड का नाम राहुल कपूर चंद है। 23 वर्षीय राहुल महाराष्ट्र में जलगांव जिले के ग्राम धानवाड़ का रहने वाला है। बकौल राहुल, 7.8 महीने पहले फ ायर फ्री गेम पर उसकी दोस्ती अनिल सक्सेना की 14 वर्षीय बेटी से हुई थी। बाद में दोनों की इंस्टाग्राम और फिर वॉट्सएप पर बातचीत शुरू हो गई। कभी.कभी वे गूगल मीट के जरिये भी बात करते थे। अनिल सक्सेना को ये बात पता चल गई। वे इसका विरोध करते थे। उनकी बेटी ये बात अपने बॉयफ्रेंड को बताती थी।

## युवक की हत्या कर फरार हुए आरोपी

**गाजियाबाद।** मुरादनगर थाना क्षेत्र में रावली रोड पर स्थित बंग्लादेशियों, असमियों द्वारा बनाई गईं झुग्गी, झोंपड़ी की बस्ती में बीती रात हुई एक सनसनीखेज आपराधिक वारदात के दौरान एक करीब 21 वर्षीय युवक की नृशंस हत्या कर दी गई।

पुलिस के मुताबिक हत्या करने के बाद हत्यारे अपनी झुग्गी छोडकर भाग गये। इस वारदात की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची मुरादनगर थाना पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिये थे।

# महागुन मैस्कट सोसाइटी में जमकर चले लाठी-डंडे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद की एक सोसायटी में बृहस्पतिवार को एओए में वर्चस्व को लेकर जमकर लाठी डंडे चले। आरोप है कि एओए में चार साल तक काबिज रहा गुट मेंटेनेंस एजेंसी बदलना चाहता है, जबकि वर्तमान एओए इसका विरोध कर रही है। मामला क्रासिंग रिपब्लिक की महागुन मैस्कट सोसायटी का है।

वर्चस्व को लेकर बृहस्पतिवार दोपहर बाद बाउंसर बुलाए गएए जिन्होंने गार्ड और लोगों से गेट पर मारपीट की। वीडियो में दिख रहा है कि गेट के दोनों ओर खड़े लोग एक दूसरे को डंडे मारते दिख रहे हैं।

इस दौरान एक पुलिसकर्मी भी घटनास्थल पर दिख रहा है, जो लोगों को शांत कराने के बजाय वीडियो बना रहा है। सीओ कोतवाली नगर ने बताया कि विजयनगर थाना क्षेत्र की महागुन सोसाइटी में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में स्थानीय पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है, अन्य को चिह्नित किया जा रहा है।

# श्रीकांत त्यागी मामले की सीबीआई जांच हो

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**● नोएडा भाजपा अध्यक्ष ने सीएम को पत्र लिखकर की मांग**

श्रीकांत त्यागी मामले में बृहस्पतिवार को नया मोड़ आया जब नोएडा भाजपा अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर सीबीआई जांच कराने की मांग की है। पत्र में लिखा कि इस प्रकरण के बहाने विपक्षी पार्टियां सांसद डॉ महेश शर्मा के खिलाफ साजिश कर रही है।

मनोज गुप्ता ने पूरे मामले से सांसद को अनभिज्ञ करार दिया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि सांसद अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाह करने के लिए दो बार ग्रैंड ओमेक्स हाउसिंग सोसायटी गए थे। दरअसल, दो.तीन दिन पहले श्रीकांत त्यागी की पत्नी अनु त्यागी ने अपनी और परिवार की जान को सांसद से खतरा बताते हुए एक वीडियो जारी किया।

इस वीडियो पर मनोज गुप्ता ने कहा है कि यह सांसद की छवि खराब करने की कोशिश है। जो भी अवैध निर्माण को लेकर बात है वह सोसायटी के लोग आपस में एक दूसरे की शिकायत करते आ रहे है। इसी के चलते प्राधिकरण ने नोटिस जारी किए। इसका सांसद से क्या लेना देना। विपक्षी पार्टियां इस मामले को तूल दे रही है। ऐसे में इसकी सीबीआई जांच कराई जाए। या किसी स्वतंत्र एजेंसी से मामले की जांच कराई जाए।

## जमानत नहीं मिली, 17 अक्टूबर को सुनवाई

**नोएडा।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने श्रीकांत त्यागी की जमानत नहीं दी है और आगे की सुनवाई के लिए 17 अक्टूबर की तारीख तय की है। कोर्ट ने सरकार को भी तीन हफ्ते में काउन्टर एफिडेविट फाइल करने को कहा है। नोएडा के सेक्टर.93बी स्थित ग्रैंड ओमेक्स सोसायटी में श्रीकांत त्यागी ने एक महिला के साथ अशोभनीय बर्ताव किया था। उस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया था।

## मांगेराम त्यागी समेत 70 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

श्रीकांत त्यागी की बीवी अनु त्यागी के समर्थन में धरना प्रदर्शन देने पर मांगेराम त्यागी समेत 70 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। इन सभी लोगों के खिलाफ ग्रैंड ओमेक्स हाउसिंग सोसायटी के बाहर प्रदर्शन करने के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ है। धारा 144 लागू होने के बावजूद मांगेराम त्यागी और उसके समर्थकों ने जिले में धरना प्रदर्शन दिया। मांगेराम त्यागी 2 दिन पहले नोएडा आए थे और श्रीकांत की बीवी के पक्ष में हंगामा किया था।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Vaibhav Bhutani is the owner of Property bearing No. 10/113, area measuring 100 Sq., Yds., in Block 10, out of Khasra No. 764 Min, Situated in the area of Village Chandrawali, @ Shahdara, New Delhi vide Gift Deed dated 23.10.2007, Doc No. 10681. All persons are hereby informed that M/s Shree Krishna Industries wants to mortgage the said property and intend to obtain a loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public that Mrs. Meenu Singhal is owners of Residential Property Bearing No. 305, (area measuring 180 sq. mtrs), in Block-C, Sushant Lok, Phase -I, Villages-Sarhaul, Chakkarpur, Silokhra, Kanhai, Sukhrali, Tehsil-Wazirabad, Distt. Gurugram, Haryana the said property by virtue of Sale deed dated 11.12.2020, registration No. 5359, executed by 1-Mrs. Shipra Sachdeva forself and attorney of Mr. Kunal Bhatia 2-Mrs. Bhawna Sharma and 3- Mr. Harsh Agrawal and Mr. J. C. Agrawal, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell Entire Ground floor without roof rights, of the said property to Mr. Vishal Sharma or his nominee, who is taking Loan for purchase of for the same from ICICI Bank Ltd., if anybody has any objection/s upon the ownership of Mrs. Meenu Singhal in respect of the said property its sale/Mortgage/ litigation, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

सार्वजनिक सूचना

कि सर्वजन को विदित हो कि मैसर्स स्टर्लिंग मोटर कम्पनी, जिसकी वर्कशॉप पहले 14/2, मथुरा रोड, फरीदाबाद (एचआर) और जीपी-11, सेक्टर-18, एचएसआईआईडीसी इंडस्ट्रियल एस्टेट, गुरुग्राम (एचआर) में थीं और वाहनों की मरम्मत तथा वाहनों का बॉडी जॉब वर्क किया जाता था। निम्नवर्णित वाहन परिसर/वर्कशॉप के भीतर मालिक को इन्हें उठाने के संबंध में नियमित सूचनाओं के बावजूद काफी लम्बे समय से लावारिस और परित्यक्त के तौर पर स्क्रैप की तरह पड़े हैं। अब मैसर्स स्टर्लिंग मोटर कम्पनी इन लावारिस वाहनों/स्क्रैप की देखभाल करने और इनकी देखभाल में समय और पैसा खर्च करने में असमर्थ है। अतः इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से, निम्नवर्णित वाहनों के मालिकों से अपने वाहन, उसका मालिक होने का प्रमाण, जॉब कार्ड आर्डर दिखाकर, और सभी बकाया मरम्मत बिल्स वगैरह, पार्किंग चार्जेज का पूर्ण भुगतान करके वर्कशॉप/परिसर से, इस सूचना की तिथि से 7 दिन के भीतर, उठाने हेतु अंतिम बार मांग की जाती है और उसके बाद मैसर्स स्टर्लिंग मोटर कम्पनी किसी भी प्रकार की किसी भी जिम्मेदारी के लिए जवाबदेह नहीं होगी और अपनी बकाया राशि वसूल करने के लिए लावारिस वाहन/स्क्रैप का निपटान करने हेतु स्वतंत्र होगी।

वाहनों एवं मालिकों का विवरण :
1. रजिस्ट्रेशन नंबर : एचआर26बीएक्स2428 मालिक का नाम : सैगप्लान कंसल्टिंग प्रा. लि.
2. रजिस्ट्रेशन नंबर : डीएल12सी5996 मालिक का नाम : महिन्द्रा ऐंड महिन्द्रा लि.

वास्ते स्टर्लिंग मोटर कम्पनी
दिनांकित : 30 सितम्बर, 2022 प्रशा. प्रबंधक (9910697060)

परिशिष्ट IV A
नियम 8(6) का नियम देखे
अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स कमर्शियल क्रेडिट लिमिटेड (CIN:U65923DLC2006PLC150632) (सुरक्षित लेनदार द्वारा)** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **31.10.2022** को दोपहर **02.00 से 04.00** बजे तक **''जहां है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है''**, की वसूली के लिए **रू.3,44,74,257/- (रुपए तीन करोड़ चवालीस लाख चौहत्तर हजार दो सौ सत्तावन मात्र)** ऋण खाता नं. **HLLADMT00318649 के लिए 20.09.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **21.09.2022** से प्रभावी जो, **अविनाश कुमार पुंजानी, मुकेश पुंजानी और सरोज बाला पुंजानी के साथ पुंजानी चिट्स प्राइवेट लिमिटेड (कॉर्पोरेट गारंटर)** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

उक्त संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य रू. **4,06,00,000/- (रुपए चार करोड़ छ लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रू. 40,60,000/ - (रुपए चालीस लाख साठ हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य का **10%** के बराबर होगा।

अचल संपत्ति का वर्णन

**प्लॉट नं. S-10, मापित एरिया 180.5 स्के.यार्ड, खसरा नं. 301/1 के ब्लॉक -एस में, अजय एनक्लेव से पहचाने जाने वाली कॉलोनी में, गाँव तेहर के रेवेन्यु एस्टेट में स्थित, दिल्ली-110018, दिल्ली म्युनिसीपल कॉर्पोरेशन की सीमा के अंतर्गत और प्लॉट जो निम्ननुंसार परिबद्ध है।**
**पूर्व: प्लॉट नं. एस-9 पश्चिम: प्लॉट नं. एस-11**
**उत्तर: सर्विस लेन दक्षिण: रोड 15'**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट में दिए गए लिंक यानि www.indiabullscommercialcredit.com देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही/-
दिनांक: 26.09.2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : नई दिल्ली इंडियाबुल्स कमर्शियल क्रेडिट लिमिटेड

परिशिष्ट IV A
नियम 8(6) का नियम देखे
अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड(CIN:L65922DL2005PLC136029) (सुरक्षित लेनदार द्वारा )** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **31.10.2022** को दोपहर **02.00 से 04.00** बजे तक **''जहां है'', ''जैसा है'' और ''जो कुछ भी है'',** की वसूली के लिए **रू.4,94,57,082/- (रुपए चार करोड़ चौरानवे लाख सत्तावन हजार बयासी मात्र)** ऋण खाता नं. **HHLGRG00419145** के लिए **24.09.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **25.09.2022** से प्रभावी जो **मधुसूदन पारिख और माधवी पारिख** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

उक्त संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रू.5,00,00,000 /- (रुपए पाँच करोड़ मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रू.50,00,000/ - (रुपए पचास लाख मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य का **10%** के बराबर होगा।

अचल संपत्ति का वर्णन

**अपार्टमेंट नं. MGE TW-01/32B , सुपर एरिया मापित लगभग 4944 स्के.फीट (459.31 स्के. मी.), गोल्फ एस्टेट टॉवर -1 M3M गोल्फ एस्टेट के लेवल 32 पर, फेयरवे वेस्ट सेक्टर 65 में स्थित ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी में, गुरुग्राम -122001, हरियाणा, तीन विशेष कार पार्किंग के साथ।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट में दिए गए लिंक यानि www.indiabullshomeloans.com को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

दिनांक: 27.09.2022 सही/-
स्थान : गुरुग्राम प्राधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अजय ग्रोवर, सतनाम ग्रोवर, 741, पाकेट-ई, मयूर विहार फेज-II, नई दिल्ली, दिल्ली-110091 खाता नंबर :- LBDEL00001916232 | ई-1506, एसोटेक विंडसर कोर्ट, जीएच-04 ए, सेक्टर-78, नोएडा, उत्तर प्रदेश, गौतमबुद्ध नगर | 08-08-2022 रू. 43,22,187/- | 16-04-2022 |
| 2. | आशा गुप्ता, लीला देवी, एच नंबर 361, पाकेट-ई 19, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-110085 खाता नंबर :- LBDEL00000946884 | एच नंबर 361, ब्लॉक-ई, पाकेट-19, रोहिणी आवासीय स्कीम, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली | 08-08-2022 रू. 1,89,443/- | 06-04-2022 |
| 3. | हरप्रीत कौर, जसवंत सिंह, लैट नंबर डब्ल्यू-1/502, लाइफस्टाइल होम्स, वाटिका इंडिया नेक्स्ट, सैक्टर-83, हरियाणा, गुरूग्राम-122004 खाता नंबर :- LBDEL00003197802 | फ्लैट नंबर 502, 5वां तल, टावर डब्ल्यू 1, लाइफस्टाइल होम्स, 33 ए, होम्स एवेन्यू, वाटिका इंडिया नेक्स्ट, सेक्टर-83, हरियाणा, गुरूग्राम | 08-08-2022 रू. 54,08,975/- | 08-05-2022 |
| 4. | जयदीप गोयल, वीनू गोयल, सी-2, डिवाइन पार्क व्यू अपार्टमेंट्स, अभय खंड-3, इंदिरापुरम शिप्रा सन सिटी, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद-201014 खाता नंबर :- LBNOD00003098547 | फ्लैट नंबर 1206, टावर एफ, 12वां तल, बुलंद एलीवेट्स, प्लॉट नंबर जीएच-03ए, सेक्टर-16 सी, उत्तर प्रदेश, नोएडा | 08-08-2022 रू. 42,74,024/- | 04-05-2022 |
| 5. | जय पौडियाल, सुरभि पौडियाल, ए-3/112, द्वितीय तल, सेक्टर-11, रोहिणी, दिल्ली-110085 खाता नंबर :- LBDEL00004303684 | फ्लैट नंबर 701, 7वां तल, टावर-9, गोवा पैराडाइज, रियो डि गोवा, ब्लॉक-9, सर्वे नंबर 215/1, सैनकेओल मोर्मुगाओ, गोवा, मरगांव | 08-08-2022 रू. 45,33,233/- | 21-05-2022 |
| 6. | मोहित कोहली, अर्पिता घूपार, 14 भू तल, डी 01 ब्लॉक साउथ सिटी 02, सोहना रोड, हरियाणा, गुरूग्राम-122018 खाता नंबर :- LBGUR00003216356 | फ्लैट नंबर 2408, 24वां तल, टावर-5, ग्राम बादशहपुर, सेक्टर-68, हरियाणा, गुरूग्राम | 08-08-2022 रू. 34,14,444/- | 06-05-2022 |
| 7. | नीरजा शर्मा, विनय कुमार, 504, वृंदावन गार्डन सेक्टर-5, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद-201010 खाता नंबर :- LBNOD00002198890 | ई-201, द्वितीय तल, टावर-ई, ऑफीसर सिटी, एनएच-58, राज नगर एक्सटेंशन, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद | 08-08-2022 रू. 29,07,743/- | 06-05-2022 |
| 8. | पंकज भाटी, शशि भाटी, लैट विला ओ बिल्डिंग 821 रोड 824 आरडी नाम आर824 824 ब्लॉक 608, ब्लॉक वादियां गव 0 बहरीन मनामा 973 खाता नंबर :- LBFDB00005183729 | यूनिट नंबर बी, छठा तल, टावर-4, सेक्टर-86, दि ओजोन पार्क अपार्टमेंट्स, ग्राम बासेलवा, तिगांव रोड, हरियाणा, फरीदाबाद | 08-08-2022 रू. 40,17,484/- | 06-04-2022 |
| 9. | रवीन्द्र सिंह, किरण, मकान नंबर 864, सेक्टर-64, बल्लभगढ़, हरियाणा, फरीदाबाद-121004 खाता नंबर :- LBFDB00005322484 | सम्पत्ति मकान नंबर 1088/एलआईजी-1 ए, सेक्टर-62, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, हरियाणा, फरीदाबाद | 08-08-2022 रू. 26,56,783/- | 09-05-2022 |
| 10. | रोहित भारद्वाज, शिवानी, 1014, चार्म्स सॉलिटेयर, अहिंसा खंड 2, इंदिरापुरम, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद-201014 खाता नंबर :- LBDEL00005234578 | फ्लैट नंबर 904, 9वां तल, ब्लॉक नंबर 01, टाइप ट्यूलिप, चार्म्स सॉलिटेयर, खसरा नंबर 519 एम एवं 537, ग्राम मोहिउद्दीनपुर, कनावनी, इंदिरापुरम, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद | 08-08-2022 रू. 42,91,340/- | 11-04-2022 |
| 11. | सुमन चावला, मनोज कुमार चावला, 151, गीता अपार्टमेंट्स, ब्लॉक 17, गीता कालोनी, ईस्ट दिल्ली, दिल्ली-110031 खाता नंबर :- LBDEL00004364956 | फ्लैट नंबर 602, छठा तल, टावर सीएस-7, केप टाउन जीएच-01/ ए, सेक्टर-74, नोएडा, उत्तर प्रदेश, गौतमबुद्ध नगर | 08-08-2022 रू. 42,87,760/- | 06-04-2022 |
| 12. | विनोद हंस, शिप्रा हंस, ए 5/63, सेक्टर-16, रोहिणी, भू तल, दिल्ली, दिल्ली-110085 खाता नंबर :- LBDEL00004132346 | प्लॉट नंबर 39, प्रथम तल, छत का अधिकार नहीं, सेक्टर-25, पाकेट-02, रोहिणी रेजीडेंशियल स्कीम, रोहिणी, दिल्ली | 08-08-2022 रू. 39,83,706/- | 06-05-2022 |
| 13. | टी धीर, हेमा, बी-151 ए, भू तल, पुल पहलादपुर, नई दिल्ली, दिल्ली-110044 खाता नंबर :- LBDEL00004132346 | फ्लैट नंबर एल-1/222 बी, डीडीए लैट, प्रथम तल, कालकाजी, दिल्ली | 09-07-2022 रू. 43,89,403/- | 30-09-2019 |
| 14. | गौरव कौशिक, बीनू शर्मा, पुरूषोत्तम दास, टीआईएफ डिजिटल प्रा. लि., एच नंबर 1504, सेक्टर-21, गुरूग्राम, गुरूग्राम-122016 खाता नंबर :- LBGUR00004412343 | प्लॉट नंबर 1504, सेक्टर-21, गुरूग्राम | 09-07-2022 रू. 45,18,073/- | 15-10-2019 |
| 15. | सुमित गुलाटी, पूनम गुलाटी, प्लॉट नंबर बी-47, भू तल, संजय एन्क्लेव, उत्तम नगर, नई दिल्ली, दिल्ली-110059 खाता नंबर :- LBDEL00002887786 | 201, द्वितीय तल, सी अपेक्स गोल्फ एवेन्यू, प्लॉट नंबर जीएच-3, स्पोर्ट्स सिटी, टेकजोन सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 09-07-2022 रू. 33,35,102/- | 05-04-2022 |
| 16. | रवीन्दर दहिया, शिखा, एच नंबर 532 बी, ग्राम मडाना, सोनीपत, हरियाणा, सोनीपत, खाता नंबर :- LBDEL00002421129 | फ्लैट नंबर 1104, 11वां तल, टावर एच केडीपी, ग्रैंड सवाना केएच नंबर 966 से 971, ग्राम नूरनगर, परगना लोनी, तहसील, गाजियाबाद | 09-07-2022 रू. 31,48,948.08/- | 06-04-2022 |
| 17. | मंजू बाला यादव, रंजू बाला यादव, सी-4/169, द्वितीय तल, सेक्टर-6, रोहिणी, दिल्ली, दिल्ली-110085 खाता नंबर :- LBDEL00004903860 LBDEL00004932648 | प्लॉट नंबर 285, भू तल, छत का अधिकार नहीं, सेक्टर-25, पाकेट-4, रोहिणी रेजीडेंशियल स्कीम, रोहिणी, दिल्ली | 06-08-2022 रू. 26,07,874.82/- रू. 10,22,320/- | 06-05-2022 |
| 18. | सुरेन्द्र राव मालवे, दुर्गा मालवे, जी-27/165, भू तल, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली, दिल्ली-110085 खाता नंबर :- LBDEL00005680801 LBDEL00005680802 | प्लॉट नंबर 226, द्वितीय तल, छत का अधिकार नहीं, ब्लॉक जी, पाकेट 26, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली | 06-08-2022 रू. 30,09,950/- रू. 13,32,068/- रू. 6,00,994.05/- | 06-05-2022 |
| 19. | विनोद कुमार शर्मा, सुकृति शर्मा, डब्ल्यूजैड-122 ए, मीनाक्षी गार्डन, दिल्ली, दिल्ली-110018 खाता नंबर :- LBDEL00003442545 LBDEL00005314217 LBDEL00003957823 | प्लॉट नंबर 72, ब्लॉक सी, सेक्टर-2, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा | 11-07-2022 रू. 37,23,516/- रू. 6,05,201.05/- | 03-02-2022 |
| 20. | गौरव अग्रवाल, ममता अग्रवाल, एफ-232, द्वितीय तल, मंगल बाजार, लक्ष्मी नगर, दिल्ली, दिल्ली-110092 खाता नंबर :- LBNOD00002891909 LBGHZ00002892455 | अपा. नंबर 1815, 18वां तल, टावर ओम महागुन मंत्रा, प्लॉट नंबर जीएच 01 बी, सेक्टर-10, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 11-07-2022 रू. 30,85,639/- रू. 2,27,635.87/- | 30-09-2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 30 सितम्बर, 2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# वार्डों के परिसीमन पर आप को भी ऐतराज

## कांग्रेस के बाद सत्ताधारी पार्टी ने निगम की सीटों के कम होने पर चुनाव आयोग को सौंपी आपत्तियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



निगम परिसीमन समिति के चेयरमैन विजय देव को आपत्तियां देने के बाद आप विधायक दुर्गेश पाठक और सौरभ भारद्वाज।

निगम वार्डों के परिसीमन को लेकर राजनीतिक दलों में भारी असंतोष है। प्रदेश कांग्रेस के बाद आम आदमी पार्टी ने मौजूदा परिसीमन पर ऐतराज जताया है। दोनों पार्टियों ने परिसीमन मसौदा पर सवाल उठाते हुए कहा कि 272 वार्डों की संख्या कम करके 250 वार्ड निर्धारित किए गए उसमें सिर्फ 22 विधानसभाओं में परिसीमन हो सकता था।

परंतु ड्राफ्ट परिसीमन को देखने के बाद सामने आया कि परिसीमन सभी 70 विधानसभाओं में मनमाने ढ़ंग से, बिना तर्क के पूरी तरह से भाजपा को फायदा पहुँचाने के लिए प्रक्रिया अपनाई गई है। जिसके कारण कुछ वार्डों की आबादी 35 हजार तो कुछ की 93 हजार से अधिक है।

राज्य चुनाव आयोग ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के विधायक को स्थानीय पदाधिकारियों के साथ परिसीमन मसौदा रिपोर्ट पर चर्चा करने और अपनी टिप्पणियों और आपत्तियों को तैयार करने के लिए कहा है।

ऐसे में आम आदमी पार्टी के विधायकों का प्रतिनिधि मंडल बृहस्पतिवार को वार्डों के परिसीमन के बारे में प्रारंभिक सुझाव और आपत्तियां परिसीमन आयोग को सौंपी है। इसके अनुसार वार्डों की संख्या 272 से घटाकर 250 करने के एकल आदेश के साथ परिसीमन समिति का गठन किया गया था। समिति को 22 वार्डों को कम करने की आवश्यकता थी और इसका एकमात्र सही तरीका उन विधानसभा क्षेत्रों की पहचान करना था, जिनमें 4 से 7 वार्ड थे। उस विधानसभा क्षेत्र के शेष वार्डों में वहां की आबादी को समान रूप से वितरित करके उनमें से प्रत्येक में 1 वार्ड कम करना था। इसका मतलब है कि यदि किसी विधानसभा क्षेत्र में मूल रूप से 6 वार्ड थे तो समिति द्वारा इसे घटाकर 5 किया जाना चाहिए। यदि किसी विधानसभा क्षेत्र में 4 वार्ड हैं, तो परिसीमन के बाद 3 वार्ड होने चाहिए। ऐसे में इन 22 विधानसभा क्षेत्रों को छोड़कर किसी अन्य विधानसभा क्षेत्र में बदलाव करने की जरूरत नहीं थी।

● कुछ वार्डों की आबादी 35 हजार तो कुछ की 93 हजार से अधिक : सौरभ

इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ अनिल कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने निगम परिसीमन समिति के चैयरमेन विजय देव से मुलाकात कर दिल्ली नगर निगम के वार्ड परिसीमन पर अपनी पार्टी की ओर से आपत्ति और सुझाव दिए थे। कांग्रेस का कहना है कि निगम वार्ड परिसीमन अधिसूचना में प्रति वार्ड जनसंख्या औसतन 65 हजार तथा वार्ड में 10 प्रतिशत जनसंख्या कम या अधिक हो सकती है। स्पष्ट होने के बावजूद जब परिसीमन ड्राफ्ट सार्वजनिक हुआ तो उसमें 72 वार्ड ऐसे है जहां यह नियम लागू ही नहीं हुआ है। ड्राफ्ट में हैरानी की बात यह रही कि 32 वार्ड ऐसे बनाए गए हैं जिनकी जनसंख्या 80 हजार से अधिक है और 80 वार्डों में औसत जनसंख्या से 10 प्रतिशत से भी कम जनसंख्या है। परिसीमन समिति ने सबसे कम जनसंख्या 35,509 का वार्ड किसी आधार पर बनाया है। यह समझ से परे है।

# वायु प्रदूषण से निपटने की योजना कल से लागू होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए एक बेहतर चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्रवाई योजना (जीआरएपी) को एक अक्टूबर से लागू कर दिया जाएगा। पहले जीआरएपी को 15 अक्टूबर से अमल में लाया जाना था। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि इस वर्ष अग्रिम कार्रवाई से गंभीर प्रदूषण की समस्या में कमी आएगी।

जीआरएपी दिल्ली और आसपास के इलाकों में हालात की गंभीरता के अनुरूप वायु प्रदूषण रोधी उपायों का एक समूह है। दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता के प्रबंधन के लिए जीआरएपी को अग्रिम तिथि से लागू करने का निर्णय लेने के वास्ते अगस्त 2021 में स्थापित वैधानिक निकाय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने जनता व विशेषज्ञों के उन सुझावों पर विचार किया है, जिसमें कहा गया है कि अग्रिम कार्रवाई से वायु गुणवत्ता को बेहद खराब होने से रोका जा सकता है।

इससे पहले, अधिकारी प्रदूषक तत्वों पीएम 2.5 और पीएम10 के एक विशेष सीमा को छूने के बाद ही उपायों को लागू करते थे। इस बार, प्रतिबंध पीएम2.5 और पीएम10 के स्तर के बजाय वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) की स्थिति पर आधारित होंगे।

● पंद्रह दिन पहले ही प्रतिबंधों को अमल में लाने से मिलेंगे बेहतर परिणाम : विशेषज्ञ

विज्ञान और पर्यावरण केंद्र में स्वच्छ वायु कार्यक्रम के वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक विवेक चट्टोपाध्याय ने कहा कि हालात बिगड़ने से पहले उठाए गए रोकथाम संबंधी कदम से वायु गुणवत्ता को अचानक खराब होने से बचा जा सकता है, जब तक कि मौसम की परिस्थितियां बहुत प्रतिकूल नहीं हों।

ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र के विश्लेषक सुनील दहिया ने उम्मीद जताई कि अग्रिम कार्रवाई से वायु गुणवत्ता के बेहद खराब होने की घटनाओं में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान और सभी हितधारकों के साथ संवाद से ही पराली जलाने जैसी समस्याओं का समाधान होगा।

# यौन उत्पीड़न के मामलो में एचआईवी जांच जरूर करें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग ने यौन उत्पीड़न के मामलों में पीड़ितों के पहली बार अस्पताल जाने पर उनकी अनिवार्य रूप से एचआईवी जांच करने का सुझाव दिया है। आयोग ने पाया है कि कई अस्पताल यौन उत्पीड़न के सभी मामलों में पीड़ितों की एचआईवी जांच नहीं कर रहे हैं, जिसके मद्देनजर यह सुझाव दिया गया है।

डीसीडब्ल्यू ने दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग को एक नोटिस जारी कर पीड़ितों और अभियुक्तों की एचआईवी जांच किए जाने के मामलों की संख्या और पीड़ितों में एचआईवी के संचरण को रोकने के लिए अपनाए जा रहे कदमों व मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के बारे में जानकारी मांगी थी। आयोग ने कहा कि प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, यह देखा गया है कि कई अस्पताल यौन उत्पीड़न के मामलों में सभी पीड़ितों की एचआईवी जांच नहीं कर रहे। डीसीडब्ल्यू ने दीपचंद बंधु अस्पताल का हवाला दिया, जहां यौन उत्पीड़न के 180 मामलों में पीड़ितों की मेडिकल जांच तो की गई, लेकिन कुछ ही मामलों में एचआईवी जांच हुई।

आयोग ने कहा, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अस्पताल और राव तुलाराम अस्पताल ने बलात्कार पीड़ितों की एचआईवी जांच के संबंध में आंकड़े रखे ही नहीं। इसके अलावा, अस्पतालों ने अधिकांश पीड़ितों की अनुवर्ती एचआईवी जांच और परामर्श, जो तीन और छह महीने के बाद किया जाना चाहिए, उसके आंकड़े भी नहीं रखे। आयोग ने यह दावा भी किया कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, राव तुला राम अस्पताल और जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ने कहा कि उनके पास पीड़ितों की अनुवर्ती जांच के बारे में आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। केवल दो अस्पतालों, आचार्य श्री भिक्षु राजकीय अस्पताल और पश्चिम जिले के गुरु गोबिंद सिंह सरकारी अस्पताल ने सूचित किया है कि दिल्ली पुलिस ने उन्हें आरोपी की एचआईवी स्थिति के बारे में जानकारी प्रदान की है। आयोग ने सुझाव दिया है कि सरकार और पुलिस को यौन उत्पीड़न के शिकार लोगों की तत्काल निवारक देखभाल व एचआईवी का उपचार सुनिश्चित करना चाहिए।

● डीसीडब्ल्यू ने कहा कि सभी मामलों में अस्पताल नही कर रहे हैं जांच, जिसके मद्देनजर दिया गया सुझाव

# जलस्तर घटने के बावजूद, यमुना खतरे के निशान से ऊपर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



यमुना का जलस्तर थोड़ा कम हुआ है लेकिन यह अब भी खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर है। इसके चलते प्रभावित लोगों को नदी के तटीय निचले इलाकों में अपने-अपने घरों में लौटने के लिए कुछ दिन और प्रतीक्षा करनी होगी।

केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के अनुसार, यमुना में बुधवार को सुबह सात बजे जल स्तर 206.59 मीटर था जो बृहस्पतिवार सुबह नौ बजे तक घटकर 205.37 मीटर हो गया। बुधवार को दर्ज किया गया यमुना का जलस्तर अगस्त 2019 के बाद सबसे अधिक था। हालांकि, इसके दिन के दौरान खतरे के निशान 205.33 से नीचे आने की संभावना है। हालांकि यमुना के डूब क्षेत्र के लोगों को अभी कुछ दिन और ऊंचे स्थान पर रहना होगा।

दिल्ली प्रशासन ने मंगलवार को बाढ़ की चेतावनी जारी की थी, पुराने यमुना पुल पर रेल यातायात को निलंबित कर दिया था और यमुना के निकटवर्ती निचले इलाकों से लगभग 6,500 लोगों को निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाया था, क्योंकि भारी बारिश के बाद नदी में जलस्तर 206 मीटर के निशान को पार कर गया था। पिछले सप्ताह ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों, विशेषकर उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बारिश हुई।

पिछले तीन दिनों में ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में वर्षा की कोई उल्लेखनीय घटना नहीं हुई है।

हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से जल प्रवाह दर भी मंगलवार को सुबह सात बजे 96,000 क्यूसेक से घटकर बुधवार को सुबह नौ बजे 25,400 क्यूसेक और बृहस्पतिवार सुबह नौ बजे 17,800 क्यूसेक हो गई। एक क्यूसेक 28.32 लीटर प्रति सेकेंड के बराबर होता है। हालांकि जलस्तर सामान्य होने में समय लगेगा।

● प्रभावित लोगों को अपने घरों में लौटने के लिए कुछ दिन और करना होगा इंतजार

# दक्षिण पश्चिम मानसून दिल्ली एनसीआर से विदा : आईएमडी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम मानसून 19 प्रतिशत कम वर्षा के साथसाथ दिल्ल-एनसीआर से विदा ले लिया है। लेकिन इसके बाद भी राजधानी में वर्षा होगी। मौसम विज्ञानियों के अनुसार यह वर्षा भी लगातार कई दिन और अच्छे स्तर पर होगी इसकी वजह इयान तूफान है। स्काईमेट वेदर के अनुसार साउथ चाइना सी से उठा इयान तूफान दुनिया के कई देशों को प्रभावित कर रहा है। वैसे वियतनाम में आकर यह थोड़ा कमजोर पड़ गया है, लेकिन इसके अवशेष बंगाल की खाड़ी तक अपना असर दिखाएंगे।

मौसम विज्ञानियों के अनुसार दो से तीन अक्टूबर के दौरान इस तूफान की वजह से ही बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनेगा। इससे फिर आगे भी कई वेदर सिस्टम विकसित होंगे। इस वजह से दिल्ली एनसीआर ही नहीं एमपी, यूपी और पूर्वी राजस्थान में भी बारिश होने की पूरी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस साल मानसून के दौरान अत्यधिक असमान वर्षा हुई है।

● दो से तीन अक्टूबर को इयान तूफान के कारण बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से बारिश की संभावना

## पीएफआई के तीन परिसरों को सील करने का आदेश

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की ओर से इस्तेमाल किए जा रहे तीन परिसरों को सील करने और उसके कोष के लेन देन पर रोक लगाने के आदेश दिए गए हैं।

जिन परिसरों को सील करने का आदेश दिया गया है, उनमें शाहीनबाग में रॉयल होटल के पास, एफ-30 बी,भूतल, जैद अपार्टमेंट, जामिया नगर के अबु फजल एन्क्लेव में भूतल, हिलाल हाउस और जामिया नगर के ठोकर संख्या सात में बी-27/2, तीसरी मंजिल शामिल है।

# अगर 1 मिनट में 60 सीढ़ियां चढ़े तो आपका दिल दुरुस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हृदय को दुरुस्त रखने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए चलाए जा रहे एक अनोखे अभियान के तहत लोगों से एक मिनट में 60 सीढ़ियां चढ़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर डालने और पांच अन्य लोगों को टैग कर उन्हें यह चुनौती देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

हील फाउंडेशन के सहयोग से जेबी फार्मा हार्ट 2 हार्ट-हेल्दी हार्ट चैलेंज नाम का यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी शुरुआत 22 सितंबर को की गई थी।

आयोजकों के अनुसार, अब तक लगभग 750 लोग इस चुनौती को पूरा कर चुके हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने वीडियो डाले हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 90 सेकंड में चार मंजिल (60 सीढ़ियां) नहीं चढ़ पाना हृदय के सही से काम नहीं करने का संकेत हो सकता है।

● अब तक लगभग 750 लोगों ने इस लक्ष्य को किया है पूरा

रिपोर्ट के मुताबिक एक मिनट में 60 सीढ़ियां चढ़ सकने वाले लोगों का हृदय संभवत: श्रेष्ठ तरीके से काम कर रहा होता है। अभियान के तहत एक मिनट में 60 सीढ़ियां होंगी, जो चार मंजिल चढ़ने के समान है। इसके बाद वे इसका वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करेंगे और पांच लोगों को टैग कर ऐसा करने की चुनौती देंगे।

सर गंगाराम अस्पताल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एस सी मनचंदा ने कहा कि हृदय रोग दुनियाभर में अब भी मौत का प्रमुख कारण बने हुए हैं। दिल संबंधी बीमारी से होने वाली 85 फीसदी मौतें हृदयघात और पक्षाघात के कारण होती हैं।

## संस्कृत में खोज को आसान बनाने के लिए गूगल से समझौता

**नई दिल्ली।** भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) ने इंटरनेट पर संस्कृत में खोज को आसान बनाने के लिए गूगल के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर बृहस्पतिवार को हस्ताक्षर किए। इसके तहत संस्कृत में आमतौर पर उपयोग होने वाली एक लाख पंक्तियां, उनके अंग्रेजी एवं हिन्दी अनुवाद के साथ उपलब्ध होंगी। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर आईसीसीआर के अध्यक्ष विनय सहस्त्रबुद्धे एवं गूगल के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में किए गए।

विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि आईसीसीआर और गूगल संस्कृत अनुवाद के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए गठजोड़ कर रहे हैं और इससे गूगल को संस्कृत की सामग्री के विभिन्न भाषाओं में कृत्रिम बुद्धिमता या मशीन लर्निंग प्रौद्योगिकी को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

# सीता स्वयंवर में लक्ष्मण के तीखे वचन सुन क्रोधित हुए परशुराम

## केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे ने विश्वामित्र के पात्र को किया जीवंत



लाल किला मैदान में आयोजित रामलीला में ऋषि विश्वामित्र की भूमिका में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्वनी चौबे।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

रामलीला मंचन के तीसरे दिन कलाकारों ने अहिल्या उद्धार, सीता स्वयंवर, लक्ष्मण-परशुराम संवाद के दृश्य प्रस्तुत किए। सीता स्वयंवर में पहुंचे कई राजा जब शिव का धनुष नहीं उठा सके तो जनक व्याकुल हो गए, तब भगवान ने प्रत्यंचा चढ़ाकर धनुष भंग किया।

लाल किला मैदान में आयोजित लव कुश रामलीला कमेटी में जनक दूत आगमन, अहिल्या उद्धार, सीता स्वयंवर, रावण-बाणासुर संवाद, लक्ष्मण-परशुराम संवाद का मंचन हुआ खाद्य और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्वनी चौबे ने ऋषि विश्वामित्र की भूमिका निभाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

केंद्रीय मंत्री चौबे के अभिनय की सभी ने सराहना की। उनके संवाद बोलने पर खूब तालियां बजी। इस मौके पर चौबे ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि महर्षि विश्वामित्र की तपोभूमि बक्सर बिहार से लोकसभा का प्रतिनिधित्व करते है। उनके तप-बल का ही प्रभाव था कि श्रीराम व लक्ष्मण ने, उनसे वीरोचित शिक्षा ग्रहण करके राक्षसी वृत्तियों का संहार किया था। उनका पात्र निभाना अद्भुत अनुभव भरा रहा।

● राम वनवास देख दर्शकों की आंखें हुईं नम

महर्षि विश्वामित्र के पात्र निभाने का मकसद बक्सर की पौराणिक मान्यताओं से भी सभी को परिचित कराना था। बक्सर ज्ञान विज्ञान की भूमि रही है। हजारों ऋषियों-मुनियों की तपोस्थली होने के कारण सिद्धाश्रम के नाम से जाना जाता था। भगवान राम ने ताड़का का वध यहीं किया था।

उधर आदर्श रामलीला कमेटी अशोक विहार फेस-2 में दशरथ कैकई संवाद व राम बनवास कि लीला का मंचन निपुण कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कंप्यूटरराइड यंत्रों, लेजर लाइट व एलईडी स्क्रीन की मदद से सुंदरबन, भव्य एवं खूबसूरत महल दिखाया गया। राम बनवास गमन लीला का मंचन देख दर्शकों की आंखें नम हो गई।

**Dr. Akhilesh Das Gupta Institute of Technology & Management**
(Formerly Northern India Engineering College(NIEC))
Approved by AICTE & Affiliated to GGSIPU, Delhi
FC-26, Shastri Park, New Delhi – 110053.
Website: www.adgitmdelhi.ac.in

**ADMISSION NOTICE**
**UNDER MANAGEMENT QUOTA for Academic Year 2022-23**

**B.Tech.(F/T - 4 Yrs.) & B.Tech. {2nd Yr.(LE) – F/T - 3 Yrs.}**

Applications from Qualified candidates fulfilling the Educational Qualifications and eligibility criteria laid down in the "Admission Brochure for the Academic Session 2022-23" issued by Guru Gobind Singh Indraprastha University (GGSIPU), Delhi for "Management Quota" & respective guidelines of DTTE Govt. of NCT Delhi are invited for Admission under Management Quota under various categories of seats in the following Courses as prescribed by GGSIPU:

| B.Tech. (1st Shift) (Course Code - 131) | B.Tech. (2nd Shift) (Course Code - 131) | B.Tech. (Lateral Entry) (Course Code - 128 & 129) |
|---|---|---|
| Computer Sc. & Engg. | Computer Sc. & Engg. | Computer Sc. & Engg. |
| Information Technology | Information Technology | Information Technology |
| Electronics & Communication Engg. | Electronics & Communication Engg. | Electronics & Communication Engg. |
| Civil Engineering | | Civil Engineering |
| Mechanical Engineering | | Artificial Intelligence & Data Science |
| Artificial Intelligence & Data Science | | Artificial Intelligence & Machine Learning |
| Artificial Intelligence & Machine Learning | | |

Application Forms (hard-copy only)can be obtained from & submitted to the **Admission Cell** of the Institute during the working hours as notified by GGSIPU. The last date to fill up the management quota seats will be nine calendar days after the last date for regular admissions in the University announced by the GGSIPU for above Courses respectively. **Incomplete applications will not be considered.**
**Admissions shall be on the basis of Merit. The Merit list of the Applicants will be displayed on the Website and Notice Board of the Institute within 2 days of closing date for submission of the application forms for respective courses.**
Accordingly the 1st Round of Counseling at the Institute's Campus will be held within **3 days of drawing up of the Merit List of qualified management quota applicants.** The Candidates thus provisionally selected shall be required to complete all the Admission Formalities as per the rules & regulations laid down by GGSIPU in its Admission Brochure 2022-23. The 2nd Round of Counseling shall commence only after 12 hrs after provisional admission through 1st round of counseling.
**Candidates must ensure to follow the latest COVID-19 guidelines issued by the Ministry of Health and Family Affairs, Govt of India during Counselling & Reporting at the Institute.**

DIRECTOR

**ILD**

**इंडिया लीज डेवलपमेंट लिमिटेड**
सीआईएन नंबर : L74899DL1984PLC019218
जीएसटीआईएन : 07AAACI0149R1ZB
पंजीकरण कार्यालय: एमजीएफ हाउस, 4/17 बी, आसफ अली रोड, नई दिल्ली –110002
फोन : 011–41519433, 41520070 फैक्स : 41503479
वेबसाइट : http://www.indialease.com ई–मेल : info@indialease.com

**37वीं वार्षिक आम बैठक का ई-वोटिंग परिणाम**

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के अनुसार और स्टॉक एक्सचेंज में दर्ज सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 44 के अनुपालन में, कंपनी ने 28 सितंबर, 2022 को वार्षिक आम बैठक बुलाने के लिए 10 अगस्त, 2022 के नोटिस में बताए गए सभी आठ प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग (ई–वोटिंग) की प्रक्रिया का संचालन किया था। कंपनी ने 25 सितंबर, 2022 से 27 सितंबर, 2022 तक ई–वोटिंग अवधि के दौरान इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालने के लिए 20 सितंबर, 2022 की कट ऑफ तिथि के अनुसार कंपनी के सभी सदस्यों को सीडीएसएल के माध्यम से ई–वोटिंग सुविधा की पेशकश की थी। कंपनी ने एजीएम के दौरान अपने सदस्यों को ई–वोटिंग की सुविधा भी प्रदान की थी जो एजीएम से पहले अपना वोट नहीं डाल सकते थे। सुश्री अंजलि यादव, मैसर्स अंजलि यादव एंड एसोसिएट्स की प्रोपराइटर, (एफसीएस नंबर 6628, सीपी नंबर 7257) प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज को स्क्रूटिनाइज़र नियुक्त किया गया था और ई–वोटिंग परिणाम, उनकी रिपोर्ट दिनांक 29 सितंबर, 2022 के अनुसार इस प्रकार है :–

| संकल्पों का विवरण | वोट किए गए सदस्यों की संख्या | कुल वैध वोट | कुल वोट अस्वीकृत | पक्ष में वोट | | खिलाफ वोट | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सं. | % | सं. | % |
| **साधारण संकल्प संख्या 1** 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के स्टैंडअलोन ऑडिटेड इंड–एएस वित्तीय विवरण प्राप्त करने, विचार करने और अपनाने के लिए, निदेशक मंडल और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट। | 180 | 180 | 0 | 94,28,811 | 100 | 100 | 0.00 |
| **साधारण संकल्प संख्या 2** श्री राजीव गुप्ता (डीआईएन: 00022964) के स्थान पर एक निदेशक नियुक्त करने के लिए, जो रोटेशन से सेवानिवृत्त होते हैं और पात्र होने के कारण पुनर्नियुक्ति की मांग करते हैं। | 174 | 174 | 0 | 7,73,270 | 99.99 | 100 | 0.01 |
| **साधारण संकल्प संख्या 3** सुश्री सुमना वर्मा (डीआईएन:01448591) के स्थान पर एक निदेशक नियुक्त करने के लिए, जो रोटेशन से सेवानिवृत्त होती हैं और पात्र होने के कारण पुनर्नियुक्ति की मांग करती हैं। | 174 | 174 | 0 | 7,73,270 | 99.99 | 100 | 0.01 |
| **साधारण संकल्प संख्या 4** मैसर्स जगदीश चंद एंड कंपनी चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की लगातार 5 (पांच) वर्षों की दूसरी अवधि के लिए कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों के रूप में पुनर्नियुक्ति और उनका पारिश्रमिक तय करना। | 180 | 180 | 0 | 94,28,811 | 100 | 100 | 0.00 |
| **साधारण संकल्प संख्या . 5** कंपनी और मेसर्स द मोटर एंड जनरल फा. इनेंस लिमिटेड के बीच किए गए या किए जाने वाले सामग्री संबंधी पार्टी लेनदेन सहित संबंधित पार्टी लेनदेन को मंजूरी देना। | 174 | 174 | 0 | 7,73,270 | 99.99 | 100 | 0.01 |
| **साधारण संकल्प संख्या . 6** कंपनी और मेसर्स राम प्रकाश एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के बीच किए जाने वाले सामग्री संबंधी पार्टी लेनदेन सहित संबंधित पार्टी लेनदेन को मंजूरी देना। | 174 | 174 | 0 | 7,73,270 | 99.99 | 100 | 0.01 |
| **साधारण संकल्प संख्या 7** कंपनी और मेसर्स बाहुबली सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच किए जाने वाले सामग्री संबंधी पार्टी लेनदेन सहित संबंधित पार्टी लेनदेन को मंजूरी देना। | 174 | 174 | 0 | 7,73,270 | 99.99 | 100 | 0.01 |
| **विशेष संकल्प संख्या 8** बोनाफाइड और चौरिटेबल फंड में कंपनी का योगदान। | 180 | 180 | 0 | 94,28,811 | 100 | 100 | 0.00 |

**नोट:** संबंधित पार्टियों को कंपनी की 37वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना के क्रमश: संकल्प संख्या 2, 3, 5, 6 और 7 पर मतदान से दूर रखा गया है।
28 सितंबर, 2022 को नई दिल्ली में आयोजित वार्षिक आम बैठक, स्क्रूटिनाइज़र की रिपोर्ट के आधार पर, बैठक के अध्यक्ष ने उपरोक्त परिणामों की घोषणा करते हुए कहा है कि 10 अगस्त, 2022 के नोटिस में निर्धारित संकल्प संख्या 1 से 8 तक को शेयरधारकों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया है। स्क्रूटिनाइज़र की रिपोर्ट के साथ ई–वोटिंग के परिणाम स्टॉक एक्सचेंज में जमा कर दिए गए हैं और कंपनी की वेबसाइट www.indialease.com पर पोस्ट कर दिए गए हैं।

हेतु
इंडिया लीज डेवलपमेंट लिमिटेड
हस्ता./–
रोहित मदान
प्रबंधक, कंपनी सचिव और सीएफओ
एसीएस – 13636

जगह: नई दिल्ली
दिनांक: 29 सितंबर, 2022

# राज के बदले माता मुझको हो गया हुकम फकीरी का...



गुरुग्राम के जैकबपुरा स्थित श्रीदुर्गा रामलीला में राजा दशरथ के अचेत होने पर विलाप करते वन जाने को तैयार राम-लक्ष्मण।

## राम लीला में राम वनवास की लीला ने किया भावुक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जैकमपुरा** स्थित श्रीदुर्गा रामलीला के पांचवें दिन राम के राजतिलक की तैयारियों से लेकर उनके वनवास तक की लीला का मंचन किया गया। रानी कैकेयी द्वारा राम को वनवास और भरत को अयोध्या का राजा बनाने के वर मांगने से लेकर राम, लक्ष्मण व सीता के वनवास होने तक की लीला का सजीव चित्रण किया गया। इस लीला ने सभी को भावुक कर दिया। लीला में दिखाया गया कि अयोध्या नगरी में खुशी-खुशी दिन बीत रहे हैं। राम के राजतिलक की तैयारियां चल रही थी। इसी बात को रानी कैकेयी से सांझा करने के लिए जब दशरथ उनके महल में जाते हैं तो वहां अंधेरा छाया होता है। इसका कारण वे मंथरा दासी से पूछते हैं तो वे कुछ नहीं बताती। इसके बाद राजा दशरथ खुद उनके महल में जाते हैं तो रानी कैकेयी कोप भवन में लेटी हुई थी। इसका कारण वे बार-बार पूछते हैं, तो रानी उन्हें उनके द्वारा दो वचनों की याद दिलाती है। राजा दशरथ दोनों वचन मांगने को कहते हैं। वचन देने से पहले कैकेयी उन्हें राम की सौगंध दिलाती हैं। फिर कैकेयी बोली-उनके दो वचन हैं, पहले में भरत (पुनीत सहगल) को राज और दूसरे में राम को 14 साल का वनवास। विरह करते हुए राजा दशरथ अचेत हो जाते हैं। फिर राम वहां आते हैं और पिता दशरथ के पांव छूते हैं। पिता द्वारा जवाब न देने पर वे कैकेयी से इस बारे में पूछते हैं। कैकेयी सारी बात राम को बताती है। उनकी बात सुनकर राम कहते हैं यह तो खुशी की बात है कि माता-पिता की आज्ञा का पालन करने का उन्हें सौभाग्य मिल रहा है। फिर राम माता कौशल्या के पास आते हैं और खुद के वनवास की बात बताते हैं।

कौशल्या राम को वनवास में भेजने को तैयार नहीं होती। राम और मां कौशल्या के बीच का संवाद यहां सभी को भावुक कर गया। एक गीत के माध्यम से राम कहते हैं- राज के बदले माता मुझको हो गया हुकम फकीरी का, खड़ा मुंतजिर माता मैं तेरे हुकम मजिरी का। राम के साथ सीता और लक्ष्मण भी वन गमन की जिद करते हैं। राम उन्हें भी साथ लेकर चलने को राजी हो जाते हैं और तीनों राम, लक्ष्मण व भगवा वस्त्र धारण करते है। गुरू वशिष्ठ सीताजी को देख कैकेयी से कहा मर्यादा का उल्लंघन करके अधर्म की ओर कदम बढ़ाने वाली दुबुद्धि कैकेयी! तू केकयराज के कुल की जीती जागती कलंक है।

# हरियाणा के अग्र वीरों ने भी आजादी आंदोलन में तन-मन-धन से लड़ी लड़ाई



लाल मनोहर। लाला मुरलीधर गुप्त। रामशरण मित्तल। शंकर लाल संघी।

## किसी ने वीरता दिखाई, किसी ने मनोबल बढ़ाया तो किसी ने जमा पूंजी आजादी के लिए लगाई

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**अग्रकुल** जनक महाराजा अग्रसेनजी की जयंती के अवसर पर 1857 की क्रांति व स्वतंत्रता संग्राम में अहम योगदान देने वाले अग्रवीरों की जीवन गाथा आज की पीढ़ी को दिखाकर, बताकर उन्हें अपने पूर्वजों के बलिदानों से रूबरू कराया जाएगा। आगामी एक अक्टूबर को गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में होने जा रहे इस अग्रसमागम-2022 की गूंज देशभर में पहुंच चुकी है। समारोह को भव्य बनाने के लिए आयोजन समिति जुटी है। हरियाणा के जिन अग्रवीरों ने आजादी आंदोलन में अपना सहयोग दिया, उन अग्रवीरों की जीवनगाथा से आपको रूबरू कराते हैं।

**मनोहर लाल ने कलम से हिलाई अंग्रेजों की जड़ें :** हरियाणा के बहादुरगढ़ में जन्में लाल मनोहर लाल मनोहर का जीवन शुरु से ही संघर्षों से भरा था। शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ वे स्वतंत्रता संग्राम में भी आगे बढ़े। शेरो-शायरी के शौकीन मनोहर लाल ने देशभक्ति पर अनेक नज्में लिखीं। उनके माध्यम से अंग्रेजी हुकूमत की जमकर खिलाफत की। वर्ष 1990 में हरियाणा उर्दू अकादमी ने उन्हें प्रथम पुरस्कार से नवाजा। वे बहादुरगढ़ से गुड़गांव आ गए थे। यहां रोशनपुरा में उन्होंने घर बनाया और महात्मा गांधी को भी यहां वे लेकर आए। इस चौक को आज गांधी चौक के नाम से जाना जाता है।

**लाला मुरलीधर ने अंग्रेजों को लौटाईं उपाधियां :** पलवल में जन्मे लाला मुरलीधर गुप्त भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अग्रणी नेताओं में थे। उनका जन्म 30 मई 1848 को भीकम सेन-रमा देवी के आंगन में हुआ। आपने 1870 बीए तथा 1872 में एलएलबी की डिग्री प्राप्त की। वकालत करते हुए उन्होंने बार काउंसिल अंबाला की स्थापना की। इस बार के वे 10 साल तक अध्यक्ष भी रहे। वे 1884 में अंबाला के म्युनिसिपल कमिश्नर और बाद में नगर पिता बनें। उन्हें अंग्रेज सरकार ने राय साहब की उपाधि से सम्मानित किया। आजादी के संघर्ष में भाग लेने के कारण वे अंग्रेज सरकार की नजर में एक खतरनाक स्वतंत्रता सेनानी बन चुके थे। 16 अगस्त 1920 को लाला मुरलीधर गुप्त ने अपनी राय साहब की उपाधि समेत सभी प्रमाण पत्र, सम्मान अंग्रेज सरकार को वापस लौटा दिए। उन्होंने गांधीजी की आवाज पर अंग्रेजों से सीधी लड़ाई का सामान किया।

**कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे रामशरण मित्तल :** रामशरण चंद मित्तल का जन्म नारनौल में 18 मई 1905 को हुआ था। उनके पिता श्री अयोध्या प्रसाद मित्तल पटियाला (पंजाब) यूनियन में विधानसभा स्पीकर तथा कैबिनेट मंत्री रहे। उन्होंने पढ़ाई के दौरान ही प्रिंस ऑफ वेल्स की भारत यात्रा का विरोध किया। इस आंदोलन में सक्रिय सहयोगी रहे। वर्ष 1928 में साइमन कमीशन के खिलाफ उन्होंने काले झंडे उठाकर प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व किया था। अंग्रेज सरकार ने उन्हें जेल में डाल दिया। आजादी के बाद वर्ष 1952 में पेप्सू राज्य की विधानसभा के वे सदस्य चुने गए।

# गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल का जल्द तैयार होगा नक्शा व डीपीआर

## नक्शा तैयार करने को आर्किटेक्ट कर लिया है हायर

## अस्पताल के निर्माण को लेकर डीसी ने लोक निर्माण व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक




गुरुग्राम के पुराने नागरिक अस्पताल के निर्माण को लेकर बैठक लेते उपायुक्त।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सिविल** लाइन क्षेत्र में नागरिक अस्पताल के स्थान पर नए 400 बेड के आधुनिक अस्पताल निर्माण की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया गया है। अस्पताल का नक्शा तैयार करने के लिए आर्किटेक्ट हायर कर लिया गया है। साथ ही जल्द ही इसकी डीपीआर भी तैयार की जाएगी।

इस साल 31 दिसम्बर तक अस्पताल के पुराने भवन को पूरा तोड़कर इसका मलबा हटाने की डेडलाइन दी गई है। इससे संबंधित विषयों पर स्वास्थ्य विभाग व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में अधिकारियों ने जिला उपायुक्त को बताया कि पुराने नागरिक अस्पताल की बिल्डिंग को तोड़कर उसका मलबा हटाने का कार्य जारी है, जिसे इस वर्ष के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। पुराने नागरिक अस्पताल के स्थान पर बनने वाले 400 बेड क्षमता के अस्पताल का डिजाइन तैयार करने के लिए आर्किटेक्ट हायर करने का मामला पिछले कुछ समय से वित विभाग में लंबित था, जिसे जिला प्रशासन गुरुग्राम के प्रयासों से मंजूरी मिल चुकी है। अब जल्द ही नक्शा तैयार कर इसकी डीपीआर बनाने को प्रक्रिया शुरू की जाएगी। डीसी श्रीयादव ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बात सुनने उपरान्त उन्हें निर्देश देते हुए कहा कि पुराने भवन को तोड़कर उसका मलबा हटाने के कार्य को गति देते हुए हर हाल में इसे इस वर्ष 31 दिसंबर तक पूरा करवाना सुनिश्चित करें।

**अस्पताल के सामने निगम की जमीन पर ओपीडी का सुझाव :** बैठक में सिविल सर्जन डा. वीरेंद्र यादव ने सुझाव दिया कि पुराने नागरिक अस्पताल को तोड़कर बनाई जा रही नई बिल्डिंग को आपात सेवाओं सहित मरीजों के एडमिशन कार्य में उपयोग में लाया जाए। ऐसे में बेहतर होगा कि पुराने नागरिक अस्पताल के सामने निगम के पुराने कार्यालय की जमीन पर रूटीन ओपीडी अथवा आपात सेवाओं से जुड़े स्टाफ के लिए आवासीय फ्लैट बनाकर उसे अंडरपास के माध्यम से नागरिक अस्पताल के बन रहे नए भवन से जोड़ दिया जाए, जिससे आपात सेवाओं से जुड़े स्टाफ को काफी राहत मिलेगी।

डीसी श्री यादव ने सिविल सर्जन के उपरोक्त सुझाव पर कहा कि वे जल्द ही इस विषय में नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस पर विचार विमर्श करेंगे। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के एडिशनल सीईओ गौरव सिंह, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता चरणदीप राणा सहित लोक निर्माण विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# फरूखनगर के बीडीपीओ को सरपंच एसोसिएशन ने किया स्वागत



गुरुग्राम के खंड फरूखनगर में बीडीपीओ नरेश कुमार का स्वागत करते सरपंच एसोसिएशन के सदस्य।

**गुरुग्राम।** फरूखनगर खण्ड एवं विकास पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) के पद पर नरेश कुमार ने चार्ज संभाला। यहां उनका स्वागत करने के लिए सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष सुन्दर लाल समेत अनेक गांवों के सरपंच पहुंचे।

सुंदर लाल ने कहा कि बेहद ही सुलझे हुए अधिकारी नरेश कुमार अब फरूखनगर में अपनी सेवाओं से क्षेत्र में विकास को गति देंगे। उन्होंने कहा कि बीडीपीओ नरेश कुमार जैसे अधिकारियों की गांवों के विकास के लिए जरूरत है। अपने काम को पूरी जिम्मेदारी के साथ करते हुए वे गांवों के विकास में अच्छी भूमिका निभाते हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों को हर क्षेत्र में याद किया जाता है। वे जहां भी रहते हैं, अपने काम के बल पर लोगों पर छाप छोड़ते हैं। सरपंच एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सोनू राणा, शेर सिंह चौहान सरपंच वजीरपुर, विजयपाल यादव, सरपंच नाहरपुर, प्रदीप सरपंच नौरंगपुर, दयाराम चेयरमैन ब्लॉक समिति, हरजश यादव सरपंच रामपुरा, लक्ष्मण कोषाध्यक्ष सरपंच एसोसिएशन, हरिओम सरपंच धर्मपुर, प्रदीप सरपंच प्रतिनिधि दौलताबाद, साधुराम सरपंच बामडोली, अजय सरपंच कुकडोला, धर्मपाल सरपंच हाजीपुर, जयपाल सरपंच माकडोला, लखन सरपंच शिकोहपुर, रणधीर नम्बरदार दौलताबाद सहित अनेक लोगों ने बीडीपीओ नरेश कुमार को फरूखनगर में नियुक्ति पर बधाई दी। सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि पिछले कार्यकाल की तरह से अब वे फरूखनगर में भी निष्पक्ष होकर काम करेंगे। उनके मार्गदर्शन, उनके अनुभवों से यहां के गांवों का विकास होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों का अहम योगदान होता है। सभी तक योजना का लाभ पहुंचाने को पंचायत प्रतिनिधि भी बीडीपीओ का हर कदम पर साथ देंगे।

# भारतीय संस्कृति में बेटियां हैं वंदनीय : विजय सिंह नंबरदार

**गुरुग्राम।** रॉयल पब्लिक सीनियर सेकंडेरी स्कूल वजीरपुर सेवा भारती मानेसर शुक्ल तृतीया विक्रम सम्वत् 2079 को 501 कन्याओं का पूजन किया गया। साथ ही प्रसाद वितरण, लेखन पुस्तिका, साहित्य पुस्तिका एवं कलम वितरण का कार्यक्रम भी किया गया। मानेसर जिला से सभी जातियों एवं वर्ग से लगभग 1200 लोगों ने शिरकत की।



वजीरपुर स्थित रॉयल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कन्या पूजन करते शिक्षाविद् विजय सिंह नंबरदार।

मंच संचालक मनोज सिंह सचिव सेवा भारती जिला मानेसर, मंचासीन भूप सिंह संघचालक जिला मानेसर, मंच अध्यक्षता मेहर चंद सरपंच गांव नयनवाल, मुख्य अतिथि समाज सेवी ग्राम वजीरपुर से डॉक्टर विजय सिंह नंबरदार, अनिल कश्यप प्रचार प्रमुख गुरुग्राम विभाग, मंगला गुप्ता राष्ट्रीय महामंत्री भारत तिब्बत संवाद मंच, राम सजन विभाग प्रमुख सेवा भारती, ब्रिजेश सहविभाग कार्यवाह व जिला अध्यक्ष राजेश चौहान, सह सचिव जिला मानेसर मनोज समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉक्टर विजय सिंह नंबरदार ने कहा कि हिंदू धर्म में कन्या पूजन को बहुत ही शुभ और वंदनीय माना जाता है। कन्या को हम देवी का रूप मानते हुए पूजन करते हैं। यह सिर्फ भारत की ही संस्कृति है।

# अग्र समागम में दिखेगी अग्रवाल समाज की ताकतः नवीन गोयल

## महाराजा अग्रसेन को एक साथ 1 हजार लोग करेंगे नमन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम में अग्र समागम को लेकर पत्रकारों से बात करते आयोजक।

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में एक अक्टूबर को होने जा रहे अग्रसमागम-2022 अग्रमहाकुंभ में तब्दील होगा। यहां एक साथ 10 हजार से अधिक लोग महाराजा अग्रसेनजी को उनकी जयंती पर नमन करेंगे। गुरुग्राम समेत हरियाणाभर से अग्रवाल समाज के लोगों की भारी संख्या में भागीदारी रहेगी। इस समारोह के लिए युवा समिति, महिला समिति के सदस्यों ने करीब 15 हजार घरों, संस्थाओं के बीच जाकर अग्र स्मारिका वितरण करके न्योता दिया है। अग्रसमागम में अग्रवाल समाज की ताकत दिखेगी। यह बात महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के संयोजक नवीन गोयल ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल ताऊ देवीलाल स्टेडियम में पत्रकार वार्ता में कही।

नवीन गोयल ने कहा कि इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ होंगे, जबकि अध्यक्षता हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता करेंगे। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेनजी ने समाजवाद की स्थापना करके समाज को एक नई दिशा दी। श्रीगोयल ने कहा कि इस समारोह के लिए समाज की सभी संस्थाओं को पत्र लिखे गए हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्रों के पहले दिन से लेकर 15 दिन तक कभी भी महाराजा अग्रसेन जयंती मनाई जा सकती है। अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम समाज के लोग करते हैं। नवीन गोयल ने कहा कि हरियाणा में 6700 गांव हैं और हर गांव से 2-4 अग्र परिवार आकर गुरुग्राम में रह रहे हैं। इसलिए इस समारोह को गुरुग्राम में आयोजित किया गया है।

# जिला परिषद के चार वार्ड महिला, एक अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित

## एक वार्ड अनुसूचित जाति (महिला) के लिए भी आरक्षित

## जिला परिषद में वार्ड आरक्षित करने का निकाला गया ड्रा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में जिला परिषद के वार्ड आरक्षित करने के ड्रा के दौरान मौजूद क्षेत्र के लोग।

**दस** सदस्यों वाली गुरुग्राम जिला परिषद के अनुसूचित जाति व महिलाओं के लिए आरक्षित वार्डों का गुरुवार को ड्रा निकाला गया। को सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में उपायुक्त निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में यह ड्रा निकाला गई।

हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम के तहत की गई कार्यवाही में जिला परिषद के वार्ड-9 को अनुसूचित जाति महिला व वार्ड-3 को अनुसूचित जाति की महिला व अन्य के लिए आरक्षित घोषित किया गया। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में किसी भी समय पंचायत चुनावों की घोषणा हो सकती है। ऐसे में पंचायत चुनावों के सभी घटकों में वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जिसके तहत ग्राम पंचायत के पंच व ब्लॉक समिति सदस्यों के आरक्षण की कार्रवाई एसडीएम स्तर पर व जिला परिषद के वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया उपायुक्त की अध्यक्षता में निर्धारित है। गुरुग्राम जिला परिषद में कुल वार्डों की संख्या 10 है, जिनमें 3 लाख 19 हजार की जनसंख्या है। डीसी ने कहा कि सरकार द्वारा हाल ही में पिछड़ा वर्ग (ए) के आरक्षण के लिए एक अध्यादेश लाया गया था, जिसके आधार पर गुरुग्राम जिला परिषद का वार्ड पिछड़ा वर्ग (ए) की जनसंख्या के आधार पर आरक्षित किया जाना था। गुरुग्राम में किसी भी वार्ड में पिछड़ा वर्ग (ए) से संबंधित जनसंख्या, अध्यादेश के निर्धारित मानकों को पूरा नही करती, ऐसे में गुरुग्राम जिला परिषद में किसी भी वार्ड को पिछड़ा वर्ग (ए) के लिए आरक्षित नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिला परिषद गुरुग्राम में कुल 10 वार्डों में से अनुसूचित जाति (महिलाओं सहित) के लिए दो व सामान्य श्रेणी के तहत महिलाओं के लिए चार वार्ड आरक्षित हैं। दो वार्डों में अनुसूचित जाति की संख्या अधिक होने के कारण वार्ड-9 को अनुसूचित जाति की महिला व वार्ड-3 को अनुसूचित जाति की महिला व अन्य के लिए आरक्षित किया गया है। पंचायत चुनावों में महिलाओं के 50 प्रतिशत आरक्षण के मद्देनजर बाकी बचे 8 वार्डों को एक से आठ क्रम में मानते हुए सम संख्या वाले वार्ड को महिला के लिए व विषम संख्या वाले वार्ड को महिला व अन्य के लिए आरक्षित किया गया है।

# आवक घटने से सब्जी की कीमतों ने लगाई छलांग


## तीन दिन तक हुई बारिश से खेतों में जल भराव से सब्जियों की खड़ी फसल हुई खराब

## सब्जी की रेहड़ियों से लेकर आढ़तियों का कारोबार 15 से 2 फीसदी तक रह गया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्थानीय** मंडी में सब्जी आवाक 60 से 70 फीसदी घट जाने से कीमतों ने आसमानी छलांग लगा दी है। सब्जी दाम 20 रुपये से लेकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ गए हैं। सब्जी की रेहड़ियों से लेकर आढ़तियों का कारोबार 15 से 20 फीसदी होकर रह गया है।

पिछले सप्ताह लगातार तीन दिन हुई भारी बारिश से खेतों में जलभराव होने से सब्जियों की खड़ी फसल खराब हो गई। जिसमें 40 फीसदी तैयार हुई फसल को किसान मंडी में बेच रहा है। जबकि 60 फीसदी छोटी फसल होने के कारण एक से डेढ़ माह के बाद मंडी में पहुंच जाती है। रविवार के बाद से मंडी में सब्जी की आवक 30 से 40 फीसदी रह गई है। सुबह 4 बजे मंडी में किसानों द्वारा लगाई जाने वाली सब्जी की खुली बोली लगनी शुरू हो जाती थी। आढ़त पर सब्जी बिक्री का कार्य 4 से



5 घंटा चलता था। अब आढ़त पर किसान सुबह 7 बजे सब्जी बेचने के लिए लेकर आ रहा है। किसान द्वारा सब्जी को आढ़ती एक से डेढ़ घंटा में बिक्री करने के बाद किसन को उसकी फसल के दाम दे दिए जाते हैं।

**दूसरे शहरों आ रही हैं सब्जियां :** सब्जी की आढ़त चलाने वाले सतबीर सैनी ने बताया कि भिंडी पलवल और जिला नूंह से घीया, तोरई और खीरा आ रहा है। जबकि आलू उत्तर प्रदेश से आढ़ती मंगवाकर बेच रहे है। नवरात्रे शुरु होने के साथ ही आलू की माग हर घर में बढ़ गई है। टमाटर जम्मू-कश्मिर से आ रहा है। जिसके चलते क्षेत्रीय नागरिकों को सब्जी मंडी में मिल जाती है। आढ़ती भागमल का कहना है कि सब्जी की आवक घटने के साथ ही कीमतों बेहताशा बढ़ोत्तरी हुई है। प्रत्येक सब्जी की कीमत में 20 से लेकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बढ़ गई है। रेहड़ी और सब्जी के छोटे दुकानदारों का कारोबार पिछले चार दिन से मंदा चल रहा है। मार्केट कमेटी अधिकारी भी इस बात को मान रहे कि सब्जियों की कीमतों में बढ़ोत्तरी दो से चार गुणा हो गई है।

सब्जी की कीमतों कितनी हुई बढ़ोत्तरी

| सब्जी | पहले | अब |
|---|---|---|
| शिमला मिर्च | 100 | 160 |
| फूल गोभी | 80 | 120 |
| टालू | 30 | 70 |
| टमाटर | 30 | 50 |
| भिंडी | 60 | 120 |
| तोरई | 40 | 80 |
| पालक | 25 | 50 |
| नीबू | 100 | 200 |
| बींस की फसली | 120 | 200 |

(प्रति किलोग्राम की दर से)

**अभी** मंडी में सब्जी की आवक ज्यादा होने में डेढ़ से दो माह का समय लगेगा। किसानों ने फिर से सब्जी वाली फसलों की बिजाई शुरू कर दी है। सब्जी की आवक घटने से मार्केट फीस कम आ रही है।

**कृष्ण कुमार**
**(सचिव मार्केट कमेटी)**

# सीएम विंडो में शिकायत पर आम रास्ते से हटवाए अवैध कब्जा



मार्केट कमेटी द्वारा सोहना की अनाज मंडी में अतिक्रमण से मुक्त कराया आम रास्ता।

**सोहना।** मार्केट कमेटी विभाग ने अनाज मंडी परिसर में सीएम विन्डो पर लगी शिकायत पर आम रास्ता में 9 दुकानदारों द्वारा सामान व लोहे की जालियां लगाकर किये गए अतिक्रमण का सफाया किया। दुकानदारों को रास्ते में रखे फ्रीज, रेहड़ी, टीन शैड को भी दो दिन में हटाने के लिए नोटिस जारी दिए गए है। अनाज मंडी के अस्पताल मार्ग पर गेट नंबर दो और तीन के बीच 9 दुकानदारों ने लोहे के जाल, टीन सैड, फ्रीज, चारपाई, रेहड़ी व दुकान का सामान रखकर आम रास्ता पर अवैध कब्जा किया हुआ था। यह आम रास्ता नागरिकों के लिए बनाया हुआ था। जिसे दुकानदारों ने निजी हित में उपयोग करते हुए बंद किया हुआ था। जबकि आम नागरिकों को बरसात के दिनों में अस्पताल मार्ग पर पानी जमा होने से परेशानियां होती थी। इस आम रास्ता को दुकानदारों ने करीब 3 साल से बंद किया हुआ था। आम रास्ता से अवैध कब्जा को हटाने व नागरिकों की सुविधा के अनुसार शहर की शिव कॉलोनी निवासी होशियार सिंह ने सीएम विन्डों लगाई थी। सीएम विन्डो पर मिली शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मार्केट कमेटी विभाग ने गुरुवार को उक्त रास्ते को अवैध कब्जा का सफाया कराया। अभी भी आम रास्ता में दुकानदार द्वारा लोहे की टीन सैड़ लगाई हुई है। जिसके लिए सभी 9 दुकानदारों को नोटिस जारी कर दिए है। नोटिस में दो दिन समय देते हुए रास्ता को पूर्णरुप से साफ करने के निर्देश जारी किए है। दुकानदार दो दिन में बचा हुआ अवैध कब्जा को नहीं हटाते है। उसके बाद पीला पंजा हटाते हुए अवैध कब्जा का पूर्णरुप से सफाया किया जाएगा। जल्द ही मंडी के अन्य आम रास्तों से भी अवैध कब्जे हटाएं जाएंगे।

**(कृष्ण कुमार-**
**सचिव मार्केट कमेटी)**

# शादी की वरमाला संरक्षित कराइये फर्नेसट्री के साथ

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**सन 2020** में जहां एक और पूरा देश कुछ महीनों के लिए थम सा गया था, वहीं एक ऐसा भी कपल था जिसको खाली समय में कुछ करने की प्रेरणा मिली। उनके रेसिन के प्रति प्यार ने उन्हें बीस्पोक फर्नीचर डिजाइनर बना दिया और आज मेरठ जैसे छोटे से शहर में रहने वाले मानसी और अंकुर किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है।

फर्नेस्ट्री नाम से मशहूर उनका फर्नीचर ब्रांड अपने प्रभावशाली और उत्कृष्ट डिजाइन के लिए बेहद कम समय में हिंदुस्तान में मशहूर हो चुका है और देश भर से उन्हें इपोक्सी रेसिन और लकड़ी के बने फर्नीचर के आर्डर आते है। हाल ही में इनकी कपनी को नेशनल आर्किटेक्चर एंड इंटीरियर डिज़ाइन एक्सीलेंस अवार्ड्स 2022- ग्लोबल एडिशन द्वारा बंगलुरु में मोस्ट प्रोमिसिंग एंड ट्रेंडसेटर इंटरप्रेन्योर ऑफ़ दी ईयर 2022 के अवार्ड से सम्मानित किया गया।



मानसी बताती हैं कि हमारी कोर कंपनी पेंट के बिजनेस में है और पहले लॉकडाउन के दौरान जब सब कुछ ठप था और हमारे पास करने के लिए कुछ नहीं था, हमें पेंट के अलावा अन्य सोचने का समय मिला। मुझे हमेशा उत्पाद डिजाइनिंग में दिलचस्पी थी, मैंने अपने इपोक्सी उत्पाद बनाने के शौक (ज्वैलरी, और कोस्टर जैसी छोटी वस्तुएं) को दीवार की घड़ियों और ट्रे जैसे मध्यम आकार के डिजाइन में बदल दिया। इसे सभी ने सराहा और धीरे-धीरे हम फर्नीचर के बड़े डिजाइन में आ गए, और लोग हमे हाथो हाथ लेने लगे। फरनेसट्री इपोक्सी रेसिन और लकड़ी के उत्तम दर्जे के फर्नीचर बनाते हैं। इस समय वो सेंटर टेबल, डाइनिंग टेबल, साइड टेबल, कंसोल, पार्टीशन, बेंच, ऑफिस डेस्क, वर्क टेबल, वॉल क्लॉक और वॉल आर्ट डिजाइन कर रहे हैं। एपॉक्सी रेसिन से बना फर्नीचर सालोंसाल चलता है, इसकी मेंटेनेंस कुछ भी नहीं है और ये दिखने में बेहद खूबसूरत लगता है। जिसके कारण खूबसूरत घरों के अतिरिक्त ये फर्नीचर कैफे, होटल, रिसॉर्ट और कार्यालयों के लिए एक बेहतरीन चॉइस है।

मानसी आगे बताती है , शुरू में हम फूलों को मेज में संरक्षित कर रहे थे और ऐसे ही किसी शादी में शिरकत के दौरान हमे ख्याल आया की क्यों ना वरमाला को भी संरक्षित करने के बारे में सोचा जाए। इस तरह हमने नवविवाहित जोड़े के कमरे के लैंप के रूप में वरमाला को संरक्षित किया और ये बेहद भावुक और खूबसूरत लम्हा था। अंकुर एलन आगे बताते है , हमारे फर्नीचर में उपयोग की जाने वाली सभी सामग्री प्रीमियम गुणवत्ता, प्राकृतिक लकड़ी, अखरोट / शीशम / बबूल/ओक की लकड़ी और उच्च गुणवत्ता वाली एपॉक्सी रेसिन हैं। हम लकड़ी को उच्च गुणवत्ता वाले तरल रेसिन से भरकर एक डिजाइन का रूप दे देते है या हम आर्डर पे फर्नीचर बनाते है तो ग्राहक हमको अपनी पसंद का डिज़ाइन बता सकते है।

# दुर्गा पूजा के पांडालों से सज गई औद्योगिक नगरी

कविता। फरीदाबाद

**औद्योगिक** नगरी फरीदाबाद हर साल की तरह इस बार फिर दुर्गापूजा के पांडालों से सज गया है। छठे नवरात्रे से पश्चिम बंगाल के परंपरागत वाद्य यंत्र ढाक की थाप के साथ ही वहां के प्रवासी बंगालियों द्वारा आयोजित किए जाने वाला दुर्गापूजा महोत्सव शुरू हो जाएगा।

इस रौनक को देख कर ऐसा लगता है जैसे बंगाल की धरती इस कलपुर्जों की नगरी में उतर आई हो। दुर्गापूजा प्रवासी बंगालियों के लिए आस्था के प्रतीक के साथ-साथ हजारों किलोमीटर दूर रह कर भी अपनी संस्कृति को बचाए रखने का एक साधन भी है। पिछले करीब 60

## कल से शुरू हो जाएगी ढाक की थाप के साथ दुर्गा पूजा

सालों से यहां रहने वाले बंगाली समुदाय के लोगों द्वारा हर साल जगह-जगह दुर्गापूजा का आयोजन परंपरागत तरीके से किया जाता है। वैसे तो शहर यहां अनेक दुर्गापूजा के पंडाल बनाए गए हैं, लेकिन सेक्टर-16 स्थित फरीदाबाद कालीबाड़ी मंदिर में आयोजित होने वाली दुर्गापूजा प्रवासी बंगालियों का केन्द्र है। मंदिर कमेटी के महासचिव एके पंडित ने बताया कि लोग वर्षों पहले यहां रोजगार की तलाश में आए थे। काम धंधे के चक्कर में


दुर्गा पूजा के लिए तैयार मां दुर्गा की मूर्ति।

दुर्गा पूजा महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए पश्चिम बंगाल जाना संभव नहीं होता था। ऐसे में यहां आकर उन्हें काफी अकेलापन महसूस हो रहा था। क्योंकि वे अपने घर और संस्कृति से दूर थे। उस दौरान कुछ प्रवासी बंगालियों ने दुर्गापूजा करने का निर्णय लिया। इसके बाद से ही यहां हर साल दुर्गापूजा उत्सव मनाया जाता है।

फरीदाबाद कालीबाड़ी मंदिर पूजा अर्चना के साथ ही अपनी संस्कृति से जुड़े रहने का एक केन्द्र बन गया है। यहां दुर्गापूजा के मौके पर बंगाल की संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन होता है। यहां अन्य त्योहारों के मौकों पर भी विभिन्न तरह के कार्यक्रम होते हैं। उन्होंने बताया कि यहां रहने वाले प्रवासी बंगाली पूरे साल काम धंधों में व्यस्त रहते है, लेकिन दुर्गापूजा महोत्सव शुरू होते ही चार दिनों के लिए पूरी तरह अपनी संस्कृति से जुड़ जाते हैं। इन चार दिनों में उन्हें महसूस होता है कि जैसे वह फरीदाबाद में नहीं बल्कि पश्चिम बंगाल में हैं। दुर्गापूजा महोत्सव में चारों दिन पूजा के साथ बंगाल की संस्कृति से जुड़े अनेक नाटक, गीत संगीत के कार्यक्रम और बच्चों व महिलाओं की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इसी तरह सेक्टर-37, चार्सवुड विलेज, हार्डवेयर-बाटा रोड स्थित दुर्गाबाडी, सेक्टर 28, सेक्टर 21डी, सेक्टर सात, तीन, आठ और एनएच चार और न्यूजनता कालोनी समेत कई स्थानों में भी प्रवासी बंगालियों द्वारा दुर्गापूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

# एफएमडीए की बैठक में हुई सड़क पेयजल और अन्य मुद्दों पर चर्चा


पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने आज फरीदाबद जिले के विभिन्न सरकारी विभागों के साथ एक समन्वय बैठक की अध्यक्षता की। जिसमें नागरिक सेवाओं से संबंधित जिला की विभिन्न विकास परियोजनाओं पर चर्चा व समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने बैठक में संबंधित विभागों को एक दूसरे के साथ मिलकर काम करने और काम में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने बुढ़िया नाला की सफाई के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए, नाले के आसपास के अतिक्रमित क्षेत्र के कुछ हिस्से को एचएसवीपी की प्रवर्तन शाखा द्वारा साफ किए जाने के निर्देश है। एमसीएफ इस संबंध में एचएसवीपी को नोटिस जल्द से जल्द जारी करेगा। फरीदाबाद के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने नागरिकों को

## एफएमडीए के सीईओ ने बुढ़िया नाले की सफाई के लिए दिये अतिक्रमण हटाने के आदेश

स्वच्छ पानी की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। इसके साथ ही एचएसवीपी ने ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर 75-89 में एफएमडीए द्वारा शेष जलापूर्ति लाइनों को बिछाने में बाधा मुक्त संरेखण प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, एचएसवीपी द्वारा लगभग 1.5 किलोमीटर लंबी जल आपूर्ति लाइने क्षतिग्रस्त है और विभिन्न बिंदुओं पर रिसाव है। एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने एचएसवीपी को इन पाइपलाइन की मरम्मत करने और उन्हें क्रियाशील बनाने और जल्द से जल्द इन जल आपूर्ति लाइनों का आवश्यक परीक्षण और कमीशनिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।


सुधीर राजपाल।

जवाहर कॉलोनी में परशुराम बूस्टिंग स्टेशन के पुनर्वास का भी उल्लेख किया गया था, क्योंकि 30 वर्षीय पुराना स्टेशन और इसकी मशीनरी खराब स्थिति में है। एमसीएफ को स्टेशन के उन्नयन के लिए अनुमान तैयार करना है और इसे प्रशासनिक अनुमोदन के लिए एफएमडीए को प्रस्तुत करना है। सेक्टर 22 और 23 में जल आपूर्ति बढ़ाने के लिए एमसीएफ को मछली बाजार क्षेत्र में 40 लाख लीटर भूमिगत टैंक की पूरी सफाई और गाद निकालने का काम करना है। साइट से पूरा रसायनिक उपचार, कचरा और मलबा हटाने के बाद एफएमडीए इस टैंक को अपनी जल आपूर्ति लाइन से जोड़ देगा, ताकि सेक्टर 22 और 23 को बेहतर जल आपूर्ति हो सके। एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने एमसीएफ को मौजूदा पंपों और मशीनरी के रखरखाव कार्य के साथ-साथ बुधेना बूस्टिंग स्टेशन पर बुनियादी ढांचे के विकास कार्य में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। स्नख्छ ओल्ड फरीदाबाद में पर्याप्त पानी की आपूर्ति का समर्थन करने के लिए बूस्टिंग स्टेशन को अपनी जलापूर्ति लाइन नंबर 6 से जोड़ेगा। इसके अलावा बैठक में अन्य कई गंभीर मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।

इस मौके पर फरीदाबाद के उपायुक्त विक्रम, नगर निगम फरीदाबाद के आयुक्त जितेन्द्र सिंह, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की प्रशासक गरिमा मित्तल, फरीदाबाद स्मार्ट सिटी, सिंचाई विभाग, एचएसआईआईडीसी, डीएचबीवीएन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध रूप से गर्भपात करते हुए एक झोलाछाप गिरफ्तार


गौड़ क्लीनिक में छापेमारी के दौरान जांच करते हुए टीम में शामिल डॉ. मान सिंह और डॉ. हरीश आर्या व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गांव** चंदावली में गौड क्लीनिक पर अवैध रूप से गर्भपात की शिकायत मिली थी। जिस पर सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता ने डॉ. मान सिंह के नेतृत्व में डॉ. हरिश आर्या, डॉ. रामनिवास और डॉ. निधि चपराना के संग ड्रग कंट्रोल विभाग से पूजा चौधरी को टीम में शामिल कर मौके पर भेज दिया।

टीम ने क्लीनिक में छापा मारा तो आरोपी विशाल नामक व्यक्ति ढ़ाई हजार रुपये लेकर गर्भपात की प्रक्रिया को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था। टीम ने मौके से नम्बरी नोट के संग विशाल को रंगे हाथों पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है। डॉ. मान सिंह ने बताया कि आरोपी पिछले करीब एक साल से इस धंधे में शामिल है। आरोपी के पास किसी तरह की कोई डिग्री नहीं है।

**यह था मामला:** टीम के इंचार्ज डॉ. मान सिंह ने बताया कि सूचना पर ड्यूटी मजिस्ट्रेड नायाब तहसीलदार और पुलिस के संग मिलकर अवैध गर्भपात करवाते हुए आरोपी विशाल को पकड़ा है। चंदावली में अवैध गर्भपात का धंधा जोरों पर चल रहा है। जिस पर टीम ने एक गर्भवती महिला को मौके पैसे देकर भेज दिया। टीम ने गर्भवती को तीन हजार रुपये भी दिए।

# नगरपालिका कर्मचारी संघ ने उपायुक्त कार्यालय पर किया प्रदर्शन


सेक्टर 12 लघु सचिवालय में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देते कर्मचारी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगरपालिका** कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर आज नगर निगम के सैकड़ों कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के समय जिला प्रधान दलीप बोहत की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय सेक्टर-12 में किया प्रदर्शन।

सेफ्टी उपकरणों के सीवर में काम करते हुए सीवर मैनो व ठेका मजदूरों की आए दिन हो रही मौतों पर रोक लगाने, हरियाणा प्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों में दलितों व पिछड़ों पर हो रहे हमलो पर रोक लगाने, महिलाओं व बच्चियों के साथ हो रहे यौन शोषण, उत्पीडन् व निर्मम हत्याओं पर रोष प्रकट करते हुए आज फरीदाबाद में उपायुक्त कार्यालय पर गरजे पालिकाओ, परिषदों, नगर निगमों व अग्निशमन विभाग के कर्मचारी। जोरदार प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम जिला उपायुक्त के प्रतिनिधि सीटीएम अमित कुमार को सौंपा ज्ञापन। इस अवसर पर नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के उप महासचिव सुनील चिंडालिया, राज्य उपप्रधान कमला आदि उपस्थित थे।

# बुलेट बाइक से पटाखे छोड़ने पर 16 बाइक की इंपाउंड

**फरीदाबाद।** डीसीपी ट्रैफिक नीतीश अग्रवाल द्वारा ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने का अभियान चलाया गया है। जिसके तहत ट्रैफिक पुलिस साइलेंसर मॉडिफाई करवा के पटाखे छोड़ने वाली बुलेट मोटरसाइकिल के कल से अब तक 16 चालान व इंपाउंड कर कानूनी कार्रवाई की गई है, साथ ही मोटरसाइकिल में मॉडिफाई करने वाले मैकेनिक के खिलाफ भी कार्यवाही की जायेगी।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक के दिशा निर्देश तथा एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में ट्रैफिक पुलिस द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे छोड़ने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कल से अब तक करीब 190 बुलेट मोटरसाइकिल को चैक किया गया चैकिंग के दौरान 16 बुलट मोटरसाइकिल का चालान व इंपाउंड कर कानूनी कार्रवाई की गई है। ट्रैफिक पुलिस ने वर्ष 2021 में पटाखे छोड़ने वाली 132 बुलेट मोटरसाइकिल को इंपाउंड किया था।

# सफाई कर्मचारियों की हाजिरी का किया औचक निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** उड़न दस्ता फरीदाबाद को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि नगर निगम फरीदाबाद व नगर परिषद पलवल के कुछ सफाई कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं आते। जिससे शहर की सफाई व्यवस्था खराब रहती है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद की अलग-अलग टीमों ने गुरुवार को नगर निगम फरीदाबाद व नगर परिषद पलवल के विभिन्न वार्डों में सफाई कर्मचारियों की हाजिरी को चेक किया।

चेकिंग पर पाया गया कि इन कर्मचारियों की हाजिरी संबंधित वार्ड में सफाई दरोगा व सहायक सफाई निरीक्षक द्वारा सुबह 8:00 से 8:30 बजे तक लेकर सफाई कार्य मे लगा दिया जाता है। ये सभी सफाई कर्मचारी सुबह 8:30 से सायं 4:00 बजे तक अपने अपने क्षेत्रों में सफाई कार्य करते हैं। सफाई कर्मचारियों की जांच में पाया गया कि नगर निगम फरीदाबाद के वार्ड नं. 16 से 19 में कुल 42 कर्मचारी हैं। जिनमे से 33 हाजिर, 6 अवकाश पर व 3 अनुपस्थित पाए गए। वार्ड नं. 27 में 47 कर्मचारियों में से 37 उपस्थित, 6 अवकाश पर व 4 अनुपस्थित पाए गए। वार्ड नं. 29 में 25 कर्मचारियों में से 23 उपस्थित, 2 अनुपस्थित पाए गए। वार्ड नं. 26 में 32 कर्मचारियों में से 15 उपस्थित व 17 अनुपस्थित पाए गए। वार्ड नं. 37 में कुल 108 कर्मचारियों में से 91 उपस्थित,


नगर निगम कर्मचारियों की हाजिरी चेक करते मुख्यमंत्री उड़न दस्ते के अधिकारी।

12 अवकाश पर व 5 अनुपस्थित पाये गए। वार्ड नं. 35 में कुल 45 कर्मचारियों में से 35 उपस्थित, 4 अवकाश पर व 6 अनुपस्थित पाये गए। वार्ड नं. 15 व 11 में कुल 50 कर्मचारियों में से 40 उपस्थित व 10 अनुपस्थित पाये गए। इस प्रकार नगर निगम के कुल 11 वार्डो में 349 सफाई कर्मचारियों में से 274 उपस्थित, 28 अवकाश पर तथा 47 अनुपस्थित पाये गए। नगर निगम के सम्बंधित सफाई दरोगा द्वारा अनुपस्थित कर्मचारियों की रिपोर्ट नगर निगम के सम्बंधित जोन को भेजी जा रही है। इसके अतिरिक्त नगर परिषद पलवल के वार्ड न. 14 से 18 में कुल 23 कर्मचारियों में से 22 उपस्थित, एक अनुपस्थित पाया गया।

# चौथे दिन हुई मां कूष्माण्डा की भव्य पूजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नवरात्रों** के चौथे दिन शहर के मंदिरों में मां दुर्गा के चौथे स्वरूप माता कूष्माण्डा की भव्य पूजा-अर्चना की गई। इनकी पूजा से रोगों का नाश होता है। धनधान्य और संपदा की प्राप्ति होती है। भौतिक और आध्यात्मिक सुख प्राप्त होता है।

**वैष्णो देवी मंदिर में :** महारानी वैष्णो देवी मंदिर में नवरात्र के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर भक्तजनों ने माता के जयकारे लगाए और मां के गीतों का गुणगान किया। मंदिन के प्रधान सेवक जगदीश भाटिया ने बताया कि सुबह से ही भक्तों का जमावड़ा मंदिर में लगा रहा। माता की आरती कर सभी की सुख-समृद्धि की कामना की गई। महारानी वैष्णो देवी मंदिर में दूरदराज से लोग माता के दर्शन के लिए आ रहे हैं। अनेक भक्त मनोकामना पूर्ण होने पर माता को नमन करने आ रहे हैं।

**काली मंदिर में :** तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ काली मंदिर में नवरात्रों के चौथे दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां भगवती कूष्माण्डा की पूजा अर्चना


तिकोना पार्क स्थित सिद्ध पीठ श्री महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में नवरात्र के अवसर पर मंदि की प्रिक्रमा करते श्रद्धालू।


सिद्ध पीठ महाकाली मंदिर मे नवरात्र के अवसर कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

की। मंदिर के प्रधान राकेश ने बताया कि मां दुर्गा के चौथे स्वरूप को कूष्माण्डा देवी कहते हैं। मान्यता है कि वे अपनी हंसी से ब्राह्मण्ड को उत्पन्न करती है। वे सूर्य मंडल के भीतर निवास करती है। सूर्य के समान उनकी दैदीप्यमान कांति है। आठ भुजाओं के कारण उन्हें अष्टभुजा देवी भी कहा जाता है। सिंह पर सवार देवी को कुम्हड़े की बलि प्रिय है। इसलिए उन्हें कूष्माण्डा देवी कहा जाता है। वैसे तो मंदिरों में पूजा अर्चना हर रोज होती है। परंतु नवरात्रे पर्व के दौरान मंदिरों में पूजा के विशेष महत्व को देखते हुए महिलाएं टोलियों के साथ मंदिरों में गीत गाते हुए पहुंच रही हैं।

## आज होगी मां स्कंद माता की पूजा

**एनएच** पांच स्थित राधा सर्वेश्वर मंदिर के संस्थापक मुनिराज ने बताया कि पांचवें नवरात्रे के दिन मां भगवती के स्कंद माता के स्वरूप की पूजा होती है। स्कंद भगवान शिव के द्वितीय पुत्र कार्तिक का नाम है। इनका नाम खंडमुख भी है। कर्तिक का नाम भगवान शिव व छह माताओं के कारण खंडमुख पड़ा। जिस समय देवताओं व असुरों में युद्ध हुआ, उस समय देवताओं के सेनापति कर्तिक के नेतृत्व में देवताओं ने दानवों पर विजय प्राप्त की थी। मां भगवती की गोद में स्कंद यानि कार्तिक भगवान विरजमान है। इनके एक हाथ में तीर और दूसरे में अभय स्तंभी है। जिन माताओं के पुत्र नही है, वह पुत्र प्राप्ति के लिए स्कंद माता का व्रत करती है। नीले रंग के फूल व कटहल चढ़ाने से माता शीघ्र प्रसन्न होती है। संसारिक शत्रु और अध्यात्मिक पर इनकी पूजा करने से विजय प्राप्त होती है। जो भक्त मां की शरण में आते हैं, मां उनकी रक्षा करती है। उन्हें तीनों प्रकारों के ताप जो आग देविक, आग भौतिक, अध्यामिक से बचाती है। वही तीन प्रकार के पापों से जिसमें काइक, वाचिक, मानसिक पाप शामिल हैं।

# 73वां दशहरा: अलैय्या बिरादरी एवं पंजाबी समाज धूमधाम से मनाएगा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**73वें** दशहरा की तैयारियों को लेकर श्रीमहावीर दल दशहरा कमेटी अखिल भारतीय लय्या बिरादरी एवं पंजाबी समाज के पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन ओल्ड फरीदाबाद में किया गया।

जिसमें सरपरस्त ओमप्रकाश नारंग, चेयरमेन लोकनाथ मिगलानी, प्रधान धर्म बरेजा, महासचिव राज मिगलानी, उपप्रधान पप्पू नागपाल, तिलकराज मिगलानी, घनश्याम वधवा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश ढीगड़ा, संगठन मंत्री डीनानाथ वधवा, किशन छाबड़ा, दीपक राज, संजय धीगड़ा, मेला प्रभारी अमित मिगलानी, मेला मंत्री टिंकू मिगलानी, सचिव मोहित नारंग, सह-मेला मंत्री राजू बतरा, कमल नारंग, धीरज शर्मा, सहसचिव मोहित, देवेन्द्र थरेजा, सहयोगी अनिल कुमार (अन्नू), उमेश गोयल, यश बब्बर, तिलक अरोड़ा व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 3 अक्टूबर को डन्डोत परिक्रमा, 5 अक्टूबर को दशहरा तथा 6 अक्टूबर को भरत मिलाप ऐसा मनाया जाएगा। जो लोगों के मन में बस जाएगा। बैठक में प्रधान धर्म बरेजा ने बताया कि इस खास और भव्य कार्यक्रम के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है और रावण देखने आने वाले परिवारों को कोई असुविधा ना हो। इसके लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री चौ. कृष्णपाल गुर्जर, विशिष्ट अतिथि विधायक सीमा त्रिखा, मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव अजय गौड, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, महापौर सुमन बाला तथा विशिष्ट अतिथि विधायक सीमा त्रिखा और निर्वतमान महापौर सुमन बाला रहेगें। इसके अलावा गेस्ट ऑफ ऑनर वरिष्ठ उपमहापौर देवेन्द्र चौधरी, एडवोकेट अश्वनी त्रिखा, हंसराज आहूजा, धर्मपाल ग्रोवर, दर्शी दीवान, चन्दर शेखर तनेजा, अश्वनी सेठी, विजय जिन्दल, अमित गुप्ता, राज भाटिया, राकेश टूटेजा व गुरूमुख सिंह भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## ओल्ड एज होम में मेला दर्पण का आयोजन




**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा एक मेला दर्पण (प्रतिबिंब बच्चों का) का आयोजन ओल्ड एज होम डबुआ कॉलोनी डबुआ में आयोजित किया गया। इस मेले में चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट डबुआ के बच्चों ने व लीगल लिटरेसी क्लब के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने बुजुर्गों से कहा कि यही आपका घर है और यही पर आपको रहना है और इन्हीं बच्चों को आप अपना बच्चा समझ कर अपने दिल में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना लाते हुए हर हाल में खुश रहना है। इस अवसर पर प्राधिकरण की तरफ से पैनल एडवोकेट रविंदर गुप्ता, रामवीर तंवर, राजेंद्र गौतम, लिखीराम, संगीता, संगीता शर्मा, नेहा गौतम, व संस्था की तरफ से धनीराम शर्मा सुपरिटेंडेंट राजेंद्र कुमार व अध्यापक उपस्थित रहे।

## विश्व हृदय दिवस पर निशुल्क शिविर का आयोजन



**फरीदाबाद।** सेक्टर-27 स्थित पीएम प्रो एक्सपोर्ट्स कंपनी की तरफ से गांव दयालपुर के सराव चौपाल पर गुरुवार को हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर मैक्स अस्पताल साकेत के डॉक्टरों की टीम ने मरीजों के ईसीजी, लिपिड प्रोफाईल, बीपी, शुगर की जांच की गई। पीएम प्रो. एक्सपोर्ट्स कंपनी कंपनी की एचआर अधिकारी नीरा धवन ने बताया कि शिविर में डॉक्टरों द्वारा खानपान और रहन-सहन को लेकर मरीजों को परामर्श भी दिया गया। एचआर अधिकारी नीरा धवन ने बताया कि गरीब मरीजों को इलाज कराने के लिए आर्थिक मदद भी की जा रही है। इस दौरान गरीबों को नि:शुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर एआईसीडब्ल्यूईटीई (ऑल इंडिया कॉन्फेडरेशन फॉर वूमन इंम्पावरमेंट थॉट एजुकेशन) के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## प्रतियोगिता में काजल और किरण ने मारी बाजी



**फरीदाबाद।** सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा महिला प्रकोष्ठ एवं रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में प्रोटीन युक्त भोजन निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विभाग की 50 से अधिक छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा काजल एवं किरण ने सबसे स्वादिष्ट एवं प्रोटीन युक्त डिश बनाकर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्या रीतिका गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि विश्वभर की आबादी का बड़ा हिस्सा आज कुपोषण का शिकार है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाली काजल और किरण को 500 रुपये, द्वितीय स्थान हासिल करने वाली पूजा भाटी एवं सोनम को 400 रुपये, तृतीय स्थान हासिल करने पर सुषमा को 300 रुपये, चौथा स्थान हासिल करने पर भावना को 200 रुपये एवं पांचवें स्थान पर रहने वाली ज्योति को 100 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कॉलेज काउंसिल से वरिष्ठ प्राध्यापिका अर्चना वर्मा, सतविंद्र कौर ने निर्णायक मंडल की भूमिका अदा की। आयोजन में रैडक्रास इंचार्ज मीनल सभरवाल एवं महिला प्रकोष्ठ इंचार्ज नेहा अग्रवाल का अहम योगदान रहा।

## यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने पर पुलिस अलर्ट

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के आदेशानुसार एवं पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ कुशल सिंह के दिशा-निर्देश तथा एसीपी सुखबीर सिंह तिगांव के मार्गदर्शन में बुधवार को छायंसा थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ यमुना नदी के नजदीक ग्राम वासियों के बीच पहुंच कर उन्हें यमुना नदी के बढ़ते हुए जलस्तर से खतरे के संबंध में जागरुक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि लोगों को यमुना नदी पर बने हथनी कुंड बैराज से छोड़े गए पानी की जानकारी दी गई। सभी लोग खासकर बुजुर्ग बच्चे यमुना नदी के पास न जाने की हिदायत दी गई है। वहां रहने वाले लोग अपने पशुओं को भी यमुना नदी के नजदीक न जाने दें।

## गरीब बच्चों को बांटी स्टेशनरी और फल

**फरीदाबाद।** समाज सेवा तप है, सबसे बड़ा धर्म है, सबसे बड़ा कर्म है। इसलिए जब भी समाज सेवा का मौका मिले उसे मन लगाकर करना चाहिए। ये विचार स्व. चन्दर प्रकाश चैरीटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राकेश मेहरा, अध्यक्ष अंजू मेहरा ने पटेल चौक हनुमान मंदिर के पीछे पढ़ने वाले स्लम क्षेत्र के बच्चों को स्टेशनरी और फल वितरित करने के दौरान कहे। स्व. चन्दर प्रकाश की छठी पुण्यतिथि पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ट्रस्ट की अध्यक्ष अंजू मेहरा, कोषाध्यक्ष मधु चावला ने कहा कि समाज के संपन्न लोगों को चाहिए कि वे गरीबों की मदद करें। इस मौके पर राकेश मेहरा, अंजू मेहरा, मधु चावला, लालदास चावला, अशोक गुप्ता, संजय साहनी, पंडित विजय शर्मा, एमडी शर्मा, महेश बजाज, आर.के अरोड़ा, प्रदीप मल्होत्रा, सरदार सुरेन्द्र सिंह, आचार्य ओमप्रकाश, सतनाम सिंह मंगल, विनोद कपूर, डीके भाटिया, मनोज सहगल, श्याम अरोड़ा, वैभव टंडन, मोनू, महेश आहूजा व संजय जुनेजा आदि लोग मौजूद थे।

## ह्दय दिवस पर सेमिनार का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** विश्व ह्दय दिवस के अवसर पर मेट्रो हॉस्पिटल के द्वारा ग्लोबल कॉन्फ्रेडशन ऑफ़ एनजीओ के साथ मिलकर ह्दय से सम्बंधित जानकारी के लिए एक सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला मुख्य चिकित्सक अधिकारी डॉक्टर विनय गुप्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त डिप्टी सीएमओ डॉक्टर गजराज, बार काउन्सिल हरियाणा एंड पंजाब के पूर्व चैयरमेन ओपी शर्मा, बार एसोसिएशन फरीदाबाद के प्रेजिडेंट के पी तेवतिया, ग्लोबल कॉन्फ्रेडशन ऑफ़ एनजीओ के संस्थापक प्रेजिडेंट प्रवेश मलिक और वाईस प्रेजिडेंट अनिल शर्मा, मेट्रो हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर नीरज जैन तथा चीफ एडमिनिस्टटर अफसर मिस सना तारिक़ भी मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उसके बाद मेट्रो हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. नीरज जैन ने कहा की।

## सेव फरीदाबाद ने की समस्याओं के समाधान की मांग



**फरीदाबाद।** एफएमडीए की कोऑर्डिनेशन कमेटी मीटिंग में एफएमडीए के निमंत्रण पर सेव फरीदाबाद एनजीओ की ओर से पारस भारद्वाज, पूर्व सैनिक सतिंद्र दुग्गल, राजेश दहिया व नजर मोहम्मद शामिल हुए। इस मीटिंग की अध्यक्षता एफएमडीए के सीईओ सुधीर राजपाल ने की। इस मीटिंग में राजपाल के अलावा नगर निगम के कमिश्नर जितेंद्र दहिया, एचएसवीपी की प्रशासक डॉ. गरिमा मित्तल व उपायुक्त विक्रम अपनी-अपनी टीम के साथ शामिल हुए। नगर निगम कमिश्नर जितेंद्र दहिया ने सुधीर राजपाल, सीईओ एफएमडीए को इस समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

# पीएफआई पर प्रतिबंध

## स्वागत योग्य कदम

**सरकार** ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह स्वागत योग्य कदम है, पर उसे यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि इसे मुस्लिम-विरोधी फैसले की तरह नहीं देखा जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने अवैध गतिविधियां प्रतिबंध कानून के अंतर्गत पापुलर फ्रंट आफ इंडिया-पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि पीएफआई पर पहले ही पिछले पांच साल से आतंकी फंडिंग संपर्कों के कारण गृह मंत्रालय ने लगाम लगा रखी थी। देश के अनेक भागों में केन्द्रीय एजेंसियों ने इसके ठिकानों पर अनेक छापे मारे थे तथा सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया था। यह पूरी तरह स्पष्ट है कि पीएफआई एक इस्लामवादी संगठन है, पर सरकार को अदालत में इस प्रतिबंध को उचित ठहराना होगा जहां इसे चुनौती देने की संभावना है। वास्तव में पीएफआई उन इस्लामवादी संगठनों में शामिल है जिन्होंने अपने भ्रामक नाम रखे हैं। उदाहरणार्थ, इसकी राजनीतिक शाखा को सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया-एसडीपीआई कहा जाता है। इसके साथ ही इसके संगठनों में रिहैब इंडिया फाउंडेशन, कैम्पस फ्रंट आफ इंडिया-सीएफआई, नेशनल कन्फेडरेशन आफ ह्यूमन राइट्स आर्गेनाइजेशन-एनसीएचआरओ, नेशनल वीमेन्स फ्रंट, इम्पावर इंडिया फाउंडेशन, आदि शामिल हैं। इन सब पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। हालांकि, एक अपवाद आल इंडिया इमाम्स कौंसिल है। मार्च, 2015 में पीएफआई के सार्वजनिक संबंध अधिकारी मुहम्मद आरिफ अहमद खान ने अपनी संस्था को 'लोगों को न्याय, स्वतंत्रता व सुरक्षा सुनिश्चित करने में सशक्तीकरण हेतु प्रतिबद्ध नव-सामाजिक आंदोलन' बताया था।



यह उनकी ओर से बहुत चालाकी भरा कदम था क्योंकि यह शब्दावली उदारवादी व बुद्धिजीवी पसंद करते हैं। आमतौर से सरसरी तौर से देखने पर शायद ही न्याय, स्वतंत्रता व सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध लोगों से किसी का झगड़ा हो।

लेकिन अच्छे लगने वाले नामों तथा अच्छे उद्देश्यों के पीछे संगठन के असली उद्देश्य छिपे थे। वह सभी तरीकों से मुसलमानों के सभी तबकों का उग्रवादीकरण करना चाहता था जिसमें समझाना-बुझाना भी शामिल है। 'हिजाब अभियान' उसके उग्रवादीकरण का हिस्सा था जिसके चलते आज हिजाब पहनना एक पीढ़ी पहले की तुलना में बहुत जरूरी हो गया है। सभी जानते हैं कि कर्नाटक के शिक्षा संस्थानों में लड़कियों को इस्लामी वेशभूषा धारण करने पर जोर देने में सीएफआई की क्या भूमिका रही है। वास्तव में चरमपंथी मुसलमानों ने अपने धर्म वालों को इस्लाम का 'शुद्धतावादी' रास्ता अपनाने को समझा लिया है या इसके लिए मजबूर किया है जो महिलाओं के लिए खासकर उत्पीड़क है। मुस्लिम समाज के तालिबानीकरण से एकदम अलग पीएफआई व उसके सहयोगी संगठन हिंसक गतिविधियों में भी शामिल थे। एक दशक पहले उन्होंने केरल के एक प्रोफेसर के हाथ काट लिए थे जिस पर पैगंबर मुहम्मद के बारे में कुछ 'अनुचित' कहने का आरोप था। केरल सरकार ने भी पीएफआई व ऐसे संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की थी। संक्षेप में कहा जाए तो मोदी सरकार को केवल पीएफआई के खिलाफ कार्रवाई के कारण मुस्लिम-विरोधी नहीं कहा जा सकता है, लेकिन इस संबंध में कुछ मुद्दे महत्वपूर्ण हैं। पहला, सरकार पर प्रवर्तन निदेशालय व केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो जैसी एजेंसियों का राजनीतिक उद्देश्यों के लिए प्रयोग करने का आरोप लगता है, इसलिए उचित काम करने पर भी उनके कामों पर सवालिया निशान लगते हैं। दूसरा, जहां आपराधिक गतिविधियों में शामिल इस्लामवादी संगठनों से कठोर व्यवहार किया जाना चाहिए, वहीं अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर उन संगठनों के खिलाफ भी कार्रवाई करनी चाहिए जो स्वयं को अन्य विश्वासों का प्रतिनिधि बताते हैं। सरकार को इन मुद्दों को संबोधित करना चाहिए।

# जीएसटी ढांचे का सरलीकरण जरूरी

**हमारे देश को कर व्यवस्था की विसंगतियों से मुक्ति दिलाने के लिए वर्तमान जीएसटी ढांचे, करों के स्तर तथा रियायतों की तत्काल समीक्षा होनी चाहिए।**



**सुभाष चंद्र अग्रवाल**
(लेखक, आरटीआई सलाहकार हैं।)



भारत की जटिल कर व्यवस्था 6 दशक पुराने आयकर कानून, 1961 के कारण है जिसमें अनेक संशोधन तथा भ्रमित करने वाले परिवर्तन किए गए हैं। इसी तरह 1 जुलाई, 2017 से लागू वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी कानून में भी शुरुआत से अनेक संशोधन किए गए हैं। इस प्रकार लगातार बदलते कर ढांचे तथा लगातार भ्रमित करने वाली जीएसर्टी व्यवस्था इसमें शामिल किए गए जटिल प्राविधानों के कारण बहुत अधिक भ्रामक बन गई है। इसे देखते हुए निरर्थक छोटे-मोटे परिवर्तनों तथा अधिकतर दुरुपयोग का शिकार संशोधनों के बजाय एक बिल्कुल नई कर व्यवस्था की जरूरत है। राजा चेल्लैया समिति की संस्तुतियों का क्रियान्वयन करते हुए अधिकतम कर की दर 30 प्रतिशत रखना दुनिया के अधिकांश देशों के व्यवहारों के अनुरूप है। इससे 'काले' धन को 'सफेद' धन में बदलने की आदतों पर लगभग पूर्ण विराम लगने की उम्मीद है। लेकिन सेस व सरचार्ज लगा कर इस अधिकतम दर को धीरे-धीरे बढ़ाने के प्रयासों ने नकारात्मक परिणाम दिए हैं। अधिकतम कर की दर 30 प्रतिशत बहाल की जानी चाहिए ताकि लोग खातों में अपनी पूरी आमदनी दिखाना लाभदायक समझें। इसके साथ ही एक स्थाई स्वैच्छिक घोषणा योजना शुरू की जानी चाहिए जहां टैक्स-रिटर्न में 30 प्रतिशत की अधिकतम कर के साथ ही बिना स्रोत बताए कोई आमदनी घोषित की जा सके। यदि पंजीकरण फीस को घटा कर केवल 3 प्रतिशत कर दिया जाए तो इससे प्रापर्टी लेनदेन में नकदी प्रयोग का खुलासा हो सकेगा। सर्वोच्च 30 प्रतिशत की दर से कर भुगतान करने वाले सभी लोगों के नाम उनके द्वारा घोषित आय के अनुसार वेबसाइट पर होने चाहिए ताकि अपनी हैसियत की चिन्ता करने वाले लोग ज्यादा आमदनी घोषित करने के लिए प्रेरित किए जा सकें। टैक्स छूट की आधारभूत दर पांच लाख रुपये तय की जानी चाहिए तथा दान, राजनीतिक पार्टियों को चंदे व कृषि आय समेत अधिकांश कर रियायतों को समाप्त करना चाहिए क्योंकि ज्यादातर इनका दुरुपयोग होता है। उदाहरणार्थ, एक सामान्य किसान की आय 5 लाख रुपये से अधिक नहीं होती है, पर इस प्राविधान का दुरुपयोग सेलेब्रिटीज़ समेत अधिकांशतः अत्यधिक अमीर लोग अपनी अघोषित आय को कृषि आय के रूप में घोषित कर करते हैं। गांवों की कुछ जमीन केवल इसी उद्देश्य से खरीदी जाती है, जबकि व्यावहारिक रूप से उसका कृषि उत्पाद कुछ नहीं होता है। आय कर 5-10 लाख की आय पर 10 प्रतिशत तथा 10-15 लाख की आय पर 20 प्रतिशत तथा इससे अधिक आय पर 30 प्रतिशत होना चाहिए। दुनिया के अधिकांश देशों की तरह कैलेंडर वर्ष व वित्त वर्ष एल.के. झा समिति संस्तुति के अनुसार एक ही होना चाहिए। इस प्रकार एक और ब्रिटिश विरासत समाप्त हो सकती है जिसके अनुसार वित्त वर्ष वर्तमान समय में अप्रैल से मार्च होता है।

हास्यास्पद रूप से टैक्स व कार्पोरेट आडिट के लिए डेप्रीसियेशन दरें अलग-अलग हैं। इसके बजाय एक समान व एकीकृत कर व कार्पोरेट आडिट होना चाहिए। भीम एप, आदि के माध्यम से किए जाने वाले छोटे नकदी लेनदेन पर ध्यान देने के बजाय 10,000 रुपये से अधिक सभी खरीद-बिक्री अनिवार्य रूप से बैंक लेनदेन के माध्यम से होनी चाहिए। इसके लिए क्रेडिट कार्डों पर लेनदेन चार्ज को घटा कर केवल आधा प्रतिशत किया जाना चाहिए जिसे केन्द्र सरकार को वहन करना चाहिए। इसके साथ ही क्रेडिट कार्ड के माध्यम से खरीद पर सारे प्रोत्साहनों को समाप्त कर देना चाहिए। वर्तमान समय में क्रेडिट कार्डों पर 2 प्रतिशत लेनदेन चार्ज के कारण खासकर कम मुनाफे वाले क्षेत्रों में व्यापारी इसे ग्राहकों से वसूल करते हैं। हालांकि, आधा प्रतिशत लेनदेन चार्ज केन्द्र सरकार द्वारा वहन करने के बजाय वर्तमान व्यवस्था से सरकार को ज्यादा कर राजस्व प्राप्त होता है। क्रेडिट कार्डों के बहुआयामी प्रयोग से क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंकों को आधा प्रतिशत लेनदेन चार्ज होने पर भी ज्यादा आमदनी होगी। प्रत्येक जीएसटी पंजीकृत व्यापारी के लिए दो प्रकार की क्रेडिट कार्ड स्वाइप मशीनें अनिवार्य की जानी चाहिए जो क्रेडिट कार्डों से भुगतान से बचने के लिए नकदी भुगतान प्राप्त करते हैं और इसके लिए स्वाइप मशीन के खराब होने का बहाना बनाते हैं।

विनिर्माण क्षेत्र में जीएसटी व्यवस्था में इन्पुट टैक्स क्रेडिट व्यवस्था सबसे बड़े भ्रष्ट व्यवहार के रूप में सामने आई है। इसके चलते सामान्य ग्राहकों की जीएसटी-इन्वायसें व्यापारी विनिर्माताओं या उत्पादकों को बेच देते हैं जो इन पर इन्पुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त कर लेते हैं जबकि व्यापारी इनके लिए नकद भुगतान करते हैं क्योंकि सामान्य ग्राहक ज्यादा नकदी का प्रयोग करते हैं। यही कारण नोटबंदी विफल होने के पीछे है जो मुद्रा का प्रचलन रोकने में विफल रहा है और नकदी के प्रवाह में कमी के बजाय इसमें तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। इन्पुट टैक्स क्रेडिट के दावों पर अनिवार्य रूप से वार्षिक फारेंसिक आडिट किया जाना चाहिए ताकि विनिर्माता व उत्पादक इन्पुट टैक्स क्रेडिट के फर्जी दावे न कर सकें। एक अध्ययन किया जाना चाहिए कि यदि 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब को समाप्त कर इन्पुट टैक्स क्रेडिट को विनिर्माण-उत्पादक क्षेत्र से समाप्त किया जाए तथा इसे केवल व्यापार योग्य वस्तुओं तक सीमित किया जाए।

लेकिन इन्पुट टैक्स क्रेडिट व्यवस्था में ऐसा सुधार जीएसटी कर ढांचे में आमूल परिवर्तन के बिना संभव नहीं होगा जहां शुरुआत में बाकी सभी वर्तमान जीएसटी दरों को समाप्त कर 6, 12 व 30 प्रतिशत की दरें रखी जानी चाहिए। भारत अकेला ऐसा देश है जहां जीसटी की इतनी अधिक दरें हैं। धीरे-धीरे 6 व 12 प्रतिशत के स्लैब समाप्त कर केवल नया 10 प्रतिशत वाला कर ढांचा बनाया जा सकता है। बिना ब्रांड वाले कच्चे माल पर शून्य प्रतिशत जीएसटी रखना चाहिए। इसे बिना फिनिश टच दिए जाने वाले कृषि उत्पादों, मछली, मांस, सूती धागे, आदि के लिए प्रयोग किया जा सकता है। दीर्घकालीन उपयोग वाली चीजों जैसे, कारों, एयरकंडीशनरों, टीवी, रेफ्रीजरेटरों, आदि पर 30 प्रतिशत जीएसटी लगाया जा सकता है और इनके हिस्से पुर्जो पर समान रूप से 12 प्रतिशत जीएसटी लगना चाहिए। बिना सोचे समझे नीतियां बनाने वालों ने क्लच प्लेट व क्लच बियरिंग को 18 व 28 प्रतिशत के अलग-अलग जीएसटी स्लैब में रखा है। इसी प्रकार मिठाइयों की तरह बेची जाने वाली कन्फेक शनरी, बिस्कुट, नैपकिन, आदि पर अलग-अलग जीएसटी लगती है, जबकि मधुमेह का कारण बनने वाली मिठाइयों पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगती है। भ्रम व असाधारण स्थिति दूर करने के लिए सोने के जेवर जैसी चीजों को दो हिस्सों में बांटा जाना चाहिए जिसमें से एक धातु व जड़ाऊ चीजों तथा दूसरा बनवाई चार्ज का हो ताकि बनवाई पर केवल 12 प्रतिशत जीएसटी लग सके। अत्यधिक शानोशौकत वाली चीजों के लिए 60 प्रतिशत तक जीएसटी लग सकता है। सभी राज्यों में पेट्रोल व डीजल के समान मूल्य सुनिश्चित करने के लिए इनको भी जीएसटी व्यवस्था में लाया जाना चाहिए। तीन व पांच प्रतिशत की जीएसटी दरों को 6 प्रतिशत में लाने से 18 प्रतिशत स्लैब समाप्त करने की तुलना में ज्यादा लाभ होगा। गैर-व्यापारिक वस्तुओं व सेवाओं, जैसे गैर-वाणिज्यिक कार रखरखाव खर्च पर इन्पुट टैक्स क्रेडिट-आईटीसी नहीं लागू होना चाहिए। इसे समाप्त करना स्वागत योग्य कदम है।

18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब समाप्त कर सेवाक्षेत्र को 12 प्रतिशत स्लैब में लाने से 10 लाख या इससे अधिक आय वाले लोगों को जीएसटी-पूर्व व्यवस्था की तरह कर दायरे में लाया जा सकता है। वकीलों को जीएसटी दायरे से बाहर रखना पूर्णतः अतार्किक है। सेवाक्षेत्र में 18 प्रतिशत जीएसटी बहुत अधिक है, जबकि टीवी चर्चाओं में शामिल होने वाले लोग अपने मानदेय का लगभग आधा जीएसटी व आय कर के रूप में टैक्स दे देते हैं। जीएसटी के लिए स्रोत पर कर कटौती की निरर्थक व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त किया जाना चाहिए। कटौती वाले कर की वापसी के लिए एक नया मासिक रिटर्न भरने की जटिल व्यवस्था भी अनुचित है। जीएसटी के संपूर्ण ढांचे का इतना सरलीकरण होना चाहिए कि छोटे व्यापारी, विनिर्माता व पेशेवर आसानी से बिना जीएसटी कंसल्टेंट के अपने टैक्स रिटर्न आसानी से भर सकें। सभी सरकारी भुगतानों को जीएसटी से बाहर माना जाना चाहिए। इससे सरकार को अनावश्यक एकाउंटिंग से मुक्ति मिलेगी कि सरकार की एक जेब से दूसरी जेब में कितना पैसा गया।

# पीएमश्री स्कूलों की परिवर्तनकारी भूमिका

**अशोक पाण्डेय**
(लेखक, शिक्षाशास्त्री हैं)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव काल में शिक्षा को सब तक पहुंचाने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने महत्वपूर्ण आधार तैयार किया है।

पीएम श्री स्कूलों को कैबिनेट की मंजूरी देश के लिए शिक्षा में एक लंबी छलांग लगाने का दुर्लभ अवसर प्रस्तुत करती है। इन स्कूलों का उद्देश्य देश के दूरदराज के चयनित स्कूलों में विश्वस्तरीय अद्यतन सुविधायें उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 स्कूलों को बौद्धिक विकास और चरित्र निर्माण के स्थलों के रूप में मान्यता देती है। छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने और सामुदायिक विकास में सक्रिय भागीदार बनने के लिए तैयार करना नीति का मूल उद्देश्य है। नीति में अकादमिक से बढ़कर छात्रों में ध्यान देने की क्षमता बढ़ाने की परिकल्पना की गई है, जिससे संपूर्ण बाल विकास को बढ़ावा मिलता है।

नीति के पैरा 4-43 में विस्तार से बताया गया है कि छात्रों में सीखने की क्षमता को बढ़ावा देना स्व-विनियमित शिक्षण, स्व-मूल्यांकन, सहकर्मी-शिक्षण और सहकर्मी से सहकर्मी मूल्यांकन के साथ शुरू होना चाहिए। यह छात्रों को परस्पर संवाद करने और शिक्षक को उनके सीखने पर विचार करने और सहयोग के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। इसके साथ ही शिक्षा नीति में छात्रों की शिक्षा की जीवन में व्यावहारिक उपयोगिता पर भी समुचित ध्यान दिया गया है। प्रारंभिक इंटर्नशिप संभावनाएं, रोजगार संभावनाएं, सांस्कृतिक दक्षताओं का निर्माण, स्वयंसेवा की भावना, जीवन कौशल में सूक्ष्म प्रतिष्ठा और स्कूल-कॉलेज की साझेदारी छात्रों को आजीवन शिक्षण के पथ पर ले जाएगी।

एनईपी 2020 के पैमाने की नीति के लिए सक्षम कानून, पाठ्यक्रम ढांचा, अंतर-मंत्रालयी संवाद और कई स्तरों पर कार्यान्वयन के लिए जमीन तैयार करने की आवश्यकता है। नीति अपने पाठ्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रही है जिसमें प्रधान मंत्री भी सामने आकर नेतृत्व कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने अनेक भाषणों के माध्यम से छात्रों में विषय-आधारित कार्य आवंटन, और भागीदारी कार्यान्वयन रणनीति पर चर्चा शुरू कर रहे हैं। प्रधानमंत्री बार-बार छात्रों की आवश्यकताओं तथा उनके प्रति माता-पिता व अन्य सभी लोगों को ध्यान देने के महत्व पर राष्ट्र को संबोधित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के संबोधनों पर पूरे राष्ट्र की प्रतिक्रिया सकारात्मक है, और इससे अकादमिक जगत भी उत्साह में है। इससे संकेत मिलता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 परिवर्तन के लिए पैरवी का काम कर रही है। एक बार जब नीति लागू हो जाती है, कल्पित परिणामों को मान्यता दी जाती है, और ढांचागत आवश्यकताओं की पहचान की जाती है, तो हमें सीखने और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मजबूत संस्थानों की आवश्यकता होती है।

बजट भाषण 2021-22 में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की थी कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी घटकों को शामिल करने के लिए 15000 से अधिक स्कूलों को गुणात्मक रूप से मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा था कि ये स्कूल अपने क्षेत्रों में पीएम -श्री स्कूलों के रूप में उभरेंगे तथा नीति के आदर्शों को प्राप्त करने के लिए अन्य स्कूलों के साथ कदम-कदम मिलाकर चलेंगे और वस्तुस्थिति की निगरानी भी करेंगे। इन घोषणाओं के परिणामस्वरूप केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में पीएम-श्री स्कूलों (पीएम स्कूल्स फार राइजिंग इंडिया) की स्थापना के लिए एक नई केंद्र प्रायोजित योजना शुरू करने को मंजूरी दी है। ये स्कूल अन्य स्कूलों को प्रभावित और प्रेरित करेंगे, प्रदर्शन-आधारित बजटीय आवंटन प्राप्त करेंगे और मानक पैमानों का पालन करेंगे। पांच वर्षों की अवधि के लिए कुल 27,360 करोड़ रुपये की परियोजना लागत में से 18,128 करोड़ रुपये का महत्वपूर्ण योगदान केंद्र से आएगा, और शेष 9,232 करोड़ रुपये राज्य व केंद्र शासित प्रदेश जुटाएंगे। इस योजना के तहत चयन के लिए केंद/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों/स्थानीय स्व-सरकारों द्वारा प्रबंधित यूडीआईएसई कोड वाले स्कूलों पर विचार किया जाएगा। पीएम-श्री स्कूलों का चयन चैलेंज मोड के जरिए किया जाएगा, जहां स्कूल एक कठोर तीन-चरणीय प्रक्रिया से गुजर कर एक सफल अनुकरणीय स्कूल बनने के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। चयनित स्कूल 2022-23 से 2026-27 तक हस्तक्षेप, समर्थन और गुणवत्ता-मूल्यांकन से होकर गुजरेंगे। पूरी प्रक्रिया एक ऑनलाइन चैलेंज पोर्टल द्वारा संचालित होगी, जो शुरुआती दो वर्षों के लिए प्रत्येक तिमाही में एक बार खुलेगा। नीति निर्धारित करती है कि प्रति ब्लॉक अधिकतम दो विद्यालयों -एक प्राथमिक और एक माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक- का चयन किया जाएगा। भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान (बीआईएसएजी-एन) जियो-टैगिंग और अन्य संबंधित कार्यों में योजना की सेवा करेगा। इन सारे प्रयासों व नीति-निर्धारणों के बावजूद बड़ा सवाल यह है कि उभरते भारत के लिए पीएम स्कूल खुद को बाकी स्कूलों से कैसे अलग करेंगे। इसके लिए समग्र रूप से शिक्षाशास्त्र तथा भविष्य की आवश्यकताओं पर ध्यान देना जरूरी होगा।

भविष्य के जीवन और छात्रों के भावी पेशेवर करियर के लिए शिक्षण अनुभव की प्रासंगिकता को बढ़ावा देने तथा ज्ञान व कुशलता-अर्जन के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाने के अलावा, स्कूल-परिवेश में अपनेपन की भावना पैदा कर, सीखने और सफल होने के लिए प्रेरणा के जरिए समग्र बाल-शिक्षा होना सरकार का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है।

इसके अलावा, स्कूलों में विभिन्न स्तरों पर प्रयोग की जाने वाली अंतरनिहित तकनीक को व्यक्तिगत और महारत-आधारित शिक्षण को सक्षम बनाना चाहिए। एडटेक के हस्तक्षेप से डेटा, शैक्षिक परिणामों व समय पर हस्तक्षेप की ट्रैकिंग बार-बार की जा सकती है, जिसके परिणामस्वरूप प्रत्येक छात्र को पाठ्यक्रम सुधार, उपचार और त्वरित मार्गदर्शन मिलता है। पीएम-श्री स्कूल एक संरचित दृष्टिकोण के माध्यम से शिक्षकों में भी प्रतिभा का प्रबंधन करेंगे। इसके अंतर्गत निर्णय लेने और नीति के क्रियान्वयन में शिक्षकों को पूरी तरह शामिल किया जाएगा। शिक्षकों को मूल्यवान संपत्ति के रूप में मानना, उनकी क्षमता निर्माण में सचेतन निवेश, करियर प्रबंधन और पदोन्नति इन स्कूलों की पहचान होगी। पीएम-श्री स्कूल माता-पिता को शिक्षण में भागीदार के रूप में आमंत्रित करने का प्रयास करेंगे। शिक्षार्थियों को लाभ पहुंचाने के लिए अनेक बच्चों के माता-पिता के पास उपलब्ध संसाधनों, ऊर्जा व शिक्षा क्षेत्र से जुड़े स्थानीय नेटवर्क का लाभ उठाया जा सकता है। पीएमश्री स्कूलों को सफल बनाने के लिए इंटरैक्टिव, सहभागी, अनुभवात्मक अध्यापन और शिक्षार्थियों को अपने व्यवहार को बदलने में सक्षम बनाने और सतत विकास लक्ष्यों के लिए कार्य करने में बदलाव की भी आवश्यकता है।

## आप की बात

### मंदिरों पर हमले

**ब्रिटेन** में हिंदू मंदिरों पर दूसरी बार हमला किया गया है। इसके कुछ समय पहले भी ब्रिटेन में विष्णु मंदिर पर हमला किया गया था और अब आज मां दुर्गा के मंदिर पर हमला किया गया एवं मंदिर पर लगे भगवा झंडे को तोड़ दिया गया। अक्सर देखा गया है कि विदेशों में हिंदू-मुस्लिम आपस में मिलजुल कर रहते हैं एवं एक दूसरे के धार्मिक स्थलों का भी सम्मान करते हैं परंतु आजकल जिस तरह से पाकिस्तान इस एकता को तोड़ने का प्रयास कर रहा है, वह दुखदाई है। अतः यह तो किसी की साजिश है जो बार-बार हिंदुओं को परेशान कर रहा है एवं उनके देवी-देवताओं को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। हमें लगता है इस हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ है जो आज हिंदुस्तान में तो छोड़िए विदेश में भी हिंदू मुस्लिम एकता को पचा नहीं पा रहा है तथा विदेशों में हिंदू मुस्लिम एकता को खत्म करके उनकी सांप्रदायिक एकता को नष्ट कर रहा है। ब्रिटेन सरकार से अपेक्षा है वह हिंदू देवी-देवताओं के मंदिरों पर हो रहे हमले के हमलावरों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें तथा उनको सजा दिलाएं। ब्रिटेन की गृह सचिव ने इस बारे में आश्वासन भी दिया है। देखना होगा कि उसका क्या नतीजा निकलता है।

**-मनमोहन राजावत राज**, शाजापुर

### शिक्षा का स्तर

**केंद्रीय** शिक्षा मंत्रालय ने जुलाई 2022 की राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग जारी की है। श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ संस्थान ने 90.04 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। लेकिन 50वें सर्वश्रेष्ठ ने केवल 50.11 प्रतिशत स्कोर किया, जबकि 100वें सर्वश्रेष्ठ संस्थान ने मात्र 40.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और 200वें स्थान पर रहने वाले संस्थान ने 33.7 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त किए। अब कोई भी कल्पना कर सकता है कि क्या गुणवत्ता होगी शेष 1049 संस्थानों की, जिन्होंने आवेदन किया लेकिन रैंक नहीं मिली। लगभग 4500 संस्थानों में यह स्थिति कितनी भयानक होगी, जिन्होंने रैंकिंग के लिए आवेदन भी नहीं किया था। इस तरह की कड़ी प्रतिस्पर्धा में एक तरफ निराशा और लगातार परिवार का दबाव चिंता-अवसाद का कारण बनता है, यहां तक कि छात्रों में आत्महत्या की प्रवृत्ति को भी जन्म देता है। लगभग हर महानगर में दर्जन इंजीनियरिंग कालेज है मगर गुणवत्ता वाली शिक्षा देने वाले संस्थानों की बहुत बड़ी कमी है अब यह राष्ट्र के ऊपर है कि वह इंजीनियरिंग संस्थानों के बीच बढ़ता अंतर कम करे और तकनीकी उच्च शिक्षा तक पहुंच में अवसर की समानता सुनिश्चित करे।

**-परमवीर 'केसरी'**, मेरठ


### मूनलाइटिंग की मजबूरी

**वर्तमान** दौर भौतिकवाद का है। बाजारवाद सामाजिक जीवन पर हावी है। व्यक्ति की आवश्यकताएं बढ़ी हैं। प्राइवेट संस्थानों में कार्य करने वाले कई कर्मचारी अपने मूल जॉब के अलावा अन्य जगह भी कार्य करते हैं। शासकीय कर्मचारी के लिए तो ऐसा करने की अनुमति नहीं है पर प्राइवेट संस्थानों में कार्य करने वाले कर्मचारी ऐसा कर सकते हैं। आईटी कंपनियों में एक साथ दो जगह नौकरी (मूनलाइटिंग) करने का ट्रेंड काफी विकसित हुआ है। कुछ आईटी कंपनियां इसे नाजायज ठहराती हैं तो कुछ कंपनियां इसके पक्ष में नजर आती हैं। विप्रो एवं इंफोसिस जैसी कंपनियां एक साथ दो जगह जॉब करने को अनुचित मानती हैं। विप्रो कंपनी ने तो अपने 300 से भी ज्यादा कर्मचारियों को दो जगह जॉब करने के कारण सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इससे व्यक्ति पर शारीरिक एवं मानसिक रूप से दबाव बढ़ता है। अतिरिक्त आय के लिहाज से व्यक्ति दो जगह जॉब करता है। मगर अपनी जरूरतों को थोड़ा कम करते हुए इंसान को अपने मूल जॉब पर ही फोकस करना चाहिए।

**-ललित महालकरी**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**यह** महत्वपूर्ण नहीं है कि हम अपने सैनिक उपकरण कहां खरीदते हैं और भू-राजनीति में परिवर्तन से इसमें कितना बदलाव आया है।

**- एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री



**इटली** ने हमें चुना है और हम उसे धोखा नहीं देंगे। हम जनता को एकजुट करने के उद्देश्य से शासन करेंगे।

**- जार्जिया मेलोनी**
इटली की निर्वाचित प्रधानमंत्री



**एक** समूह के रूप में हम अगले दशक में 100 बिलियन डालर से अधिक पूंजी निवेश करेंगे।

**- गौतम अडानी**
उद्योगपति

# काशी में होगा शंघाई सहयोग संगठन का आयोजन

## पीएम की अध्यक्षता में संगठन की होगी बैठक, सदस्यों को किया गया आमंत्रित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारत** में शंघाई कॉपरेशन आर्गेनाइजेशन का आयोजन प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। काशी शहर को विश्व की फर्स्ट इवर एस.सी.ओ. कल्चरल एण्ड टूरिस्ट कैपिटल के रूप में इण्डियाज ऑफिसियल नॉमिनेशन हेतु विश्व पटल पर नामित किया गया है। शंघाई कॉपरेशन आर्गेनाइजेशन के आठ सदस्यीय देशों यथा- भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, तजाकिस्तान एवं उज्बेकिस्तान द्वारा आयोजन में प्रतिभाग किया जायेगा।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अक्टूबर, 2022 से मई, 2023 तक आयोजित होने वाले आयोजनों की समीक्षा के दौरान कहा कि देव-दीपावली के अवसर पर हॉट-एयर बैलून कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। जनपद वाराणसी में पेइंग गेस्ट हाउस की संख्या में बढ़ोत्तरी की जाये। इस आयोजन पर इवेन्ट बुकलेट का निर्माण कराया जाये, तथा एस.सी.ओ. की ऑफिशियल वेबसाइट एवं अन्य महत्वपूर्ण वेबसाइट्स पर प्रचार-प्रसार कराया जाये। टूरिज्म इन्स्टीट्यूट की पर्याप्त मात्रा में सहभागिता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से मेम्बर सदस्य देशों की आईटिनरी प्रदेश सरकार को यथाशीघ्र प्रेषित करने का अनुरोध कर लिया जाये। उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा इस आयोजन हेतु एस.सी.ओ. के सदस्य देशों के लिए लोगो एवं डोजियर का ड्राफ्ट प्रदेश के मुख्य सचिव द्वारा सचिव, (इकोनॉमिक रिलेशन), विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को विभिन्न आयोजन हेतु काशी में प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित कराये जाने वाले आयोजनों में शंघाई कॉपरेशन आर्गेनाइजेशन के प्रत्येक सदस्य देशों से 10 सदस्य प्रतिमाह प्रतिभाग प्रति आयोजन हेतु सदस्यों को काशी में अक्टूबर, 2022 से मई, 2023 तक आयोजित होने वाले आयोजनों में आमंत्रित किया गया है। आयोजनों में एस.सी.ओ. मेम्बर स्टेट के लगभग 80 मेम्बर्स प्रति देश को प्रतिमाह काशी में आयोजित किये जाने वाले फेस्टिवल कैलेण्डर में आमंत्रित किया गया है।

बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम ने अक्टूबर, 2022 से मई, 2023 तक आयोजित होने वाले मुख्य आयोजनों/इवेन्ट्स के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि काशी में 4 से 06 अक्टूबर, 2022 तक रामनगर रामलीला, 5 से 8 नवम्बर, 2022 तक देव दीपावली, 9 से 13 दिसम्बर, 2022 तक ट्रैवल राइटर्स कॉन्क्लेव व इण्टरनेशन हैण्डीक्राफ्ट कॉन्क्लेव, 17 से 20 जनवरी, 2023 तक सिटी बैलून फेस्टीवल व ऑल इंडिया बोट रेस, 16 से 18 फरवरी, 2023 तक महाशिवरात्रि व काशी फोटोग्राफी एण्ड पेण्टिंग इवेंट, 10 से 12 मार्च, 2023 तक इंटरनेशनल फ्यूजन म्यूजिकल फेस्टिवल, 7 से 9 अप्रैल, 2023 तक इंटरनेशनल लिट्रेचर फेस्टिवल, 5 से 7 मई, 2023 तक इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

# व्यापार और कृषि क्षेत्र में निवेश को इच्छुक है अर्जेंटीना

● मुख्यमंत्री से की अर्जेंटीना के राजदूत ने शिष्टाचार भेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ से गुरुवार को अर्जेंटीना के राजदूत ह्यूगो जेवियर गोब्बी ने शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान राजदूत गोब्बी ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलाव और सर्वसमावेशी विकास नीतियों की सराहना की। राजनयिक गोब्बी ने उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयासों, विशेषकर 'मिशन शक्ति' को प्रभावशाली बताते हुए प्रदेश में महिला उद्यमिता के प्रोत्साहन की नीतियों की सराहना की।

सबसे बड़े सिविल पुलिस बल 'उत्तर प्रदेश पुलिस' की कार्यशैली की सराहना करते हुए राजदूत महोदय ने विगत साढ़े पांच वर्षों में प्रदेश में सुदृढ़ कानून व्यवस्था और पुलिस आधुनिकीकरण के क्षेत्र में मुख्यमंत्री की नीतियों और क्रियान्वयन को अत्यंत उपयोगी बताया। भेंट के दौरान उत्तर प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों के शैक्षिक गुणवत्ता सुधार व तकनीकी ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए अर्जेंटीना के संस्थानों के साथ एमओयू के सम्बन्ध में चर्चा हुई। प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए मुख्यमंत्री द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए, राजदूत ह्यूगो ने प्रदेश में फुटबॉल खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए अर्जेंटीना के प्रशिक्षकों के सहयोग का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने इस पर प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम वर्ष 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के आयोजन की तैयारी कर रहे हैं। अर्जेंटीना के उद्यमियों के लिए यह एक अच्छा अवसर हो सकता है। दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिहाज से यह महत्वपूर्ण अवसर है। मुझे उम्मीद है कि अर्जेंटीना की ओर से सकारात्मक सहयोग प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हम विनिर्माण उद्योग को प्रोत्साहित कर रहे हैं। अवसंरचना विकास को लेकर कई बड़े प्रोजेक्ट चल रहे हैं। उत्तर प्रदेश 5 एक्सप्रेस वे और 9 एयरपोर्ट वाला राज्य है। बहुत जल्द 5 और एयरपोर्ट शुरू होने जा रहे हैं। इसके अलावा अतिशीघ्र उत्तर प्रदेश 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला राज्य भी बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कृषि, एग्रो टेक्नोलॉजी, एग्रो लॉजिस्टिक, एग्रो पैकेजिंग के क्षेत्र में नीतिगत प्रयास किया जा रहा है। इस क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं है, जिसमें अर्जेंटीना हमारा अच्छा सहयोगी बन सकता है। राजदूत गोब्बी ने उत्तर प्रदेश के इन्वेस्टर्स समिट आयोजन को अर्जेंटीना के निवेशकों के लिए शानदार अवसर करार दिया। प्रदेश की औद्योगिक नीति को निवेशकों के लिए उत्साहवर्धक बताते हुए उन्होंने कहा अर्जेंटीना, उत्तर प्रदेश के कृषि एवं व्यापार के क्षेत्र में सहयोग के लिए उत्सुक है। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में अर्जेंटीना के व्यापार एवं कृषि के शासकीय प्रतिनिधि उत्तर प्रदेश के दौरे पर आएंगे।

# पीएफआई पर प्रतिबंध के चलते जुमे की नमाज पर हाई अलर्ट आज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**केंद्र** सरकार की ओर से पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर पांच साल के लगाए गए प्रतिबंध के चलते शांतिभंग की आशंका को देखते हुए प्रदेशभर में पुलिस को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से सभी राज्यों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के भेजे निर्देश के बाद डीजीपी मुख्यालय ने सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को चौकन्ना रहने को कहा है।

डीजीपी मुख्यालय की ओर से एटीएस और एसटीएफ के अलावा सभी थानों की पुलिस को निर्देशित किया गया है कि वह पूरी सजगता और सतर्कता बरतते हुए प्रतिबंधित पीएफआई के मूवमेंट पर नजर रखें। पिछले कई दिनों से चल रही छापेमारी के दौरान पीएफआई से संबंधों के संदेह में पकड़े गए जिन व्यक्तियों को शांति भंग की आशंका में पाबंद करके रिहा किया गया है उन पर भी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक रिहा किए गए लोगों को बिना अनुमति के जिले से बाहर न जाने दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं सूत्रों ने बताया कि जिन पीएफआई सदस्यों को जेल भेजा गया है उनके खिलाफ स्थानीय थानों में दर्ज मुकदमों को जल्द ही एटीएस को स्थानांतरित किया जा सकता है। वहीं एसटीएफ की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमों की विवेचना पर एसटीएफ अपने स्तर कार्रवाई करेगी। उल्लेखनीय है कि लखनऊ, कानपुर सहित पश्चिम और पूर्वांचल के कई जिलों में भी कई संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया था। पूछताछ में इनकी सीधे तौर पर पीएफआई से कोई संलिप्तता न पाए जाने पर इन्हें पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया था। हिरासत में लिए गए कुछ संदिग्धों से अभी पूछताछ जारी है।

# पशुधन मंत्री ने लांच किया गोसंरक्षण पोर्टल व मोबाइल ऐप

## गोआश्रम स्थलों में 9 लाख से अधिक गोवंश को संरक्षित किया गया: धर्मपाल सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने गोआश्रय पोर्टल और मोबाइल ऐप लांच किया। उन्होंने बताया कि गोसंरक्षण की योजना के प्रारम्भ से निराश्रित गोवंश संरक्षण की दैनिक प्रगति के लिए एमआईएस विकसित कराया गया था जिसमें रियल-टाइम सूचना एवं अन्य कठिनाइयों के दृष्टिगत गोआश्रय पोर्टल का विकास कराया गया है। पोर्टल के प्रयोग को सुगम बनाने के लिए मोबाइल एप भी विकसित किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से प्रदेश स्तर पर अद्यतन प्रगति की उपलब्धता से प्रभावी अनुश्रवण एवं मूल्यांकन का कार्य किया जा सकेगा। प्रत्येक स्तर पर अध्यावधिक जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। प्रगति की जानकारी के लिए डैश-बोर्ड भी विकसित किया गया है। अधिकारियों द्वारा स्थलीय सत्यापन के समय किसी भी गोआश्रय स्थल से संबन्धित समस्त आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। पोर्टल के साथ मोबाइल एप में आनलाइन के साथ आफलाइन संचालन की भी सुविधा है। जिसे बाद में नेट एरिया में आने पर लिंक किया जा सकेगा।

इस मौके पर पशुधन विभाग के 6 माह के उपलब्धि के संबंध में उन्होंने बताया कि एक लाख निराश्रित गोवंश के संरक्षण के सापेक्ष 78695 गोवंश को संरक्षित किया जा चुका है परन्तु प्रदेश में वर्तमान में प्रदेश में लम्पी रोग के फैलाव के दृष्टिगत निराश्रित गोवंश के संरक्षण के कार्य को स्थगित किया है ताकि किसी रोग ग्रस्त गोवंश से गोआश्रय स्थल के गोवंश प्रभावित न हो जाएं। 40 वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थापना के लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कर ली गयी है। प्रदेश में 520 मोबाइल वेटेरिनरी वाहन के संचालन के अंतर्गत समस्त वाहनों का क्रय कर लिया गया है। वाहनों के संचालन के लिए सेवा प्रदाता संस्था के चयन की कार्यवाही चल रही है। इस कार्य को एक वर्ष में पूर्ण किए जाने वाले लक्ष्य में सम्मिलित किए जाने के लिए कार्यगि म क्रियान्वयन विभाग से अनुरोध किया गया है। उन्होंने बताया कि 40000 पशुओं का बीमा करने के लक्ष्य के सापेक्ष 45965 (114.91 प्रतिशत) की प्रगति प्राप्त की गई। 40 लाख पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान के सापेक्ष 4474132 (111.85 प्रतिशतद्ध की प्रगति प्राप्त की गयी। 201000 वर्गीकृत वीर्य उत्पादन के लक्ष्य के सापेक्ष 205163 (102.07 प्रतिशत) की प्रगति प्राप्त की गयी तथा 3 करोड़ टीकाकरण के लक्ष्य के सापेक्ष 49991672 (166.63 प्रतिशत) की प्रगति प्राप्त कर ली गयी है। पशुधन मंत्री ने बताया कि गोवंश सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए 6384 विभिन्न गोआश्रय स्थलों में लगभग 9 लाख गोवंश को संरक्षित करने के साथ.साथ 1.47 लाख गोवंश को सुपुर्दगी में प्रतिमाह भरण-पोषण धनराशि 900 रुपए प्रति गोवंश प्रतिमाह के साथ दिया गया। उन्होंने कहा कि अब राज्य सरकार द्वारा बृहद गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थापना पर बल दिया जा रहा है। जिसमें 2000 से 3000 गोवंश को संरक्षित कर उक्त गोआश्रय स्थल को स्वावलम्बी बनाया जा सके। इसके लिए 2000 तथा 3000 गोवंश क्षमता के वृहद गोआश्रय स्थलों के निर्माण के लिए लेआउट डिजाइन तथा आंगणन पीडब्लूडी के सहयोग से तैयार कराया गया है।

# अखिलेश प्रोपेगेंडा फैलाने के ब्रांड एंबेसडर

● सपा के प्रोपेगेंडा को फिर जनता करेगी बेनकाब, जीरो पर आउट होगी पूरी सपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने सपा मुखिया पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया प्रोपेगेंडा फैलाने के ब्रांड एंबेसडर हैं। सपा के प्रोपेगेंडा को फिर 2024 में जनता बेनकाब करेगी और जीरो पर पूरी सपा आउट होगी। 2024 में फिर दूध का दूध और पानी का पानी होगा। भ्रष्टाचार, जंगलराज, परिवारवाद, तुष्टीकरण ही सपा का डीएनए है और प्रदेश को गर्त में ढकेलने की सजा जनता सपा को दे रही है।

उन्होंने कहा कि सपा का राष्ट्रीय अधिवेशन परिवारवाद की पराकाष्ठा का सबसे बड़ा नमूना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर लगातार चार बार से जनता की ओर से नकारे जाने के बाद भी एक ही व्यक्ति को बार-बार चुनना यह साबित करता है कि पार्टी में दूसरा कोई योग्य व्यक्ति नहीं है और पूरी पार्टी धरातल की सच्चाई से कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में सबसे अधिक उत्पीड़न दलितों का हुआ, यह बात आज भी दलित समाज भूला नहीं है। बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर और डॉ राम मनोहर लोहिया के विचारों से सपा भटक चुकी है। सपा सरकार में पिछड़ों का मतलब सिर्फ एक जाति रही है और एक ही जाति के लोगों को नौकरियां मिलती थीं जबकि योगी सरकार में कानून व्यवस्था की प्रशंसा पूरे देश में की जा रही है। पूरी पारदर्शिता के साथ नौकरियों में युवाओं की भर्ती हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है जबकि सपा सरकार में तुष्टीकरण चरम पर था।

# सपा का खुद को अंबेडकरवादी दिखाने का प्रयास ढोंग व छलावा: मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलने वाले लोगों को जोड़कर संविधान और लोकतंत्र को बचाने के दावे पर पलटवार करते हुए बसपा अध्यक्ष मायावती ने बृहस्पतिवार को कहा कि सपा का खुद को अबेडकरवादी दिखाने का प्रयास ढोंग एवं छलावा है।

मायावती ने ट्वीट कर कहा कि समाजवादी पार्टी का अपने चाल, चरित्र, चेहरे को आंबेडकरवादी दिखाने का प्रयास वैसा ही ढोंग व छलावा है जैसा कि वोट बैंक की राजनीति के चलते दूसरी पार्टियां अक्सर करती रहती हैं। इनका दलित व पिछड़ा वर्ग प्रेम मुँह में राम, बग़ल में छुरी को ही चरितार्थ करता है। गौरतलब हैं कि अखिलेश यादव ने सपा को राष्ट्रीय पार्टी बनाने का आह्वान करते हुए बृहस्पतिवार को पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा था कि वे बाबा साहब अंबेडकर और समाजवाद के प्रणेता डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों पर चलने वाले लोगों को साथ जोड़कर संविधान और लोकतंत्र को बचाएं। सपा नेता के इस बयान पर पलटवार करते हुए बसपा सुप्रीमो ने कहा, वास्तव में डा. अंबेडकर के संवैधानिक व मानवतावादी आदर्शों को पूरा करके देश के करोड़ों गरीबों, दलितों, पिछड़ों, उपेक्षितों आदि का उत्थान करने वाली कोई भी पार्टी व सरकार नहीं है और सपा का तो पूरा इतिहास ही डा. अंबेडकर व बहुजन विरोधी रहा है।

# खीरी के पीड़ित परिवार को कांग्रेस ने भेजी आर्थिक सहायता

**लखनऊ।** लखीमपुर खीरी में पिछले दिनों निघासन क्षेत्र के लालपुर मजरा अन्तर्गत तंबोलीपुरवा गांव में दो नाबालिग दलित बच्चियों के साथ दुष्कर्म और हत्या किए जाने की घटना में कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद भिजवाई। प्रदेश कांग्रेस मीडिया संयोजक और प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि पीड़ित परिवार जनों को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के निर्देश पर आर्थिक सहायता दी गई है। प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष व पूर्व विधायक सतीश अजमानी और जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया। अवस्थी ने बताया कि पूर्व मे प्रियंका गांधी के निर्देश पर उपरोक्त वीभत्स घटना उपरांत तत्काल कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल, विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, के नेतृत्व में लखीमपुर गया था और उस समय ही कांग्रेस के सभी विधायकों ने अपना एक माह का वेतन और पार्टी द्वारा सहयोग पीड़ित परिवार को देने को कहा था।

# एक दर्जन आईपीएस व तीन पीपीएस अफसरों के तबादले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शासन** ने एक दर्जन आईपीएस और तीन पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। इनमें 11 प्रशिक्षु आईपीएस अफसरों को सहायक पुलिस अधीक्षक/सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर नई तैनाती प्रदान की है। वहीं एटीएस में तीन डिप्टीएसपी की तैनाती की गई है। डीआईजी कारागार, प्रशासन एवं सुधार सेवाएं रवि शंकर छवि को गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त के पद पर तैनाती प्रदान की गई है। वहीं पीपीएस अफसरों के फेरबदल में बलिया से प्रीति देवी, बदायूं से आजेस्वी चावला और सुरक्षा मुख्यालय लखनऊ से जितेंद्र कुमार द्वितीय को एटीएस, लखनऊ में तैनाती प्रदान की गई है। इसके अलावा प्रशिक्षु आईपीएस अफसर अमित कुमावत को वाराणसी से लखनऊ कमिश्नरेट, शिवा सिंह को कानपुर नगर से वाराणसी कमिश्नरेट और श्रुति श्रीवास्तव को आगरा से कानपुर कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर तैनाती प्रदान की गई है। वहीं अनुकृति शर्मा को लखनऊ से बुलंदशहर, आयूष विक्रम सिंह को मेरठ से मुजफ्फरनगर, चंद्र कांत मीना को मेरठ से बरेली, चिराग जैन को प्रयागराज से प्रयागराज, मानुष पारिक को गाजियाबाद से गोरखपुर, पाटिल निमिष दशरथ को मुजफ्फरनगर से गाजियाबाद, पुनीत द्विवेदी को अलीगढ़ से अलीगढ़ और शक्ति मोहन अवस्थी को मुरादाबाद से आजमगढ़ में सहायक पुलिस अधीक्षक के पद पर भेजा गया है।

# पूर्व वायुसेना प्रमुख राकेश कुमार डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के मुख्य नोडल अधिकारी नियुक्त



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने पूर्व वायुसेना प्रमुख राकेश कुमार सिंह भदौरिया को उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का मुख्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। मूलत: आगरा निवासी भदौरिया एयर चीफ मार्शल के पद से बीते वर्ष 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हुए थे। करीब तीस वर्ष तक वह वायुसेना में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहे। उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल अति विशिष्ट सेवा मेडल और वायुसेना मेडल से भी नवाजा गया। प्रदेश सरकार का डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को विकसित करने पर फोकस है। कॉरिडोर का अलीगढ़ नोड सबसे सफल रहा है जबकि लखनऊ, कानपुर, झांसी और आगरा नोड में बहुत काम शेष है।

# विधान सभा की अगुवाई में लगेगी युवा संसद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**यूपी** के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने छह महीने के कार्यकाल की उपलब्धियां बताई। उन्होंने कहा कि यूपी विधान सभा के तत्वावधान में युवा संसद आहूत किए जाने की भी योजना है, जिसमें युवाओं को आमंत्रित करके युवा संसद का कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाएगा। इस युवा संसद की रूपरेखा को शीघ्र ही अंतिम रूप दिया जाएगा। इस युवा संसद का मुख्य उद्देश्य यह होगा कि प्रदेश के युवा, संसद एवं उसकी कार्यवाही के प्रति संवेदनशील हों एवं उनको इस बात के लिए उत्साहित किया जा सके कि वे संसदीय जीवन में आने की भी अभिलाषा रखें।

विधान भवन स्थित राजर्षि टंडन हाल में पत्रकारों से बात करते हुए महाना ने कहा कि विधान सभा की प्रक्रिया एवं नियमावली की जटिलताओं के कारण नव-निर्वाचित विधायकों को उसको समझने में कठिनाई होती है। अत: यह योजना भी बनाई जा रही है कि विधान सभा की प्रक्रिया एवं नियमावली को सरलीकृत रूप में प्रकाशित कराकर सभी सदस्यों को वितरित कराया जाए। जिससे वे विधान सभा की नियमावली के विषय में भिज्ञ हो सकें एवं उसका निर्वहन कर सकें। उन्होंने कहा कि इन छह महीनों में विधानसभा को लेकर परसेप्शन बदला है। इस बार एक भी बार विधानसभा की कार्यवाही स्थगित नहीं की गई है। प्रश्नकाल में 20-20 प्रश्न लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही ठीक तरह से चलाने में नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव से भी सहयोग मिला। सभी विधायकों का भी सदन संचालन में सहयोग मिला। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे काम करने के टिप्स दिए थे। उसके अनुसार काम कर नई परम्परा शुरू की। गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र ने भी हमारा अनुसरण किया है। आगे विधानसभा संचालन नियमावली का सरलीकरण किया जाएगा। महिला सदस्यों के सत्र की बुकलेट प्रकाशित कराई जाएगी। उसे सभी विधानसभा और लोकसभा में भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि डॉक्टर, महिला, पहली बार निर्वाचित सदस्य, प्रोफेशनल और वरिष्ठ विधायकों का ग्रुप बनाकर उनसे बात की। जो कि नई परंपरा थी। 170 सदस्यों से बात कर चुका हूं। वकील, शिक्षक व विधायकों का ग्रुप भी बनाएंगे। उन्होंने बताया कि हमने विधानसभा लॉबी में विधायकों के सोने की व्यवस्था समाप्त की है। लॉबी में कॉफी मशीन लगाई गई हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 10 खरब डॉलर की बनाने के लिए काम कर रहे हैं। विधायकों का ग्रुप बनाकर उद्योगपतियों के पास भेजेंगे। विधायक उन्हें निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे। उन्होंने बताया कि 15 दिसम्बर 2022 को विधानसभा भवन की स्थापना के 100 साल पूरे हो जाएंगे।

# 1 अक्टूबर को स्वच्छ भारत 2.0 कार्यक्रम का करेंगे शुभारंभ अनुराग ठाकुर

**लखनऊ।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय का युवा मामले विभाग पिछले साल के सफल अभियान के बाद 1 से 31 अक्टूबर तक पूरे देश में महीने भर चलने वाले स्वच्छ भारत 20 कार्यक्रम का शुभारंभ करेगा। यह कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र संगठन सम्बद्ध यूथ क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बद्ध संस्थानों के नेटवर्क के माध्यम से देश भर के सभी गांवों में आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर 1 अक्टूबर को स्वच्छ भारत 2.0 का शुभारंभ करेंगे जिसका उद्देश्य कचरे मुख्यत: एकल उपयोग प्लास्टिक को साफ करना या निपटाना और जागरूकता उत्पन्न करना है। युवा कार्यक्रम सचिव संजय कुमार ने बताया कि पिछले साल के स्वच्छ भारत अभियान की सफलता के बाद इस वर्ष नागरिकों के सहयोग और स्वैच्छिक भागीदारी से 1 करोड़ किलो कचरे प्लास्टिक, ई-कचरा और अन्य कचराद्ध को एकत्र करके निपटाया जाएगा। अपशिष्ट या कचरा संग्रह की दृष्टि से मुख्य स्थान पर्यटन स्थल, शैक्षणिक संस्थान, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं उनके आसपास के स्थान, राष्ट्रीय राजमार्ग, ऐतिहासिक एवं धरोहर भवन, धार्मिक स्थल व उनके आसपास के स्थान, अस्पताल और जल स्रोत, इत्यादि होंगे।

# पेंशन के जरिए बुजुर्गों, निराश्रितों और दिव्यांगों की खुशी लौटा रही योगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बात** करीब साल भर पहले की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वृद्धावस्था पेंशन वितरण के दौरान इसके कुछ लाभार्थियों से रूबरू थे। इसी दौरान वह हाथरस की शांति देवी से मुखातिब हुए। मुख्यमंत्री ने पूछा पेंशन का पैसा पाकर उनको कैसा लग रहा है? शांति ने पूरे सन्तोषभाव के साथ जवाब दिया कि पैसा मिल गया है तो किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। उस कार्यक्रम के दौरान सोनभद्र की बसंती और सुल्तानपुर के मनीराम के भाव भी कुछ ऐसे ही थे। यह तो कुछ चंद उदाहरण हैं। पेंशन पाने वाले अधिकांश लोगों के मनोभाव इसी तरह के हैं।

यूपी में पेंशन योजनाओं से लाभान्वित होने वालों की संख्या लगभग 93 लाख है। बात सिर्फ वृद्धावस्था पेंशन की नहीं, निराश्रित महिलाओं, दिव्यांग जनों और वरिष्ठ ट्रांसजेंडर भी सरकार के लिए कुछ इसी तरह सोचते हैं। सरकार की पेंशन संबंधी इन योजनाओं से करीब 92.28 लाख लोग लाभान्वित हो रहे हैं। दरअसल अपनी जरूरत के लिए किसी के आगे हाथ फैलाना सबसे मुश्किल काम है। एक स्वाभिमानी व्यक्ति के लिए तो और भी। एक आम बुजुर्ग के लिए यह आम बात है। उम्र की मजबूरी और अपनी छोटी-मोटी हर जरूरत के लिए वह अपने घर.परिवार पर निर्भर हो जाता है। अगर इन छोटी-मोटी जरूरतों में कोई मददगार बन जाए तो उसकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहता। हर पात्र बुजुर्ग को वृद्धावस्था पेंशन से आच्छादित कर यही खुशी देना चाहती है। दे भी रही है। आंकड़े इस बात के प्रमाण हैं। बुजुर्ग एवं बेसहारा लोग खुश रहें। उनकी बाकी की जिंदगी आसान हो इसके लिए योगी सरकार हर पात्र को पेंशन देने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसा कोई भी पात्र पेंशन का लाभ पाने से वंचित न रहे इसके लिए इनको जोड़ने का यह सिलसिला लगातार जारी है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री पहले ही कह चुके हैं कि सरकार बुजुर्गों का सम्मान करती है, हमारे लिए वह थाती हैं। उनका अनुभव हमारे लिए अनमोल है। लिहाजा उनकी हर जरूरत का ध्यान देना हमारा फर्ज है। योगी सरकार अपनी विभिन्न योजनाओं के जरिए पूरी संजीदगी और सेवाभाव से बुजुर्गों के हित में काम कर रही है। इस क्रम में उनको खाने के लिए मुफ्त राशनए बीमारी में मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान भारत कार्ड की व्यवस्था की गई है। बुजुर्गों को कभी भी, कहीं भी मदद पहुचाने के लिए एल्डर हेल्पलाइन 14567 जारी किया गया है।

इसी क्रम में सरकार पेंशन पाने वाले बुजुर्गों को एक और सुविधा देने जा रही है। बैंक खाते में पेंशन आयी या नहीं इसके लिए अब इनको बैंक के चक्कर नहीं लगाने होंगे। इसमें सबसे बड़ी दिक्कत पेंशन पाने वाले बुजुर्गों में से सबके नंबर नहीं थे। आधारकार्ड के प्रमाणीकरण के साथ हुए आई.के वाई सी की वजह अब अधिकांश लोगों के नंबर मिल चुके हैं। जिनके आधार का प्रमाणीकरण हो चुका है उनकी पेंशन की सूचना उनके मोबाइल पर मिलेगी। आधार प्रमाणीकरण का यह काम जारी है।

# पीपीपी मोड पर बस अड्डों को निखारने के लिए अगले माह जारी होंगे टेंडर

● पहले चरण में 16 जनपदों के 24 बस अड्डों को पीपीपी मॉडल से किया जाएगा सुसज्जित

**लखनऊ।** यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परिवहन विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में अब प्रदेश के प्रत्येक जिले में अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं वाले बस अड्डे बनाने की तैयारी है। इसके तहत प्रथम चरण में 16 जिलों के 24 बस अड्डों को पीपीपी मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा। इन बस अड्डों में अंतरराष्ट्रीय स्तर की यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां आने वाले यात्रियों के खाने-पीने से लेकर वेटिंग रूम, रेस्ट रूम समेत तमाम अनेक सुख सुविधाओं का ख्याल रखा जाएगा। इसके लिए अक्टूबर में टेंडर जारी कर दिए जाएंगे। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार यात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए बसों की संख्या बढ़ाई जा रही है, एसी बसों का बड़े पैमाने पर संचालन हो रहा है। ई टिकटिंग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। बस अड्डों का सुनियोजित विकास भी इसी दिशा में उठाया गया कदम है। राज्य सड़क परिवहन निगम के एमडी संजय कुमार ने बताया कि बस अड्डों को अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं से लैस करने के लिए पीपीपी मॉडल के तहत पूरी प्लानिंग कर ली गई है। अक्टूबर में प्रथम चरण के तहत 16 जनपदों में 24 अड्डों को चिन्हित कर उन्हें विकसित करने के लिए टेंडर जारी कर दिए जाएंगे। इस प्रक्रिया के दूसरे चरण में 35 बस अड्डों को चुना जाएगा। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप यह कदम उठाया जा रहा है ताकि विभिन्न गंतव्यों की ओर जाने वाले यात्रियों को एयरपोर्ट सरीखी सुविधाएं प्रदान की जा सकें। इस प्रक्रिया के तहत परिवहन विभाग बस अड्डों के लिए सिर्फ जमीन मुहैया कराएगा। उस पर प्राइवेट पार्टी बस स्टैंड बनाकर देगी। कुछ वर्षों तक यह बस अड्डे प्राइवेट पार्टी के पास लीज पर रहेंगे जबकि मेंटीनेंस का जिम्मा भी पूरी तरह प्राइवेट पार्टी का रहेगा। परिवहन विभाग ने मेंटीनेंस के लिए 35 साल की अवधि तय की है।

# पचास हजार का ईनामी अपराधी गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने हमीरपुर में हुई डकैती की घटना में वांछित चल रहे पचास हजार के ईनामी अपराधी अजय उर्फ कलुआ को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। ईनामी अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चला रही एसटीएफ को सटीक सूचना मिली कि हमीरपुर में जीटी रोड से तमशाह गांव जाने वाले रोड के पास चौबेपुर क्षेत्र से कलुआ को गिरफ्तार किया। पूछतांछ में अभियुक्त ने बताया कि वह लहारिया पुरवा उरई का मूल निवासी है। 11 अप्रैल 2022 को अपने पिता व अन्य साथियो के साथ ग्राम पैथिया थाना ललपुरा हमीरपुर में रात्रि 2.03 बजे के बीच सर्राफा का काम करने वाले व्यक्ति के यहाँ डकैती डाली थी। डकैती में लूटे गए माल को बटवारे के बाद मेरे पिता अशोक ने अपने पास रख लिया था।

# मछरेहटा बीआरसी पर संपन्न हुआ जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का चुनाव

- निर्विरोध चुने गए सभी पदाधिकारी, मनोज वर्मा बने मंत्री
- दूसरी बार जूनियर हाईस्कूल षिक्षक संघ पूर्व माध्यमिक के अध्यक्ष बने अंजनी शुक्ला

संवाददाता। सीतापुर

**विकास खंड** मछरेहटा क्षेत्र के शिक्षको का विश्वास हांसिल करने में दूसरी बार भी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अंजनी शुक्ला सफल रहे। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ पूर्व माध्यमिक इकाई मछरेहटा के लिए हुए द्विवार्षिक चुनाव में अंजनी शुक्ला सहित सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध चुन लिया गया। मछरेहटा बीआरसी परिसर में चुनावीं प्रक्रिया मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षाधिकारी अजय गुप्ता मौर्या, पर्यवेक्षक जिला कोषाध्यक्ष विनोद कुमार व विनय मेहरोत्रा की देखरेख में सम्पन्न हुई। पर्यवेक्षक ने बताया कि अध्यक्ष पद के अलावा मंत्री मनोज कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष नंद किशोर गौतम, उपाध्यक्ष अवधेश कुमार, महिला उपाध्यक्ष निर्मला भार्गव, मंत्री सुनील कुमार ,उपाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप वर्मा, संयुक्त मंत्री बालमुकुंद महिला संगठन मंत्री ममता गुप्ता उपाध्यक्ष अपूर्व मिश्रा संगठन मंत्री शैलेंद्र सिंह आदि को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। अधिवेशन की शुरुआत मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक संतराम ने की। अधिवेशन में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, महामंत्री छोटे लाल यादव, पूर्व अध्यक्ष संदीप यादव, अनिल अवस्थी, निशांत श्रीवास्तव, कृष्णाकांत शुक्ला, मुकेश दीक्षित ,सुमन शुक्ला,कल्पना गुप्ता ,पुष्पा सिंह, अरविंद यादव संजय पांडे, पूजा शुक्ला,दयालुता यादव,प्रतिभा सिंह, इस्तियाक अली, सर्वेश कुमार, उमेश चंद्र, सुशील यादव, राजेश, अतुल श्रीवास्तव ,सतीश सिंह ,संतोष शुक्ला ,आलोक यादव, धीरज सिंह ,कमलेश कुमार, रामनरेश, सिद्धाराम गौतम, राकेश कुमार आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने की कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक

संवाददाता। सीतापुर

**देश का** पहला क्लस्टर गठन है। हरी ताजी सब्जियों को अनुलग्नक 1 में सम्मिलित कराने के लिए संबंधित विभागों को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया।बैठक में उद्यान अधिकारी द्वारा विकास खंड में क्लस्टर गठन की सीमा समाप्त करने का अनुरोध किया गया जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सहमति प्रदान करते हुए पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में क्लस्टर गठन के उपरांत संबंधित उत्पाद के उत्पादन हेतु विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिलाए जाने पर बल दिया गया और निर्यातक के चिन्हाकन हेतु एपीड़ा से सूची उपलब्ध कराने की बात कही। संबंधित विभाग जैसे उद्यान, .षि, मत्स्य की योजनाओं से संबंधित लाभों को ए.पी.ओ./एफपी.सी. को दिए जाने के लिए निर्देशित किया गया। हयात कौशल द्वारा बताया गया कि विकास खंड महमूदाबाद में औषधीय खेती वृहद पैमाने पर की जा रही है जिसे अनुलग्नक 1 में सम्मिलित कराए जाने का अनुरोध किया गया जिस पर सहमति प्रदान करते हुए प्रस्ताव तैयार कर निदेशालय को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। आर्प्रेक्र के प्रतिनिधि सतीश कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि ऑर्गेनिक बाजार के लिए जैविक उत्पादों का जैविक उत्पादों का टेस्टिंग 50 प्रतिशत संबंधित मंडी समिति द्वारा वहन तथा आर्प्रेक्र द्वारा किया जा रहा है जिसे ए0पी0ओ0 द्वारा अनुरोध किया गया कि यह योजना जो 04.11.2022 को समाप्त हो जाएगी इसे अनवरत बहाल किया जाना चाहिए। बैठक में क्लस्टर सुविधा इकाई के समस्त सदस्यों एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों और निर्यातकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## महमूदाबाद, पहला ब्लाक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी

- विधायिका आशा मौर्या जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा के साथ डीएम आफिस पहुंचे बीडीसी

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** ब्लाक महमूदाबाद और पहला के ब्लाक प्रमुखों की कुर्सी छिनने के आसार बनते जा रहे है, महमूदाबाद और पहला में भाजपाईयों द्वारा प्रमुखों के खिलाफ अविष्वास प्रस्ताव लाए जाने की तैयारी की जा रही है, गुरूवार को दोनो ब्लाकों के क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने डीएम के यहां परेड की और अविष्वाष प्रस्ताव लाने के लिए हस्ताक्षर युक्त पत्र सौंपा। बता दें कि महमूदाबाद में मौजूदा समय सपा समर्थिक मुकेष वर्मा ब्लाक प्रमुख है, उनके खिलाफ अनीता वर्मा द्वारा अविष्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी की गई है जबकि पहला में अजय यादव प्रमुख है, उनके खिलाफ पूर्व प्रमुख प्रवीण वर्मा ने अविष्वास प्रस्ताल लाने की तैयारी की है। पहला के 95 में से 65 और महमूदाबाद के 63 में से 49 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने डीएम को पत्र सौंपा। बीडीसी सदस्यों के साथ विधायिका आषा मौर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, महामंत्री नीरज वर्मा झल्लर मौजूद रहे।

# कोर्ट से सटी नजूल की जमीन से हटाया गया अवैध कब्जा

- नजूल की जमीन पर कृपालदार कलवानी को डिपो ने किया था कब्जा
- जिलाधिकारी के निर्देष पर तहसीलदार ने की कार्रवाई

संवाददाता। सीतापुर

**योगी सरकार** में अवैध व नजूल की जमीन पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाईयों का सिलसिला लगातार जारी है, 0.2 की योगी सरकार में अवैध कब्जेदारों पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई लगातार पुलिस और प्रशासनिक अमला कर रहा है, सीतापुर में गुरूवार को कोर्ट से सटी जमीन पर अवैध कब्जा कर रखे कृपालदास कलवानी का कोल डिपों जो की नजूल की जमीन पर था जिसे प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर ढहा दिया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर तहसीलदार ज्ञानेन्द्र द्विवेदी ने की। कार्रवाई के दौरान कोतवाल टीपी सिंह, नगर पालिका सफाई इंस्पेक्टर जागेन्द्र प्रसाद सहित लेखपाल, कानूनगो मौजूद रहे। आपको बता दें कि कोर्ट से सटी इस नजूल की जमीन पर अवैध कब्जा हटाने के बाद इस जमीन को कोर्ट के सपुर्द कर दिया जाएगा।

## बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के खोजनपुर स्थित सब्जी मंडी के सामने दो बाइकों की भिड़ंत में कुल चार लोग घायल हो गये, जिन्हें राहगीरों की मदद से इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।बुधवार की देर शाम सब्जी मंडी के पास दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों बाइकों पर सवार नीरज 16 वर्ष निवासी अकोढ़िया, रामसुमेर 52 वर्ष निवासी अकोढ़िया, राम भवन पाल 55 वर्ष निवासी कल्यानी व अनिका पाल 24 वर्ष निवासी तेजी का पुरवा थाना जगतपुर घायल हो गये, राहगीरों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# नेत्रदान परिवार को स्मृति पत्र से किया सम्मान

संवाददाता। सीतापुर

**सक्षम संस्था व सी**तापुर आंख अस्पताल के सहयोग से दिनांक 27/09/2022 स्व. गीता देवी पत्नी स्व ड़ॉ0 शम्भू दयाल अग्रवाल का नेत्रदान बिजवार सीतापुर में हुआ था।सक्षम संस्था के मिडिया प्रभारी अक्षत अग्रवाल ने बताया कि नेत्रदानी गीता देवी के पुत्र जीवन अग्रवाल पौत्र श्याम अग्रवाल को सक्षम संस्था व सीतापुर आंख अस्पताल ने संयुक्त रूप से सक्षम संस्था के महामंत्री मुकेश अग्रवाल, सुभाष अग्निहोत्री, अक्षत अग्रवाल, स्वर्णिम अवस्थी नेत्रदान सम्मान पत्र व एक पौधा स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान कर सम्मानित किया वहाँ सक्षम संस्था के महामंत्री मुकेश अग्रवाल ने नेत्रदान कि अच्छाइयों से अवगत कराया व सुभाष अग्निहोत्री ने नेत्रदान संकल्प पढ़ाया व आंख अस्पताल के स्वर्णिम अवस्थी ने नेत्रदान कि जानकारी दी-कि अब एक कार्निया से कई नेत्रहीनो को रोशनी प्रदान कि जा सकती है द्य अध्यक्ष संदीप भरतिया ने मौजूद लोगों से नेत्रदान को बढ़ाने के लिए निवेदन किया। विकास अग्रवाल ने नेत्रदान के संकल्प पत्र को ज्यादा से ज्यादा भरवाने के लिए कहा द्य अक्षत अग्रवाल ने परिवार का आभार व्यक्त किया द्य रविंद्र अग्रवाल दीपक अगरवल रतन अग्रवाल विनोद मित्तल रमेश मिश्रा राजू खेतान हनुमान अग्रवाल राजेंद्र अग्रवाल गिरधर अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# जिला अस्पताल में मरीज की मौत, परिजनों ने लगाए आरोप!

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर जिला** अस्पताल के मेडिकल बी वार्ड में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद परिजनों ने वहां पर मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं पर सवाल खड़ा कर दिया है। रो-रो रोकर परिजनों ने सीधे चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। आपको बता दें कि कमलापुर के पतारा कलां से इलाज के लिए जिला अस्पताल मनोज पुत्र रामऔतार को परिजनों ने लाया था, जिसकी इलाज के दौरान ही मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सकों पर न देखने व न कोई दवाई देने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि सुबह से 11 बज गया लेकिन कोई भी डाक्टर उसे देखने नहीं पहुंचा। मृतक की बहन महेश्वरी का रो-रोकर बुरा हाल गया जिसने डाक्टरों पर आरोप लगाया।

## खैराबाद में हुई कृषि भवन में गोष्ठी

संवाददाता। सीतापुर

**जनपद स्तरीय** किसान मेला और गोष्ठी कृषि भवन खैराबाद परिसर में सम्पन्न हुई। मिश्रिख विधायक रामकृश्ण भार्गव, डीएम अनुज सिंह ने कार्यक्रम का षुभारम्भ किया। गोश्ठी में किसानों को फसल अवषेश न जलाए और कृशि निवेषों की व्यवस्था के प्रति जागरूक किया गया। अतिथियों ने परिसर मेला में लगे स्टालों का अवलोकन किया और गोश्ठी में पहुंचे किसानों को तोरिया एवं सरसो की निषुल्क किट वितरित की। मेले में भाजपा नेत्री पूनम मिश्रा उप कृशिनिदेषक, जिलाकृशिधिकारी मंजीत कुमार, सौरभ श्रीवास्तव, डा. दया षंकर श्रीवास्तव, डा. वी.के. सिंह, भूमि सरंक्षण अधिकारी, मुख्य पषुचिकित्साधिकारी डा. पी.के. सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे।

## पीड़ित की तहरीर पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गहिरी गांव में पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने एक युवक के साथ गाली गलौज किया। विरोध करने पर जमकर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सभी छह आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया। घायल का चिकित्सीय परीक्षण सीएचसी में कराया गया। अजीत खेड़ा मजरे गहिरी गांव के निवासी दीपक कुमार पुत्र संतोष कुमार ने पुलिस को घटना की तहरीर देते हुए बताया कि उसके गांव के सोनू प्रधान, पुत्र आशादीन व थाना क्षेत्र के देवन्ना गांव के निवासी राहुल साहू व मुकेश पुत्र अज्ञात समेत सभी 6 लोगों ने मिलकर उसे गाली गलौज देते हुए उसके साथ जमकर मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दिया।

# कवि को किया गया राष्ट्र गौरव सम्मान से अलंकृत

**शिवगढ़,रायबरेली।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत विश्व साहित्य सेवा ट्रस्ट एवं निखिल प्रकाशन समूह आगरा द्वारा राजधानी लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक मेले में सामाजिक सरोकारों से आबाद्ध सृजन धर्मिता और साहित्यिक योगदान के लिए शिवगढ़ थाना क्षेत्र के मुन्ना खेड़ा मजरे बहादुर नगर के रहने वाले मशहूर कवि शिवकुमार आकाश हलचल को राष्ट्र गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हरिशंकर मिश्र, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एलपी गुर्जर लखनवी, निदेशक एवं अध्यक्ष मोहन मुरारी शर्मा, विश्व साईं सेवा ट्रस्ट आगरा के सचिव नीरज शर्मा, मंच संचालन कर रहे डॉक्टर विनय शंकर दीक्षित आशु, दयानन्द बछरावां पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर रामनरेश यादव की उपस्थिति में कवि शिवकुमार श्आकाश हलचलश् को राष्ट्रीय गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। कवि श्आकाश हलचलश् को राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित किए जाने पर बाबूलाल, रामसुमिरन अमित कुमार, कवियत्री विद्या देवी, अनूप कुमार, ग्राम प्रधान शिव बरन चौधरी, शैलेश माही,डॉ. गिरजा शंकर, कपिल शर्मा आदि लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की ईश्वर से प्रार्थना कामना की।



# चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**मोहम्मदी खीरी।** हेल्थ एंड वैलनेस एंबेस्डर के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम अंशुमान भारत के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 27 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक शिविर का चार दिवसीय आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम अंशुमान भारत के अंतर्गत स्कूल एंड हेल्थ प्रोग्राम के तहत कराया जा रहा है। जिसकी आज शुरुआत अधीक्षक के माध्यम से हुई। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य संदर्भ गतिविधियों बीमारियों की रोकथाम, एवं एकीकृत स्वास्थ्य सेवाओं को विद्यालय तक सड़क बनाना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य को बढ़ाना भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ पारस्परिक संबंध मूल और जिम्मेदार नागरिक जेंडर समानता पोषण स्वास्थ्य और स्वच्छता तथा किशोरावस्था में आने वाले बदलाव के साथ-साथ महावारी स्वच्छता प्रबंधन तथा स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना इस कार्यक्रम में शिक्षण संस्था के अध्यापकों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिनके माध्यम से बच्चों को सही जानकारी दी जा सकेए इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉक्टर सोनी यादव, काउंसलर रुबीना जैदी, एआरपी जबीउल्ला खां, डॉ धर्मेंद्र वर्मा सहित विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं भी मौजूद रहे।

# चित्रकला प्रतियोगिता में नैंसी ने मारी बाजी

संवाददाता। निघासन-खीरी

**शासन** द्वारा प्राप्त आदेशों व निर्देशों के अनुक्रम में आज बीआरसी प्रांगण में सड़क सुरक्षा अभियान से संबंधित ब्लॉक स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विकास क्षेत्र रमियाबेहड़ के उच्च प्राथमिक और संविलियन विद्यालयों के बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। के उपरांत निर्णायक कमेटी के द्वारा विभिन्न बिंदुओं जैसे वर्तनी, लेखन, आकृति, रंग और भाव को आधार बनाकर खंड शिक्षा अधिकारी रमियाबेहड़ हृदय शंकर लाल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में बच्चों का चयन निर्णायक टीम राम मोहन, शादाब अहमद, योगेश वर्मा ने गया, जिसमें संविलियन विद्यालय दुलही की छात्रा नैंसी ने प्रथम, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रमियाबेहड़ की छात्रा प्रिया देवी द्वितीय और उच्च प्राथमिक विद्यालय सेमरी की छात्रा सोनम शाक्य तृतीय स्थान पर रही। छात्रा नैंशी के शिक्षक और उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही के प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश ने अवगत कराया कि छात्रा नैंसी विद्यालय की गौरव है वह लगातार सभी प्रतियोगिताओं में आल राउंड प्रदर्शन कर विद्यालय और ब्लॉक का नाम रोशन कर रही है। उसके आल राउंड प्रदर्शन पर विद्यालय के सभी शिक्षकए विद्यालय प्रबंध समिति और ग्राम प्रधान काफी खुश हैं। खंड शिक्षा अधिकारी हृदय शंकर लाल श्रीवास्तव, संतोष वर्मा, अजय वर्मा, राम मोहन आदि ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए जनपद पर विद्यालय और वि.क्षे. का परचम लहराने के लिए आशीर्वाद दिया और शुभकामना की।



# प्रशिक्षण का आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** आयुष्मान योजना के अंतर्गत आयुष्मान मोबाइल ऐप द्वारा पंचायत सहायकों प्रशिक्षण का आयोजन सीएचसी नकहा व सीएचसी फरधान में किया गया। इसमें पंचायत सहायकों व वीएलई के सहयोग से शत-प्रतिशत गोल्डन कार्ड बनाने हेतु प्रशिक्षण किया गय। यह कार्यक्रम जिला समन्वयक डा. अक्षत एवं जिला सूचना प्रबंधन आशुतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया। जिसमें आशा कार्यकत्रियों को आयुष्मान योजना के अंतर्गत आयुष्मान मोबाइल ऐप के जरिए गोल्डन कार्ड बनाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। उपस्थित सभी आशाओं एवं संगिनियों को पंजीकृत श्रमिकों एवं अंत्योदय राशन कार्डधारकों के गोल्डन कार्ड को प्राथमिकता से बनाने को कहा गया। इस दौरान अधीक्षक नकहा डा. रामू और चिकित्सा अधिकारी डा. सुभाष द्वारा गोल्डन कार्ड अभियान और उसके फायदों के बारे में बताया गया।

# दुर्गा जागरण में शिरकत करने पहुंची नगर पालिका परिषद चेयरमैन मीनाक्षी अग्रवाल



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** ग्राम भैंठिया मे आयोजित दुर्गा जागरण समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में ग्राम वासियों के लिए मंगल कामना की और कहा माता रानी की कृपा सभी लोगों पर बनी रहे और सभी के जीवन में सुख शांति एवं वैभव का संचार हो।अग्रवाल ने जागरण समारोह के आयोजक हरदयाल वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरे मनोयोग से प्रत्येक वर्ष मां का दरबार सजाया जाता है इसके लिए दुर्गा जागरण समिति के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। अग्रवाल ने भजन के माध्यम से मां के भक्तों को अपना संदेश देते हुए कहा मां की कृपा सभी लोगों पर बनी रहे यही मेरी माता रानी से कामना है। जागरण समारोह में कार्यक्रम आयोजक हरदयाल वर्मा ने कार्यक्रम में सहभागिता के लिए पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। माता रानी के जागरण में पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद पांडे मयंक दीक्षित सहित सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

## सभी महिलाएं...

ने कहा कि हम एक बात स्पष्ट करना चाहेंगे कि हम ऐसा आदेश पारित करेंगे, जिससे पीसी-पीएनडीटी अधिनियम के प्रावधान प्रभावित नहीं होंगे। शीर्ष अदालत ने 21 जुलाई को अविवाहित महिलाओं के लिए एमटीपी अधिनियम के दायरे का विस्तार करते हुए 25 वर्षीय युवती को 24 सप्ताह की गर्भवती होने के बावजूद गर्भपात कराने की अनुमति दे दी थी। महिला सहमति से बनाए संबंधों के बाद गर्भवती हुई थी।

## गहलोत रेस...

नामांकन पत्र एकत्र कर लिए हैं और शुक्रवार को उन्हें दाखिल करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह पार्टी नेतृत्व के इशारे पर काम कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि मैं केवल खुद के लिए जिम्मेदार हूं। मध्यप्रदेश से कांग्रेस के विधायक हिना कावरे, जीतू पटवारी, पीसी शर्मा, लखन सिंह यादव, आलोक चतुर्वेदी, आरिफ मसूद, कांतिलाल भूरिया, रामलाल मालवीय, सुरेंद्र सिंह बघेल, विपिन वानखेड़े, कमलेश्वर पटेल और डॉ गोविंद सिंह, दिग्विजय सिंह के नामांकन के लिए दिल्ली पहुंचेंगे। ये सभी 12 विधायक सिंह के प्रस्तावक होंगे। इस बीच, अफवाहों, अटकलों और विरोधाभासी माहौल को खत्म करने के लिए पार्टी ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। वेणुगोपाल ने बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस नेतृत्व या अन्य नेताओं के खिलाफ या पार्टी के आंतरिक मामलों के बारे में सार्वजनिक बयान देता है तो उस नेता के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। हम पार्टी के आंतरिक मामलों और अन्य नेताओं के खिलाफ राजस्थान में कांग्रेस नेताओं के बयान देख रहे हैं। राजस्थान कांग्रेस के नेता धर्मेंद्र राठौर, जिन्हें पार्टी नेतृत्व द्वारा अनुशासनहीनता के लिए नोटिस भेजा गया है, ने गुरुवार को सचिन पायलट के वफादार वेद प्रकाश सोलंकी पर देशद्रोही होने का आरोप लगाया था। इसके बाद पार्टी ने कड़ा रुख अपनाया। गहलोत के करीबी माने जाने वाले राठौड़ को एआईसीसी द्वारा सीएम के वफादारों द्वारा आयोजित समानांतर बैठक में शामिल होने के लिए नोटिस दिया गया था। आरटीडीसी के अध्यक्ष राठौर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं इस बात का सबूत दूंगा कि कौन देशद्रोही है और कौन वफादार। यह सबके सामने आएगा। उन्होंने दावा किया कि सोलंकी ने भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया से जिला परिषद चुनाव के दौरान एक होटल में मुलाकात की थी। राजस्थान के मंत्री गोविंद राम मेघवाल, जो 2021 में हुए जिला परिषद चुनाव के प्रभारी थे, ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने विधायक सोलंकी द्वारा पार्टी को नुकसान पहुंचाने की शिकायत की थी, लेकिन राजस्थान प्रभारी अजय माकन ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। सोलंकी ने इससे पहले धर्मेंद्र राठौर को भाजपा और कांग्रेस के बीच पंजीकृत दलाल बताया था।

## पीएफआई हड़ताल...

विचार करते समय ऐसी शर्त लगानी चाहिए कि उन्हें कोई राहत देने से पहले उनके द्वारा किए गए नुकसान की क्षतिपूर्ति पर जोर दिया जा सके। अदालत ने कहा कि मीडिया की खबरों से खुलासा होता है कि 23 सितंबर को हालात से निपटने को लेकर पुलिस ने निष्क्रिय भूमिका निभाई। अदालत ने कहा कि निर्धारित समय के भीतर राशि जमा करने में विफल रहने पर राज्य सरकार पीएफआई और अब्दुल सत्तार समेत इसके अन्य कार्यकर्ताओं की संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए राजस्व वसूली अधिनियम के तहत तत्काल कदम उठाएगी, ताकि 5.2 करोड़ रुपए की वसूली की जा सके। अदालत ने कहा क प्रतिवादी आगे भी इस तरह की राशि के लिए उत्तरदाई होंगे जो दावा आयुक्त के समक्ष न्यायिक कार्यवाही के दौरान दावेदारों के पक्ष में देय पाई जाती हैं।

## कारों में...

रहा है, इसे देखते हुए और व्यापक आर्थिक परिदृश्य पर इसके असर के मद्देनजर यात्री कारों में न्यूनतम छह एयरबैग अनिवार्य करने के प्रस्ताव को एक अक्टूबर, 2023 से लागू करने का निर्णय लिया गया है।

## नवलखा को...

मिलने की अनुमति दी। पीठ ने कहा, पक्षकारों के वकील को सुनने के बाद हमारा विचार है कि चिकित्सकीय इलाज हासिल करना मौलिक अधिकार है। हम निर्देश देते हैं कि याचिकाकर्ता को तुरंत गहन चिकित्सकीय जांच के लिए ले जाया जाए। पीठ ने कहा तलोजा जेल के अधीक्षक को हमने निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता को जसलोक अस्पताल ले जाया जाए ताकि उनकी जरूरी चिकित्सकीय जांच हो सके और उन्हें इलाज मिल सके। हालांकि, अदालत ने साफ कर दिया कि याचिकाकर्ता पुलिस हिरासत में रहेगा। नवलखा (70 साल) ने बंबई उच्च न्यायालय के 26 अप्रैल के उस आदेश के खिलाफ अपील की थी जिसमें उनके, घर पर ही नजरबंद किए जाने के अनुरोध को ठुकरा दिया गया था। नवलखा ने आशंका जताई थी कि शायद मुंबई के समीप स्थित तलोजा जेल में उन पर्याप्त चिकित्सकीय तथा अन्य सुविधाओं का अभाव हो जिनकी उन्हें जरूरत है। नवलखा तलोजा जेल में ही बंद हैं। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि तलोजा जेल के पुलिस अधीक्षक से उन्हें दांत और त्वचा एलर्जी की जांच के लिए ले जाने का अनुरोध किया गया था, लेकिन मैं नहीं जानता कि उनकी त्वचा एलर्जी और दांत की समस्या काफी गंभीर है। अदालत ने मामले की सुनवाई एक अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। शीर्ष अदालत ने इसके पहले इस मामले में 82 वर्षीय कार्यकर्ता पी वरवरा राव को जमानत दे दी थी।

## गुजरात में...

फिश लेंडिंग सेंटर्स और मछली प्रसंस्करण को भी बढ़ावा दिया। गुजरात के तटीय क्षेत्र में मैंग्रोव के जंगलों का विकास करके हमने कोस्टल इकोसिस्टम को और सुरक्षित बनाया है। उन्होंने कहा, अब तो सौर ऊर्जा की भी अनेक परियोजनाएं इस क्षेत्र में लग रही हैं। पालिताना में आज जिस सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन हुआ है, उससे क्षेत्र के अनेक परिवारों को सस्ती और पर्याप्त बिजली मिल पाएगी। पिछले दिनों शुरू की गई रो-रो फेरी सेवा का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे सौराष्ट्र और सूरत की दूरी लगभग 400 किलोमीटर से घटकर 100 किलोमीटर से भी कम हो गई है। उन्होंने कहा, बहुत ही कम समय में इस सेवा से लगभग 3 लाख यात्री सफर कर चुके हैं। 80 हज़ार से अधिक गाड़ियों को यहां से वहां पहुंचाया गया है और इसी साल अब तक 40 लाख लीटर से अधिक पेट्रोल-डीज़ल की बचत हुई है। मतलब उतने पैसे आप लोगों की जेब में बचे हैं। आज से तो इस रूट पर बड़े जहाजों के लिए भी रास्ता साफ हुआ है। मोदी ने कहा कि सौराष्ट्र नर्मदा अवतरण सिंचाई (सौनी) योजना को लागू कर उन्होंने अपने आलोचकों को गलत साबित किया था।उन्होंने कहा, आज मुझे बहुत संतोष होता है, जब सौनी योजना से हो रहे बदलाव को मैं देखता हूं। मुझे याद है मैंने जब सौनी योजना की बात कही थी तो सारे मीडिया वालों ने लिखा था कि देखो चुनाव आया, इसलिए मोदी ने घोषणा कर दी है। चुनाव जाएगा, भूल जाएंगे। लेकिन मैंने सबको गलत सिद्ध कर दिया। आज सौनी योजना में नर्मदा मैया को जहां-जहां पहुंचाने का संकल्प किया था, तेज गति से पहुंच रही है। हम वचन के पक्के लोग हैं, हम समाज के लिए जीने वाले लोग हैं। मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने सौनी परियोजना की शुरुआत की थी। इस योजना का उद्देश्य सौराष्ट्र के 11 जिलों के 115 छोटे बड़े बांधों के जलाशयों को सरदार सरोवर बांध के अतिरिक्त जल से भरा जाना था। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जिन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है उनसे भावनगर की पहचान और सशक्त होगी तथा सौराष्ट्र के किसानों को सिंचाई की नई सौगात देंगे। उन्होंने कहा, आत्मनिर्भर भारत अभियान को और मज़बूती देंगे। रीजनल साइंस सेंटर के बनने से शिक्षा और संस्कृति के शहर के रूप में भावनगर की पहचान और समृद्ध होगी। उन्होंने लोथल को भारत की विरासत का एक महत्वपूर्ण केंद्र बताया और कहा कि इसे पूरी दुनिया के पर्यटन नक्शे पर लाने के लिए बहुत परिश्रम किया जा रहा है। उन्होंने कहा, लोथल के साथ वेलावदर नेशनल पार्क में इको टूरिज्म से जुड़े सर्किट का लाभ भी भावनगर को होने वाला है, विशेष रूप से छोटे बिजनेस को होने वाला है। प्रधानमंत्री दो दिनों के गुजरात दौरे पर हैं। शुक्रवार को भी वह कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

# परिवारवाद की राजनीति से लड़ रही भाजपाः नड्डा

● लोकतंत्र के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण कि ज्यादातर राष्ट्रीय दल क्षेत्रीय पार्टियों के रूप में सिमटकर रह गए हैं

भाषा। भुवनेश्वर



**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि बीजद के नेतृत्व वाली ओडिशा सरकार लोगों की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में नाकाम रही है। उन्होंने ओडिशा के मतदाताओं से बीजद को राज्य की सत्ता से बाहर करने का आह्वान भी किया। भुवनेश्वर में एक रैली को संबोधित करते हुए, नड्डा ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा, ओडिशा में रक्षक ही भक्षक हैं, क्योंकि कम से कम तीन मंत्री कथित तौर पर हत्या के अलग-अलग मामलों में संलिप्त पाए गए हैं। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया, ओडिशा में पीएमएवाई (प्रधानमंत्री आवास योजना), मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) और अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार हुआ है। बीजद के शासन में कुशासन का आरोप लगाते हुए, उन्होंने दावा किया कि ओडिशा के लोगों को अपने रिश्तेदारों को साइकिल पर अस्पताल ले जाना पड़ता है।

नड्डा ने कहा कि भारत जैसे लोकतंत्र के लिए, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ज्यादातर राष्ट्रीय दल क्षेत्रीय पार्टियों के रूप में सिमटकर रह गए हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा एकमात्र राष्ट्रीय दल है और उसकी क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाएं हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सभी राष्ट्रीय दल क्षेत्रीय पार्टियों के रूप में सिमटकर रह गए हैं। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने के नाते भाजपा अब अलग-अलग राज्यों में परिवारवाद की राजनीति करने वाले दलों से लड़ रही है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, कांग्रेस अब न तो राष्ट्रीय और न ही क्षेत्रीय दल रह गई है। वह अब भाई-बहन की पार्टी बनकर रह गई है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस की स्थिति यह है कि उत्तर प्रदेश में ज्यादातर विधानसभा सीटों पर उसके प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। ओडिशा में निश्चित तौर पर बीजू पटनायक का परिवार राज कर रहा है। लेकिन महाराष्ट्र में शिवसेना परिवार के राज से मुक्त हो रही है।

## पीएफआई का ट्विटर खाता बंद किया गया

**नई दिल्ली।** आईएसआईएस जैसे वैश्विक आतंकवादी संगठन के साथ कथित संबंधों और देश में साम्प्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश करने को लेकर सरकार द्वारा पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया को पांच साल के लिए प्रतिबंधित किए जाने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को उसका ट्विटर खाता बंद कर दिया गया। ट्विटर पेज पर एक संदेश में कहा गया, खाता बंद कर दिया गया है। पीएफआई के खाते को कानूनी मांग पर भारत में बंद कर दिया गया है। पीएफआई पर देश के साम्प्रदायिक और धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को बिगाड़ने और अपनी कट्टरपंथी विचारधारा को आगे बढ़ाने एवं हिंदू कार्यकर्ताओं को लक्ष्य बनाकर उनकी कथित रूप से हत्या करने के अलावा भारत में राजनीतिक इस्लाम की स्थापना का आह्वान करके राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करने का आरोप लगाया है। गृह मंत्रालय ने आरोप लगाया कि पीएफआई आतंकवाद आधारित एक प्रतिगामी शासन को प्रोत्साहित कर रहा है और उसे लागू करने की कोशिश कर रहा है।



अरुणाचल प्रदेश के दिबांग क्षेत्र के अनिनि गांव में स्थानीय लोगों से मिलते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

# मुकेश अंबानी के सुरक्षा कवर को बढ़ाकर जेड प्लस किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● केंद्रीय खुफिया व सुरक्षा एजेंसियों की समीक्षा के बाद सरकार ने लिया फैसला

**सरकार ने** देश के प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी के सुरक्षा कवर को बढ़ाकर जेड प्लस कर दिया है जो सुरक्षा की शीर्ष श्रेणी है। सरकार ने खतरा संबंधी धारणा की केंद्रीय खुफिया एवं सुरक्षा एजेंसियों द्वारा समीक्षा किए जाने के बाद यह कदम उठाया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अंबानी (65) को पहली बार 2013 में भुगतान आधार पर सीआरपीएफ कमांडो का जेड श्रेणी का सुरक्षा कवर दिया गया था। उनकी पत्नी नीता अंबानी को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है, जिसमें कमांडो की संख्या कम होती है। नवीनतम ब्लूमबर्ग सूचकांक के अनुसार अंबानी दुनिया के 10वें सबसे धनी व्यक्ति हैं। सूत्रों ने बताया कि अंबानी की सुरक्षा को शीर्ष श्रेणी के जेड प्लस में बदल दिया गया है और इस संबंध में आवश्यक सूचना जल्दी ही जारी की जाएगी। अंबानी को खतरे की धारणा के संबंध में केंद्रीय खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों से जानकारी मिलने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सिफारिश को औपचारिक रूप दिया। सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को मौजूदा सुरक्षा कवर को बढ़ाकर जेड प्लस करने और उनकी सुरक्षा में और कमांडो शामिल करने के लिए कहा जा सकता है। उनकी सुरक्षा में कुल 40-50 कमांडो शामिल हो सकते हैं जो पाली में काम करते हैं। सीआरपीएफ अभी अंबानी के आवास और कार्यालय परिसर को भी सुरक्षा प्रदान करता है।

# गरबा पंडालों में अनैतिक गतिविधियों के कारण आठ मुस्लिम युवक पुलिस के हवालेः बजरंग दल

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** दक्षिणपंथी हिंदू संगठन बजरंग दल ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने इंदौर में पिछले तीन दिनों के दौरान आठ मुस्लिम युवकों को पुलिस के हवाले किया है। संगठन का आरोप है कि युवक 'लव जिहाद' के इरादे से गरबा पंडालों में अपनी पहचान छिपाकर दाखिल होने के बाद अनैतिक गतिविधियों में शामिल थे। बजरंग दल की इंदौर इकाई के संयोजक तन्नू शर्मा ने बताया, हमने लव जिहाद रोकने के लिए अपने 400 कार्यकर्ताओं की शहर के अलग-अलग गरबा पंडालों में तैनाती की है। इनकी जिम्मेदारी निगरानी करना है कि अनैतिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए कोई व्यक्ति अपनी पहचान छिपाकर इन पंडालों में तो दाखिल नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि अनैतिक गतिविधियों की सूचना मिलने पर पिछले तीन दिनों में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने शहर के अलग-अलग इलाकों के गरबा पंडालों से कुल आठ मुस्लिम युवकों को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है।

शर्मा ने आरोप लगाया कि मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखने वाले ए युवक 'लव जिहाद' के इरादे से अपनी पहचान छिपाकर गरबा पंडालों में घुसे थे और गरबा कर रही युवतियों की अनुमति के बिना उनके वीडियो बनाने तथा अन्य अनैतिक गतिविधियों में शामिल थे। बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा गरबा पंडालों से मुस्लिम युवकों को पकड़ कर पुलिस के हवाले करने के वीडियो सोशल मीडिया पर फैल रहे हैं। इस बीच, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजेश हिंगणकर ने कहा कि गरबा पंडालों में सामने आए छिटपुट मसलों के बाद शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित युवकों को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 151 (संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने के लिए की जाने एहतियातन गिरफ्तारी) के तहत गिरफ्तार किया गया है। हिंगणकर ने दावा किया, शहर के सभी गरबा पंडालों में हालात एकदम शांतिपूर्ण हैं और इनमें लव जिहाद जैसी कोई गतिविधि नहीं चल रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संतोष सिंह गौतम ने कहा, "किसी भी धर्म का व्यक्ति अगर गरबा पंडालों में गलत हरकत करता है, तो उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्वाई होनी चाहिए। लेकिन हम जानना चाहते हैं कि क्या राज्य की भाजपा सरकार ने बजरंग दल को नैतिक पुलिसिंग की खुली छूट दे दी है।

प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने 27 सितंबर को कहा था कि गरबा आयोजकों को नृत्य पंडालों में प्रवेश की अनुमति देने से पहले लोगों के पहचान पत्रों की जांच करने के लिए कहा गया है। इससे पहले, राज्य की संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर ने आठ सितंबर को सुझाव दिया था कि कथित 'लव जिहाद' रोकने के लिए नवरात्रि उत्सव के दौरान गरबा नृत्य स्थलों पर प्रवेश की अनुमति पहचान पत्रों की जांच के बाद ही दी जानी चाहिए।

## सात नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में बुधवार को सात नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जिले में चल रहे पूना नर्कोम नई सुबह, नई शुरुआत अभियान से प्रभावित होकर सात नक्सलियों - मड़कम मासा, माड़वी हिरमा, मड़कम भीमा, मड़कम बण्डी, मड़कम नंदा, सोड़ी जोगा और लक्ष्मिन्दर- ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली मिलिशिया सदस्य, चेतना नाट्य मंडली के सदस्य और दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संगठन के सदस्य हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ एर्राबोर थाना क्षेत्र में विभिन्न नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों को राज्य शासन के पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

# तमिलनाडु सरकार ने आरएसएस को पथ संचलन की इजाजत नहीं दी, कोर्ट पहुंचा संघ

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को राज्य में दो मार्च को पथ संचलन की अनुमति देने से मना कर दिया और उसी दिन विदुथलाई चिरुथाईगल कात्ची (वीसीके) द्वारा जवाबी प्रदर्शन की योजना के लिए भी मंजूरी नहीं दी। संघ ने गृह सचिव सहित राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ अवमानना याचिका दायर कर मद्रास उच्च न्यायालय का रुख किया। इससे एक दिन पहले उसने मामले पर उन्हें कानूनी नोटिस भेजा था। संघ द्वारा गांधी जयंती (दो अक्टूबर) पर पथ संचलन करने के विरोध में कुछ समूहों द्वारा प्रदर्शन किए जाने की बात कही गई थी जिसके बाद प्रदेश सरकार ने कानून व्यवस्था की स्थिति का हवाला देते हुए उसकी इजाजत देने से इनकार कर दिया था।

संघ के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि सरकार ने उसे अपनी योजना पर आगे नहीं बढ़ने के लिए कहा था। उन्होंने कहा, हमारा मार्च शांतिपूर्ण है और मद्रास उच्च न्यायालय ने पहले ही इसके लिए अनुमति दे दी है। हम इस मुद्दे पर कानूनी रूप से आगे बढ़ेंगे। द्रमुक सरकार ने वीसीके, भाकपा और माकपा को भी दो अक्टूबर को एक मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति देने से मना कर दिया है।

संघ ने बाद में मद्रास उच्च न्यायालय में एक अवमानना याचिका दायर की, जिसमें तमिलनाडु के गृह सचिव फणींद्र रेड्डी और पुलिस महानिदेशक सी शैलेंद्र बाबू को अदालत के 22 सितंबर के आदेश को लागू नहीं करने के लिए दंडित करने की मांग की गई। अदालत ने उन्हें संघ की स्थानीय इकाइयों को पथ संचलन और बाद में रविवार को एक जनसभा करने की इजाजत देने को कहा था। यह अर्जी कल न्यायमूर्ति जी के इलांथिरयन के समक्ष पेश की जाएगी। न्यायाधीश ने संघ के वकील बी रबू मनोहर को अवमानना याचिका दायर करने की अनुमति दी।

# कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए नामांकन से पहले थरूर और दिग्विजय ने मुलाकात की

भाषा। नई दिल्ली



**कांग्रेस अध्यक्ष पद** का चुनाव लड़ने जा रहे सांसद शशि थरूर ने दूसरे संभावित उम्मीदवार दिग्विजय सिंह ने बृहस्पतिवार को मुलाकात की और दोनों ने इस बात पर सहमति जताई कि यह प्रतिद्वंद्वियों के बीच लड़ाई नहीं, बल्कि दो सहयोगियों के बीच दोस्ताना मुकाबला होगा। सिंह से मुलाकात की तस्वीर ट्विटर पर साझा करते हुए थरूर ने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस जीतेगी। ट्वीट किया, दिग्विजय सिंह आज दोपहर मिलने आए। मैंने उनकी उम्मीदवारी का स्वागत किया।

हम दोनों ने सहमति जताई कि यह दो प्रतिद्वंद्वियों के बीच की लड़ाई नहीं है, बल्कि दो सहयोगियों के बीच का दोस्ताना मुकाबला है। हम सभी चाहते हैं जो भी नतीजा हो, कांग्रेस जीतेगी। दिग्विजय सिंह शुक्रवार को नामांकन दाखिल कर सकते हैं। थरूर 30 सितंबर को दोपहर में अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए घोषित कार्यक्रम के अनुसार, अधिसूचना 22 सितंबर को जारी की गई और नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 24 सितंबर से आरम्भ हुई, जो 30 सितंबर तक चलेगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि आठ अक्टूबर है। एक से अधिक उम्मीदवार होने पर 17 अक्टूबर को मतदान होगा और परिणाम 19 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

# पीएफआई के सदस्य लक्षित हत्याओं की साजिश रच रहे थे : महाराष्ट्र एटीएस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) के प्रमुख विनीत अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) ने अपने सदस्यों को घृणा अपराधों और लक्षित हत्याओं को अंजाम देने के लिए उकसाने की साजिश रची थी। केंद्र सरकार ने बुधवार को पीएफआई और उसके कई सहयोगियों को इस्लामिक स्टेट (आईएस) सहित कई अन्य वैश्विक आतंकवादी संगठनों से संबंध रखने के आरोप में एक सख्त आतंकवाद निरोधी कानून के तहत पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) रैंक के अधिकारी अग्रवाल ने कहा कि महाराष्ट्र में अपने हालिया अभियान के दौरान एटीएस ने पीएफआई से संबंधों के आरोप में गिरफ्तार लोगों के पास से कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए, जिनमें से एक में संगठन के साल 2047 तक के रोडमैप का जिक्र था। अग्रवाल ने बताया कि जब्त दस्तावेजों के मुताबिक, पीएफआई के सदस्य अपने एजेंडे के तहत लक्षित हत्याओं की साजिश रच रहे थे। अग्रवाल के अनुसार, एटीएस ने आरोपियों के पास से कुछ गैजेट भी जब्त किए हैं। आतंकवाद निरोधी एजेंसी इन गैजेट में मौजूद डेटा तक पहुंच हासिल करने की कोशिशों में जुटी है, ताकि पीएफआई की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई जा सके। अग्रवाल के मुताबिक, महाराष्ट्र सरकार पीएफआई के सदस्यों और पदाधिकारियों के बैंक खातों की जांच कर रही है और आगे चलकर उन्हें फ्रीज करेगी। 28 सितंबर को प्रतिबंध की अधिसूचना जारी होने से पहले एटीएस ने महाराष्ट्र में पीएफआई के कार्यालयों और उसके पदाधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। अग्रवाल के अनुसार, प्रतिबंध के बाद संगठन के सदस्यों और समर्थकों के पास एकत्रित होने और प्रदर्शन करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

# सैन्य अधिकारियों के खिलाफ व्यभिचार मामलों में अनुशासनात्मक कार्यवाही की प्रणाली होनी चाहिए

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने बृहस्पतिवार को कहा कि सशस्त्र बलों में सैन्य अधिकारियों के खिलाफ व्यभिचार के मामलों में अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए किसी तरह की प्रणाली होनी चाहिए, क्योंकि इस तरह का आचरण अधिकारियों के जीवन में हलचल पैदा कर सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि व्यभिचार से परिवार में पीड़ादाई स्थिति बन जाती है और इसे मामूली तौर पर नहीं लिया जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति के एम जोसफ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा, वर्दी वाली सेवाओं में अनुशासन का बहुत महत्व है। इस तरह का आचरण अधिकारियों के जीवन में हलचल पैदा कर सकता है। सभी अंततः परिवार पर आश्रित होते हैं जो समाज की इकाई है। समाज में ईमानदारी जीवनसाथियों के परस्पर विश्वास पर टिकी है। उन्होंने कहा, सशस्त्र बलों को किसी तरह का आश्वासन देना चाहिए कि वे कार्रवाई करेंगे। आप जोसफ शाइन (फैसले) का हवाला कैसे दे सकते हैं और कैसे कह सकते हैं कि ऐसा नहीं हो सकता।

शीर्ष अदालत ने अनिवासी भारतीय (एनआरआई) जोसफ शाइन की एक याचिका पर 2018 में भारतीय दंड संहिता की धारा 497 को रद्द कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार दिया था जो व्यभिचार के अपराध से संबंधित है। संविधान पीठ ने बृहस्पतिवार को कहा कि दोषी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही को रोकने के लिए शीर्ष अदालत के वर्ष 2018 के फैसले का हवाला नहीं दिया जा सकता। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी, न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार भी शामिल रहे। केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल माधवी दीवान ने वर्ष 2018 के फैसले पर स्पष्टीकरण की मांग की थी। इसके बाद संविधान पीठ की टिप्पणियां आईं। रक्षा मंत्रालय ने शीर्ष अदालत में कहा था कि 27 सितंबर, 2018 का व्यभिचार को अपराध के रूप में खारिज करने का फैसला इस तरह के कृत्यों के लिए सशस्त्र बलों के कर्मियों को दोषी करार दिए जाने के रास्ते में आ सकता है। दीवान का कहना था, हम कहना चाह रहे हैं कि धारा 497 को रद्द किया जाना अशोभनीय आचरण के लिए अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई करने में सशस्त्र बलों के रास्ते में नहीं आएगा।

# गंगा में प्रदूषणः एनजीटी ने उप्र के अधिकारियों से मिशन मोड में कदम उठाने को कहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उत्तर प्रदेश सरकार को कानपुर जिले में चर्म शोधन इकाइयों से क्रोमियम-दूषित अपशिष्ट को उचित शोधन के बिना गंगा नदी में बहाए जाने के संबंध में तेजी से कार्वाई करने और एक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने कहा कि मामले में कुछ प्रगति हुई है, लेकिन नालों और एक कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) के माध्यम से गंगा में अशोधित अपशिष्ट का प्रवाह जारी है।

पीठ ने कहा, राज्य सरकार के अधिकारियों द्वारा पर्याप्त कार्वाई के अभाव में समस्या अभी भी बनी हुई है, जो मिशन मोड में उपचारात्मक कदम उठाए जाने की मांग करती है, जिसमें इस तरह की निरंतर विफलताओं के लिए दोषी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करना शामिल है। अपने हालिया आदेश में पीठ ने कहा, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) को चर्म शोधन इकाइयों से होने वाले प्रदूषण पर वास्तविक रूप में लगाम लगाने के लिए उपचारात्मक उपाय करने की जरूरत है। इसमें उचित दिशा-निर्देश जारी करना, ड्रम या पैडल को सील करना, उत्पादन क्षमता में कटौती करना और अनुपालन लक्ष्य की प्राप्ति तक चर्म शोधन इकाइयों को बंद करना शामिल है।

पीठ ने उल्लेख किया कि कानपुर जिले के एक औद्योगिक उपनगर जाजमऊ में एक सिंचाई नहर के माध्यम से अशोधित या आंशिक रूप से शोधित अपशिष्ट (सीवेज और औद्योगिक कचरा) के प्रवाह के कारण गंगा नदी दूषित हो रही थी। पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि जाजमऊ में सीईटीपी का निर्माण पूरा कर लिया जाए, क्योंकि इसमें पहले से ही काफी देरी हो चुकी है।

## भारत एक अमीर देश, पर गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी से जूझ रही है आबादीः गडकरी

**नागपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और एक समृद्ध देश होने के बावजूद इसकी जनसंख्या गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, जातिवाद, अस्पृश्यता और महंगाई का सामना कर रही है। गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि देश के भीतर अमीर एवं गरीब के बीच की खाई गहरी हो रही है जिसे पाटने की जरूरत है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था हैं और पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम एक अमीर देश हैं जिसकी आबादी गरीब है। हमारा देश समृद्ध है लेकिन इसकी जनसंख्या गरीब है जो भुखमरी, बेरोजगारी, मुद्रास्फीति, जातिवाद, अस्पृश्यता और कई अन्य मुद्दों का सामना कर रही है जो समाज की प्रगति के लिए ठीक नहीं है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरत-भावनगर में किया रोड शो

● ड्रीम सिटी के प्रवेश द्वार का उद्घाटन किया

भाषा। सूरत

**इस साल के** आखिर में होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को यहां एक रोडशो किया और कहा कि डायमंड रिसर्च एंड मर्केंटाइल (ड्रीम) सिटी परियोजना पूरी हो जाने के बाद सूरत, विश्व के सबसे सुरक्षित और सुविधाजनक हीरा व्यापार के केंद्र के रूप में विकसित होगा। प्रधानमंत्री ने बाद में भावनगर में भी एक रोडशो किया। इस दौरान महिलाओं ने प्रधानमंत्री पर फूल बरसाए और कलाकारों ने जगह-जगह लोकनृत्य भी किए। सूरत के लिंबायत में प्रधानमंत्री ने 3400 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि सूरत के कपड़ा और हीरा कारोबार ने देश भर के अनेक परिवारों का जीवन चलता है। उन्होंने कहा, ड्रीम सिटी परियोजना जब पूरा हो जाएगी तो सूरत, विश्व के सबसे सुरक्षित और सुविधाजनक डायमंड ट्रेडिंग केंद्र के रूप में विकसित होगा। वह दिन दूर नहीं जब सूरत दुनियाभर के हीरा कारोबारियों व कंपनियों के लिए एक आधुनिक कार्यालय स्थल के रूप में पहचाना जाएगा। प्रधानमंत्री ने इससे पहले, खजोद गांव के निकट 700 हेक्टेयर में फैले महत्वाकांक्षी ड्रीम सिटी के मुख्य प्रवेश द्वार का उद्घाटन किया। ड्रीम सिटी परियोजना को सूरत में हीरा कारोबार के तेजी से विकास को बढ़ावा देने के लिए वाणिज्यिक और आवासीय स्थान की बढ़ती मांग को पूरा करने के दृष्टिकोण के साथ शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री ने परियोजना के दूसरे चरण की आधारशिला भी रखी। मोदी ने कहा कि सूरत के कपड़ा उद्योग का एक बड़ा बाजार काशी और पूर्वी उत्तर प्रदेश से भी जुड़ा हुआ है और यहां से बड़ी संख्या में ट्रकों के जरिए, सामान पूर्वी उत्तर प्रदेश भेजा जाता रहा है।

अब सूरत से काशी के लिए पूरी एक नई ट्रेन भी चलाने की कोशिश हो रही है। ये ट्रेन, सूरत से माल-सामान काशी तक ले जाया करेगी। इसका बहुत बड़ा लाभ सूरत के व्यापारियों को होगा, यहां के कारोबारियों को होगा, यहां के मेरे श्रमिक भाइयों-बहनों को होगा। सूरत में हवाईअड्डा के निर्माण के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकार द्वारा की गई मशक्कतों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में तत्कालीन केंद्र सरकार को वह बताते-बताते थक गए थे कि सूरत को हवाईअड्डा की जरूरत क्यों है और इस शहर का सामर्थ्य क्या है। केंद्र में गुजरात में भाजपा की सरकार होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, यही स्थिति मेट्रो को लेकर भी थी। लेकिन आज जब डबल इंजन की सरकार है तो स्वीकृति भी तेजु गति से मिलती है और काम भी उतनी ही तेजी से होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में सूरत ने देश के बाकी शहरों की अपेक्षा बहुत अधिक और तेजी से प्रगति की है। मोदी ने कहा कि सूरत शहर लोगों की एकजुटता और जनभागीदारी का बहुत ही शानदार उदाहरण है और हिन्दुस्तान का कोई प्रदेश ऐसा नहीं होगा, जहां के लोग सूरत में न रहते हों। उन्होंने कहा, सूरत की सबसे बड़ी खासियत ए है कि ए शहर श्रम का सम्मान करने वाला शहर है। आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके तहत देश में अभी तक लगभग चार करोड़ गरीब मरीजों को मुफ्त इलाज मिल चुका है और इसमें से 32 लाख से अधिक मरीज गुजरात के हैं और लगभग सवा लाख सूरत से हैं। बीते दो दशकों से विकास के जिस पथ पर सूरत चल पड़ा है, वह आने वाले सालों में और तेज होने वाला है। यही विकास आज डबल इंजन (केंद्र और राज्य) सरकार पर विश्वास के रूप में झलकता है। जब विश्वास बढ़ता है तो प्रयास बढ़ता है और सबके प्रयास से राष्ट्र के विकास की गति तेज होती है। प्रधानमंत्री ने शहर के घोडादरा से लिंबायत इलाके तक 2.5 किलोमीटर के रोडशो का नेतृत्व किया।



# भारत-अमेरिका संबंध केवल द्विपक्षीय हित के लिए नहीं : जयशंकर



भाषा। वाशिंगटन

**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र भारत और अमेरिका के बीच संबंध केवल द्विपक्षीय हित के लिए नहीं है, बल्कि उनके संबंधों का असर विश्व स्तर पर भी काफी पड़ता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का मानना है कि इस संबंध में काफी क्षमताएं हैं और इसे और आगे बढ़ने की गुंजाइश भी काफी है। जयशंकर ने वाशिंगटन की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा सम्पन्न करते हुए बुधवार को यहां भारतीय पत्रकारों के एक समूह से कहा, यदि आप भारत-अमेरिका संबंधों को देखें, तो यह केवल एक दूसरे को फायदा पहुंचाने के लिए नहीं हैं। हमारे संबंध आज बाकी दुनिया को प्रभावित करते हैं, निश्चित रूप से हिंद-प्रशांत क्षेत्र को। वाशिंगटन की अपनी चार दिवसीय यात्रा के दौरान जयशंकर ने अपने अमेरिकी समकक्ष विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन, रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन, वाणिज्य मंत्री जीना रैमंडो, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और मार्क वार्नर तथा एमी बेरा सहित पांच सांसदों से मुलाकात की। जयशंकर ने अमेरिकी व्यापारिक समुदाय के साथ भी बैठक की। उन्होंने कहा, ऐसे बहुत से देश हैं जो हमसे व्यक्तिगत या द्विपक्षीय संबंध बनाना चाहते हैं, जिसके जरिए वे ऐसे कई मुद्दों के समाधानों की उम्मीद कर रहे हैं जिसे विश्व तलाश रहा है। जयशंकर ने कहा कि कुल मिलाकर भारत-अमेरिका संबंध अच्छी स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, यदि आप देखें, हमारे व्यापार अच्छा कर रहे हैं, हमारे राजनीतिक संबंध मजबूत हैं। वीजा को लेकर कुछ प्रक्रिया संबंधी मुद्दे हो सकते हैं, लेकिन लोगों की वास्तविक आवाजाही के संदर्भ में यह काफी सकारात्मक हैं। मंत्री ने कहा, इसलिए, वास्तव में ऐसा बहुत कुछ है जिसका श्रेय हम स्वयं को दे सकते हैं।

## समरकंद में यूक्रेन को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी से भारत के रुख में बदलाव नहीं

**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि समरकंद में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन में जारी युद्ध को लेकर जो टिप्पणी की उसे इस मुद्दे पर भारत के रुख में परिवर्तन के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि भारत लगातार यह कहता रहा है कि रूस और यूक्रेन के बीच जल्द से जल्द युद्ध समाप्त होना चाहिए। यूक्रेन में रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों में जनमत संग्रह पर पूरे गए एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री ने यहां बुधवार को भारतीय पत्रकारों के एक समूह से कहा कि भारत इस मुद्दे पर न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र में अपना विचार रखेगा। उन्होंने कहा, यह मुद्दा संयुक्त राष्ट्र मे विचार के लिए उठेगा। इसलिए मै आग्रह करता हू कि आप इंतजार करें और देखिए कि वहां हमारे राजदूत क्या कहते है। प्रधानमंत्री मोदी और रूस के राष्ट्रपति पुतिन के बीच समरकंद मे 16 सितंबर को हुई बैठक के बारे में जयशंकर ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के बाद दोनो नेताओ के बीच प्रत्यक्ष रूप से यह पहली बातचीत थी। उन्होने कहा, स्वाभाविक सी बात है कि आमने सामने की बैठक के बाद प्रेस को संबोधित किया गया था और हम उस मौके का वीडियो देख सकते है। उन्होने कहा, ऐसा नही है कि इसके बारे मे हमने पहले कुछ नही कहा।

## चीन के साथ आपसी रिश्ते के लिए भारत प्रयासरत

**वाशिंगटन।** सामरिक क्षेत्र मे चीन की बढ़ती सैन्य उपस्थिति के बीच भारत और अमेरिका के हिंद-प्रशांत की बेहतरी के लिए एक साझा दृष्टिकोण का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत, चीन के साथ ऐसे संबंध बनाने का प्रयास करता है जो आपसी संवेदनशीलता, सम्मान व परस्पर हित पर आधारित हो। चीन का सामरिक हिंद-प्रशांत क्षेत्र मे कई देशो के साथ क्षेत्रीय विवाद है और वह विशेष रूप से विवादित दक्षिण चीन सागर मे अमेरिका की सक्रिय नीति का विरोध करता रहा है। जयशंकर ने बुधवार को यहां भारतीय पत्रकारो के एक समूह से कहा, हम चीन के साथ लगातार रिश्तो मे सुधार के लिए प्रयासरत है।

# म्यांमा की सैन्य सत्ता ने सू ची को फिर दोषी ठहराया

- ऑस्ट्रेलियाई अर्थशास्त्री को तीन साल की जेल

भाषा। बैंकॉक

**सैन्य** शासन वाले म्यांमा की एक अदालत ने देश की नेता आंग सान सू ची को बृहस्पतिवार को एक और आपराधिक मामले में दोषी ठहराया और ऑस्ट्रेलियाई अर्थशास्त्री शॉन टर्नल को गोपनीयता कानून का उल्लंघन करने के मामले में तीन साल जेल की सजा सुनाई। एक विधिक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि गोपनीयता कानून के तहत सू ची को भी तीन साल जेल की सजा सुनाई गई है। उन्होंने कहा कि सू ची के मंत्रिमंडल के तीन सदस्यों को भी दोषी पाया गया और उन्हें तीन-तीन साल कैद की सजा दी गई है। टर्नल सिडनी के मैक्वायरी विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के एसोसिएट प्रोफेसर हैं और वह सू ची के सलाहकार भी थे। म्यांमा में पिछले साल सेना ने चुनी हुई सरकार का तख्तापलट कर सत्ता हथिया ली थी। टर्नल को पांच दिन बाद गिरफ्तार किया गया था जब वह हवाई अड्डे जाने के लिए कार का इंतजार कर रहे थे। टर्नल पर आरोप के मामले की पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है हालांकि, सरकारी टीवी चैनल ने पिछले साल बताया था कि टर्नल के पास देश की वित्तीय प्रणाली की गोपनीय जानकारी थी और वह उसे लेकर म्यांमा से भागने वाले थे। टर्नल और सू ची ने इन आरोपों का खंडन किया है। सू ची पर तमाम अन्य आरोप हैं और उन्हें 20 साल के लिए जेल की सजा सुनाई जा चुकी है।

## सईद के घर के बाहर विस्फोट के मामले में तीन और दोषी करार

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान** की एक आतंकवाद निरोधक अदालत (एटीसी) ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले के साजिशकर्ता और जमात-उद-दावा प्रमुख हाफिज सईद के यहां स्थित घर के बाहर पिछले साल हुए कार बम विस्फोट मे तीन और संदिग्धो को दोषी करार दिया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सईद के घर के बाहर इस विस्फोट की घटना मे तीन लोग मारे गए थे।

### पाकिस्तान के नए वित्त मंत्री डार अब भगोड़े की सूची से बाहर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नवनियुक्त वित्त मंत्री इशाक डार के पेश होने के बाद अदालत ने उन्हें भगोड़ा घोषित करने के लगभग पांच साल बाद अपने पुराने आदेश को उलट दिया। डार अदालत के समक्ष पेश हुए और भ्रष्टाचार के एक मामले मे मुकदमे का सामना करने का हलफनामा दिया। बुधवार को डार की ओर से पेश वकील मिस्बाह-उल हसन काजी ने जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश से 72 वर्षीय मंत्री को जमानत के लिए आवेदन करने के बजाय आपराधिक प्रक्रिया संहिता के तहत मुचलका भरने की अनुमति देने का अनुरोध किया। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, न्यायाधीश ने आवेदन पर राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो को नोटिस जारी कर सात अक्टूबर तक जवाब मांगा है।

# अमेरिका के फ्लोरिडा में चक्रवात से भारी तबाही, बिजली गुल, 25 लाख प्रभावित

भाषा। सेंट पीटर्सबर्ग



**अमेरिका** के दक्षिण पश्चिमी फ्लोरिडा में आए चक्रवात इयान ने भारी तबाही मचाई है और सर्वाधिक नुकसान बुनियादी ढांचे को पहुंचा है। बिजली गुल होने के कारण करीब 25 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। चक्रवात के कारण आई बाढ़ में डूबे घरों में लोग बृहस्पतिवार को फंसे रहे। चक्रवात के कारण एक महत्वपूर्ण पुल का मुख्य क्षेत्र से संपर्क टूट गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को आधिकारिक रूप से इसे आपदा घोषित किया। अमेरिका में आए सबसे शक्तिशाली चक्रवातों में से एक इयान ने बुधवार को फ्लोरिडा प्रायद्वीप में तबाही मचाई और यहां भारी बाढ़ के हालात बन गए। चक्रवात इयान के प्रभाव के चलते फ्लोरिडा और दक्षिण-पूर्वी अटलांटिक तट तक के क्षेत्र में भारी बारिश दर्ज की गई। अधिकारियों ने फ्लोरिडा में चक्रवात के चलते कम से कम एक मौत की पुष्टि की है। वोलुसिया काउंटी शेरिफ कार्यालय ने एक बयान में कहा कि डेटोना बीच के पास डेल्टोना में 72 वर्षीय व्यक्ति बृहस्पतिवार तड़के अपने घर के पीछे एक नहर में मृत पाया गया। फ्लोरिडा के एक अन्य शेरिफ ने कहा, उन्हें लगता था कि मृतक संख्या सैकड़ों में होगी। वहीं, चक्रवात के कारण क्यूबा में दो लोगों की मौत हो गई। संघीय आपात प्रबंधन एजेंसी के प्रशासक डीन क्रिसवेल ने कहा कि एजेंसी तलाशी और बचाव अभियान में सहायता कर रही है। ली काउंटी शेरिफ कारमाइन मार्सेनो ने चैनल एबीसी से कहा कि उनके कार्यालय को मदद के लिए काउंटी से सैकड़ों कॉल प्राप्त हो रही हैं, लेकिन मार्गों और पुल से संपर्क टूटने के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय चक्रवात केंद्र (एनएचसी) ने कहा कि इयान बृहस्पतिवार तड़के एक उष्णकटिबंधीय तूफान में तब्दील हो गया और बाद में दिन में कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र के पास अटलांटिक जलक्षेत्र पर इसके तूफान के तौर पर उभरने की संभावना है। पूर्वानुमान जताया गया है कि चक्रवात का अगला पड़ाव अमेरिका के साउथ कैरोलीना में होगा। फ्लोरिडा के तट के पास पोर्ट चार्लोट में चक्रवात की वजह से एक अस्पताल के भूतल में जलजमाव हो गया और चौथे तल की छत क्षतिग्रस्त हो गई जहां आईसीयू स्थित है।

## अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से तीन रूसी अंतरिक्ष यात्री सकुशल वापस आए

भाषा। मॉस्को

**एक अभियान** के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर गए तीन रूसी अंतरिक्ष यात्री बृहस्पतिवार को सकुशल वापस आ गए। द सोयुज एमएस-21 नामक अंतरिक्ष यान आलेग आर्तेमएव, डेनिस मातवेएव और सेर्जेय कोर्साकोव को लेकर स्थानीय समय अपराह्न चार बजकर 57 मिनट (1057 जीएमटी) पर जमीन पर उतरा। यह झेजकाजगन शहर से 150 किलोमीटर दूर कजाकिस्तान के स्टेपीज घास के मैदान में उतरा। तीनों अंतरिक्ष यात्री स्टेशन पर गत मार्च में गए थे। आर्तेमएव के लिए यह उनका तीसरा अंतरिक्ष अभियान था और वह अब तक अंतरिक्ष में कुल 561 दिन बिता चुके हैं। मातवेएव और कोर्साकोव के लिए यह पहला अंतरिक्ष अभियान था और दोनों ने अंतरिक्ष स्टेशन पर 195 दिन बिताए। जब सोयुज कैप्शूल साफ आकाश में एक बड़े और लाल-सफेद धारीदार पैराशूट के जरिए उतर रहा था, तब आर्तेमएव ने अभियान से जुड़े नियंत्रण कक्ष को बताया कि सभी सदस्य अच्छा महसूस कर रहे हैं।

# हैरिस के दक्षिण कोरिया से रवाना होने के बाद उत्तर कोरिया ने मिसाइल का परीक्षण किया

भाषा। पनमुनजोम (कोरिया)

**अमेरिकी** उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के दक्षिण कोरिया से स्वदेश रवाना होने के कुछ घंटों बाद उत्तर कोरिया ने बृहस्पतिवार को छोटी दूरी की दो बैलिस्टिक मिसाइल का समुद्र में परीक्षण किया। हैरिस ने दक्षिण कोरिया की अपनी यात्रा के दौरान उत्तर कोरिया की ओर से बढ़ते खतरे के बीच अपने एशियाई सहयोगियों की सुरक्षा के लिए अमेरिकी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। हाल में उत्तर कोरिया द्वारा किया गया यह तीसरा मिसाइल परीक्षण है। उत्तर कोरिया ने हैरिस के दक्षिण कोरिया की यात्रा पर पहुंचने से एक दिन पहले मिसाइल परीक्षण किया था और एक परीक्षण रविवार को किया गया था। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टॉफ ने कहा कि उत्तर कोरियाई मिसाइलों को राजधानी प्योंगयांग के उत्तर में सुनचोन शहर के पास एक क्षेत्र से दागा गया। हैरिस अपनी एशिया यात्रा के दौरान कोरियाई प्रायद्वीप को विभाजित करने वाले असैन्ईकृत क्षेत्र (डीएमजेड) पहुंची और उन्होंने उत्तर कोरिया के बढ़ते शत्रुतापूर्ण माहौल में अपने एशियाई सहयोगियों की सुरक्षा के लिए अमेरिकी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। डीएमजेड जाने से पहले हैरिस ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल से उनके सियोल स्थित कार्यालय में मुलाकात की और दोनों देशों के बीच संबंधों की सराहना की। इस बात को लेकर भी चिंता है कि उत्तर कोरिया एक परमाणु परीक्षण कर सकता है। डीएमजेड में, दक्षिण कोरियाई अधिकारी ने हैरिस को अपने देश की तरफ स्थित सैन्य प्रतिष्ठानों के बारे में बताया।


**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **MR. YOGESH KUMAR SHARMA** who purchasing the **PLOT NO. RZ-H-9, LAND AREA MEASURING 65 SQ. YDS. OUT OF TOTAL AREA MEASURING 200 SQ. YDS., OUT OF KHASRA NO.80/14/1, SITUATED IN THE AREA OF VILLAGE PALAM, ABADI KNOWN AS MAHAVIR ENCLAVE, NEW DELHI** from Mr. Subhash Chand Yadav who is the owner of the abovementioned property vide Notarized General Power of Attorney, Agreement to Sale & WILL dated 25.08.1993 and intend to mortgage against the financial assistance from **Aditya Birla Housing Finance Limited.** That the last page of the notarized General Power of Attorney dated 25.08.1993 executed by Mrs. Jyoti Pd. Jain in favour of **MR. SUBHASH CHAND YADAV** in respect of abovementioned property are/is Lost/Misplaced. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext. II, New Delhi-49
Contact# 011-40046316

**SHRI CHITRA GUPTA SABHA**
**Registered Under Act XXI of 1860**
**(Established 1902)**
Chitra Gupta Bhawan, 1640, Khirki Patni Mal, Himmat Garh, Bazar Sita Ram, (Behind National & Grindlays Bank, Asaf Ali Road), Delhi-110006

**NOTICE**

It is being notified to all the Members of Shri Chitra Gupta Sabha that as per the decision of the Managing Committee taken in the MC meeting held on 3rd July, 2022 in the Sabha's Premises, that the Property No. 3061, Kucha Raja Sohan Lal, Bazar Sita Ram, Delhi-110006 is being sold out at the earliest.

For **Shri Chitra Gupta Sabha**
*(Sd./-)* **Rajan B. Saxena**
Hony. General Secretary


# भारत को विकसित देश बनाने में नवाचार की अहम भूमिका

भाषा। बेंगलुरु



**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित देश बनाने में नवाचार को एक प्रमुख कारक बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने में डिजिटलीकरण के भीतर असीम संभावनाएं हैं। सीतारमण ने यहां कर्नाटक चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की वार्षिक आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के समय और उसके फौरन बाद की तेजी का माहौल कायम रहता है और सारे देशवासी मिलकर प्रयास करते हैं तो 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य हासिल करना अधिक मुश्किल नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, अब से लेकर 2047 तक के सफर में नवाचार काफी अहम होने वाला है। नवाचार की ही वजह से हम अर्थव्यवस्था के समक्ष मौजूद कई समस्याओं का समाधान निकाल पाते हैं और इसके दम पर हम विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। उन्होंने डिजिटलीकरण में तेजी लाने पर दिए जा रहे जोर का जिक्र करते हुए कहा कि इसे आगे बढ़ाने की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने एक सेवा के रूप मे सेवा, शिक्षा एवं सॉफ्टवेयर (एसएएएस) का खास तौर पर उल्लेख किया। उन्होंने कोविड महामारी के दौरान देशभर में फैली पीड़ा के दौर को याद करते हुए कहा कि भारतीय आर्थिक जगत इस मुश्किल समय से भी बाहर निकलने में सफल रहा। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कह रही कि हम वह सब हासिल कर पाए जो हम करना चाहते थे। अभी भी समाज के कुछ तबकों को अधिक मदद की जरूरत है और हम इसका ख्याल रख रहे हैं। इस मौके पर वित्त मंत्री ने कहा कि अगले साल देश के कई हिस्सों में जी-20 बैठकों का आयोजन होने वाला है जिसमें कर्नाटक को अपनी ब्रांडिंग करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उद्योग मंडल को कर्नाटक के उद्योग एवं व्यापार संगठनों के साथ मिलकर राज्य की अलग ब्रांडिंग करने के लिए प्रयास करना चाहिए ताकि राज्य के अपने खास उत्पादों को अलग पहचान दिलाई जा सके।

## वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में भर्ती प्रक्रिया तेज करने को कहा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको (पीएसबी) को अपने रिक्त पदो पर भर्ती की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया है। सार्वजनिक बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान भर्ती प्रक्रिया पर असर पड़ा था लेकिन अब इस बैकलॉग या पुराने रिक्त पदो पर भर्ती को पूरा करने किया जाएगा। उन्होने कहा कि इन पदो पर भर्ती को समय के साथ पूरा कर लिया जाएगा। वित्त मंत्रालय ने महीने की शुरुआत मे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको मे रिक्त पदो की समीक्षा की थी।

## अमेरिकी व्यवसाय इस बात से प्रभावित हैं कि भारत कितना अधिक डिजिटल बन गया हैः जयशंकर

भाषा। वाशिंगटन

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि अमेरिकी व्यवसाय इस बात से प्रभावित हैं कि भारत कितना अधिक डिजिटल बन गया है। वहीं, भारत में कारोबार करने में सुगमता को लेकर सराहना का भाव भी है। अमेरिका भारत रणनीतिक भागीदारी फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष मुकेश अघी ने बुधवार को आयोजित भोज के दौरान जयशंकर को फोरम की कॉफी टेबल बुक भेंट की जिसका शीर्षक है हम लोग। इसमें भारत और अमेरिका का 75 वर्ष के दौरान रिश्तों की कहानी है। जयशंकर ने ट्वीट किया, भारत में ऊर्जा, स्वास्थ्य, जलवायु, अवसंरचना, लॉजिस्टिक्स और रक्षा क्षेत्रों में हो रहे बदलावों में गहरी दिलचस्पी देखने को मिली।

# भारत वैश्विक आर्थिक पुनरुद्धार का स्तंभ होगाः गोयल

भाषा। कोलकाता

**केंद्रीय** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत वैश्विक आर्थिक पुनरुद्धार का स्तंभ होगा क्योंकि इसने स्थिर वृद्धि का प्रदर्शन किया और यह दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से विकसित होते राष्ट्र के रूप में उभरा है। बंगाल चैंबर की वार्षिक आम बैठक को वर्चुअल तरीके से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि अर्थव्यवस्था के सभी अंशधारक कर्तव्य भाव के साथ मिलकर काम करते हैं, तो 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का राष्ट्रीय लक्ष्य वर्ष 2047 तक प्राप्त होगा। यह वह वर्ष होगा जब देश अपनी आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने कहा, भारत पहले से ही दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अपने विकास को तेज कर रहा है। प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण 2047 तक भारत को 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के आकार के साथ एक विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने दावा किया कि कृषि, विनिर्माण और निर्माण जैसे सभी क्षेत्र काफी अच्छा कर रहे हैं। मंत्री ने कहा, भारत स्थिरता का एक द्वीप है और वैश्विक पुनरुद्धार का स्तंभ होगा। हमारी अर्थव्यवस्था ने महामारी के दौरान अपनी जीजिविषा दिखाई है और विकास के एक स्थिर रास्ते पर अग्रसर है। भारत को निवेश के लिए सबसे अच्छा गंतव्य बताते हुए गोयल ने कहा कि सरकार ने कई संरचनात्मक सुधार किए हैं, और कई सुधार होने वाले हैं। मंत्री ने उद्योगपतियों से निजी निवेश का आग्रह किया और उन्हें भारत की विकास गाथा पर भरोसा करने और अपनी अधिक भागीदारी के साथ देश के विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने को कहा।

# बाजार में लगातार गिरावट, सेंसेक्स 188 अंक और टूटा

- निवेशकों की आरबीआई की मौद्रिक नीति पर नजर

भाषा। मुंबई



**घरेलू शेयर** बाजार बृहस्पतिवार को शुरुआती बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया और लगातार सातवें कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। निवेशकों ने भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की घोषणा से पहले देखो और इंतजार करो का रुख अपनाया है।

कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से दबाव बढ़ा है। हालांकि, रुपए के मूल्य में कुछ सुधार से थोड़ी राहत मिली है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 188.32 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,409.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ऊंचे में यह 57,166.14 अंक तक गया और नीचे में 56,314.05 अंक तक आया। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 40.50 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,818.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से एशियन पेंट्स सबसे अधिक 5.22 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा टेक महिंद्रा, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, विप्रो और बजाज फिनसर्व प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, डॉ. रेड्डीज, टाटा स्टील, सन फार्मा और नेस्ले इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एनटीपीसी शामिल हैं। इनमें 2.51 प्रतिशत तक की तेजी रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक शेयर बाजारों में कमजोर रुख तथा रुपए के मूल्य में गिरावट से घरेलू बाजार में शुरुआती तेजी थोड़ी देर के लिए ही रही। चूंकि भारत और अमेरिका के बीच बॉन्ड प्रतिफल में अंतर कई साल के निचले स्तर 3.48 प्रतिशत पर आ गया, अतः विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। दुनिया के विभिन्न देशों में केंद्रीय बैंक आक्रामक रूप से ब्याज दर बढ़ा रहे हैं। ऐसे में बाजार आरबीआई के नीतिगत दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद कर रहा है।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अजय सहगल, सुशील सहगल, सुषमा सहगल, एच नंबर एफ-23, सन सिटी, सेक्टर-54, गुरूग्राम-122001 खाता नंबर :- LBGUR00002360285 | मकान नंबर-23, ब्लॉक एफ, हैदरपुर वीरान, सन सिटी, सेक्टर-54, गुरूग्राम | 06-09-2022 रू. 30,06,949/- | 30-04-2022 |
| 2. | अंकित शर्मा, अश्वनी कुमार शर्मा, डी-256, सेक्टर-47, नोएडा-201301 खाता नंबर :- LBGUR00002101829 | लैट नंबर 1101, 11वां तल, टावर-18, लोटस पॅनाश, प्लॉट नंबर जीएच-05, सेक्टर-110, नोएडा | 06-09-2022 रू. 43,22,410/- | 08-06-2022 |
| 3. | डेनियल शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, डी-232 टी 7, इंदिरापुरम, आशियाना उपवन, शिप्रा सन सिटी, गाजियाबाद-201014 खाता नंबर :- LBGHZ00002677567 | लैट नंबर 0201, द्वितीय तल, टावर-ए, मिस्टी हाइट्स, प्लॉट नंबर जीएच-01, स्पोर्ट्स सिटी सेक्टर-निकटस्थ टेक जोन-4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 06-09-2022 रू. 26,55,464/- | 03-06-2022 |
| 4. | दीपक कुमार, परमानंद धुलानी, एच-2/111, द्वितीय तल, सेक्टर-16, सेक्टर-15, दिल्ली-110089 खाता नंबर :- LBDEL00004958289 | सम्पत्ति सं. 11, तृतीय तल, छत के साथ, ब्लॉक बी, पाकेट 3, सेक्टर-16, रोहिणी, दिल्ली | 06-09-2022 रू. 26,27,797/- | 05-07-2021 |
| 5. | मनप्रीत सिंह, किरण राजपाल, 28, नवजीवन विहार, मालवीय नगर, आदचीनी, नई दिल्ली-110017, दिल्ली-110048 खाता नंबर :- LBNOD00001522599 | अपार्टमेंट नंबर 88, 8वां तल, बिल्डिंग नंबर-104, डीएलएफ सिल्वर ओक्स, डीएलएफ पीएच-1, गुरूग्राम | 06-09-2022 रू. 41,00,472.4/- | 08-06-2022 |
| 6. | मिल्केश कुमार ए मिस्त्री, शालिनी एम मिस्त्री, नंबर एस 123, उप्पल साउथ एंड, सोहना रोड, गुरूग्राम-122001 खाता नंबर :- LBGHZ00003367828 | लैट नंबर 2105, 21वां तल, टावर-5, सुपरटेक अज़ालिया, सेक्टर-68, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, गुरूग्राम | 06-09-2022 रू. 40,35,833/- | 30-05-2022 |
| 7. | मुकेश कुमार सिंह, निकिता सिंह, प्लॉट नंबर 330, लैट नंबर 201, सेक्टर-4, वैशाली, गाजियाबाद-201010 खाता नंबर :- LBDEL00002464153 | लैट नंबर ए 1-2605, 25वां तल, टावर-ए 1, विक्ट्री एस, प्लॉट नंबर जीएच-02, सेक्टर-143, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर | 06-09-2022 रू. 51,95,629.21/- | 03-06-2022 |
| 8. | पंकज कौशिक, गुंजन कौशिक, 16 ए/810, वसुंधरा, गाजियाबाद-201012 खाता नंबर :- LBNOD00002198443 | लैट नंबर ए 4/1002, 10वां तल, टावर-ए 4, दि रोमानो, प्लॉट नंबर जीएच-001, सेक्टर-118/जीएचपी, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा | 06-09-2022 रू. 42,43,987/- | 31-01-2021 |
| 9. | राजेश पांडे, सुशीला पांडे, जैको 4/12, नोवा द्वितीय तल, शिप्रा सन सिटी, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201010 खाता नंबर :- LBDEL00001466900 | लैट नंबर जेए सीओ 4/12, (नोवा), द्वितीय तल, शिप्रा सन सिटी, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद | 06-09-2022 रू. 4,79,723.5/- | 08-06-2022 |
| 10. | राम भरोसे, राम कुमारी, एच नंबर 7, जनता लैट, नंद नगरी, नई दिल्ली-110093 खाता नंबर :- LBDEL00000380186 | लैट नंबर 4सी-312, वार्तालोक सोसायटी, वसुंधरा, गाजियाबाद | 06-09-2022 रू. 3,51,612/- | 08-06-2022 |
| 11. | संजीव कुमार, अजय कुमार, 76-77/यूजीएफ, डी 2 ब्लॉक, जीवन पार्क, दिल्ली-110059 खाता नंबर :- LBDEL00003561898 | लैट नंबर एच/यूएच, 309, तृतीय तल, आदित्य अर्बन होम्स, टावर एच, शाहपुर बम्हेटा, एनएच-24, गाजियाबाद | 06-09-2022 रू. 14,33,650/- | 06-03-2022 |
| 12. | उमा पांडे, नीरज पांडे, 42, वसुंधरा एन्क्लव विशाल अपार्टमेंट्स, दिल्ली-110096 खाता नंबर :- LBNOD00002191613 | लैट नंबर जी 1901, 19वां तल, टावर-जी, एलीगैंट स्प्लेंडर, , प्लॉट नंबर सीपी-जीएच-05 सी, सेक्टर टेकजोन-4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 06-09-2022 रू. 33,86,951/- | 06-03-2021 |
| 13. | विकाश, अनीला, रामबीर, एस/ओ रामबीर, ग्राम घौसगढ़, पीओ जमालपुर, जिला गुरूग्राम-122503 खाता नंबर :- LBGUR00004904013 | लैट नंबर एफ-810, 8वां तल, आरओएफ आनंदा, टावर-एफ, सेक्टर-95, गुरूग्राम | 06-09-2022 रू. 13,39,569/- | 25-06-2022 |
| 14. | विनोद वत्स, चंचल वत्स, प्लॉट नंबर 2, शक्ति खंड-2, द्वितीय तल, एसएफ-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201010 खाता नंबर :- LBGHZ00002427631 | लैट नंबर डी-101, प्रथम तल, टावर-डी, अंतरिक्ष गोल्फ व्यू-II, प्लॉट नंबर जीएच-04 बी, सेक्टर-78, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर | 06-09-2022 रू. 14,12,154/- | 03-06-2022 |
| 15. | अरूण कुमार शर्मा, भावना शर्मा, नंबर 404, प्लॉट नंबर 1, सेक्टर-5, सुपरटेक अवंत, ग्रेड वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 खाता नंबर :- LBGHZ00002729595 | लैट नंबर टी-3(ए)/सी-1701, 17वां तल, शुभकामना सिटी, प्लॉट नंबर जीएच-02 ए, सेक्टर-01, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 06-09-2022 रू. 2,20,630/- | 03-06-2022 |
| 16. | रजनीश कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह, 1866, ब्लॉक I, 11वां एवेन्यू, 17वां तल, गौड़सिटी 2, गौतमबुद्ध नगर-201301 खाता नंबर :- LBDEL00003840315, LBDEL00003877836 | लैट नंबर 1866, 17वां तल, ब्लॉक I, गौड़सिटी 2, 11वां एवेन्यू, प्लॉट नंबर जीएच-03, सेक्टर-16 सी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 06-09-2022 रू. 28,98,129.01/- रू. 1,62,388/- | 09-06-2022 |
| 17. | रश्मि गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, 506, कृष्णा अपरा गार्डन-7, वैभव खंड, इंदिरापुरम, शिप्रा सन सिटी, गाजियाबाद-201014 खाता नंबर :- LBGHZ00002070396, LBNOD00002071472 | लैट नंबर एफ-28/17, 28वां तल, प्लॉट नंबर एल-2 ए, वेव वन, सेक्टर 18, नोएडा | 06-09-2022 रू. 28,05,282/- रू. 29,425/- | 08-06-2022 |
| 18. | सागर थापा, सुशील थापा, सुपरटेक ईको विलेज 2, लैट नंबर 204, टावर बी 16, जीएच 01 सेक्टर-16 बी, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश-201303 खाता नंबर :- LBNOD00003729412, LBNOD00003765417, LBNOD00003730026 | लैट नंबर 204, द्वितीय तल, (छत का अधिकार नहीं), टावर बी 16, प्लॉट नंबर जीएच-01 सेक्टर 16 बी, सुपरटेक ईको विलेज 2, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 06-09-2022 रू. 22,38,685/- रू. 92,490/- रू. 80,720/- | 27-09-2021 |
| 19. | सतीश अरोड़ा, पूजा अरोड़ा, 1 ए/96 सी, (ब्लॉक 1 ए) रमेश नगर, तृतीय तल, दिल्ली-110015 खाता नंबर :- LBGUR00001903712, LBGUR00001917719 | लैट नंबर 0307, तृतीय तल, टावर-जी 1, प्लॉट नंबर जीएचपी-001, यूनिहोम्स फेज-II, सेक्टर-117, नोएडा | 06-09-2022 रू. 27,73,496.5/- रू. 96,367/- | 08-06-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 30 सितंबर, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं का भी ख्याल रखेगी योगी सरकार

राम भक्तों को 350 रुपये में तीन समय भोजन व ठहरने की मिलेगी सुविधा
नगर निगम के 40 स्थानों पर बनेंगे टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर

**पायनियर समाचार सेवा।** अयोध्या



**राममंदिर** का निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। ऐसे में आने वाले समय में श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि अभी भी अयोध्या में आने वाले श्रद्धालु बढ़ गए हैं। श्रद्धालुओं को यहां आकर परेशान न होना पड़ेए योगी सरकार इसका पूरा ध्यान रखेगी। इसके लिए जल्द ही नगर निगम के 40 स्थानों पर फैसिलिटी सेंटर बनाया जाएगा। यहां महज 350 रुपये में ठहरने के साथ सुबह.दोपहर व शाम को भोजन की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी। श्रद्धालुओं को न्यूनतम दाम पर सुविधा देकर सरकार उनके सेहतए स्वास्थ्य पर भी ध्यान देगी। लता मंगेशकर चौक के लोकार्पण के उपरांत प्रदेश के पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न होए सरकार इसका पूरा ध्यान रख रही है। रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को बेहद कम खर्च पर रुकनेए भोजनए शौचालयए स्नान आदि की सुविधा होगी। सरकार की मंशा है कि रामभक्तों को यहां किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

'टूरिस्ट फैसलिटी सेंटर का निर्माण कराएगा पर्यटन विभाग' पर्यटन विभाग के उपनिदेशक राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि विभाग की ओर से यहां 40 जगहों पर टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए जगह चिह्नित की जाएगीए फिर प्रॉजेक्ट बनाकर शासन को भेजा जाएगा। वहां से संस्तुति मिलने के बाद इस पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### रामनगरी को संवारने में दिन रात काम कर रही सरकार

योगी सरकार रात दिन काम कर रामनगरी को सजाने व संवारने में लगी है। अयोध्या में आने वाले सभी मार्गों पर द्वार बनाए जाएंगे। पीपीपी ;पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिपद्ध के जरिए पर्यटन विभाग जमीन खरीदकर द्वार बनाएंगे। साथ ही वहां पेट्रोल पंपए सीएनजीए चार्जर पॉइंटए ठहरने के लिए होटलए भोजनए पार्किंग व अन्य सुविधाएं भी होंगी। वहीं दीपोत्सव में कई परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया जाएगा। उन योजनाओं को पूरा किया जा चुका है।

# हिन्दी अभिव्यक्ति का अत्यंत सहज और सबल माध्यमः अंजना शर्मा

भारतीय जीवन बीमा निगम, उत्तर मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के तत्वावधान में आयोजित हिन्दी पखवाड़ा का समापन



**कानपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम, उत्तर मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के तत्वाधान में आयोजित हिन्दी पखवाड़ा का समापन प्रादेशिक प्रबन्धक (सम्पदा एवं कार्यालय सेवा) सुश्री अंजाना शर्मा द्वारा माँ सरस्वती का पूजन कर आज अपराह्न क्षेत्रीय कार्यालय भवन के स्पोर्ट्स हाल पर किया गया। इस अवसर पर श्री पंकज गोपाल, प्रा.प्र. (ग्रा.सं.प्र.) अजित कुमार उपाध्याय, प्रा.प्र. (कार्मिक), सुरेश चन्द्र गौतम, प्रा. प्र. (मा.सं.वि.) सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रादेशिक प्रबन्धक( सम्पदा एवं कार्यालय सेवा) ) सुश्री अंजना शर्मा जी ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम एक विश्व स्तरीय संगठन है । व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के परिवेश एवं बदलती परिस्थितियों में नई चुनौतियों का सामना राजभाषा हिन्दी के माध्यम से सरलता के साथ कर सकते है क्योंकि हिन्दी आसानी से समझ में आने वाली भाषा होने के साथ ही सम्पूर्ण भारतवर्ष में अभिव्यक्ति का अत्यंत सहज एवं सबल माध्यम है । हम पॉलिसी सेवा के विभिन्न आयामों को हिन्दी के प्रयोग द्वारा जनता के सभी वर्गों तक पा कीर्तिमान भी हिन्दी के माध्यम से ही स्थापित किए है।

श्री सुरेश चन्द्र गौतम जी ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि हिन्दी को हम न सिर्फ राजभाषा के रूप में देखें वरन्? जनभाषा, लोकभाषा, सम्पर्क भाषा एवं संचार की प्रमुख भाषा के रूप में अपनायें। हमारी यह हमेशा कोशिश हो कि हम अपने ग्राहकों की सेवा हेतु यथासम्भव हिन्दी का ही प्रयोग करें तभी हम राजभाषा हिन्दी को सही मायने में सम्मानित कर सकेंगे। मुझे विश्वास है कि उत्तर मध्य क्षेत्र के जीवन बीमा निगम परिवार से जुड़े समस्तजन सौहार्द्धपूर्ण एवं समर्पित निष्ठा के वातावरण का निर्माण करते हुये इस शुभ कार्य में नये कीर्तिमान स्थापित करेंगे। समापन अवसर पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्षेत्रीय राजभाषा अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं समस्त उपस्थित जन समूह का स्वागत करते हुये कहा कि राष्ट्रभाषा हिन्दी हमारी संस्कृति और संस्कारों की भाषा है। वेद, उपनिषद, पुराण, गीता और रामायण जैसे महत्वपूर्ण को एक सूत्र में जोड़ने के लिए हिन्दी ही ऐसी श्रृंखला और भाषा पर ग्रंथ भी देवनागरी लिपि में ही लिखे गए हैं। सम्पूर्ण भारत जिसका ज्ञान प्रत्येक भारतवासी के लिए अनिवार्य होना चाहिए। मैं आज आप सभी का आह्वान करता हूँ कि अपने कार्यालय के दिन प्रतिदिन के कामकाज में हिन्दी का प्रयोग करने के लिये अपनी अर्न्तआत्मा में अलख जगायें तभी हम हिन्दी को राजभाषा के पद से राष्ट्र भाषा के पद पर ले जा पायेंगे। हिन्दी पखवाड़े में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया। अंत में त्र्क्षेत्रीय राजभाषा अधिकारी उत्तर मध्य क्षेत्र संजीव कुमार सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का आभार वव्यक्त किया।

# प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने की अपील



**वाराणसी।**भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी ने बुधवार को अपना 32वाँ स्थापना दिवस मनाया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर गौतम कल्लू, पूर्व कुलपति, जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर (मध्य प्रदेश) एवं पूर्व उप-महानिदेशक ने किया। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में संस्थान के वैज्ञानिकों की कार्यों की सराहना की एवं इन्होंने नई तकनीकी जैसे जीन एडिटिंग, ड्रोन, आर्टफिशल इंटेलीजेन्स और जिओटैगइंग आदि के उपयोग पर सलाह दी। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ए. के. सिंह, उप-महानिदेशक (बागवानी विज्ञान), ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात कही। इसके लिए विज्ञान एवं तकनीकों का समावेश करना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके साथ वैज्ञानिकों का आह्वान किया की निर्यातोन्मुखी एवं गुणवत्ता युक्त सब्जियों की प्रजातियों का विकाश करें जिससे देश में विदेशी मुद्रा के अर्जन के साथ-साथ स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. मेजर सिंह, सदस्य, भारतीय वैज्ञानिक चयन मण्डल ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस क्षेत्र में एफपी ओ एवं एफएस सी का गठन ज्यादा से ज्यादा किया जाए और इस क्षेत्र के किसानों को महाराष्ट्र आदि जैसे राज्यों के एफपी ओ एवं एफएस सी का भ्रमण कराया जाए और वहाँ की बाजार व्यवस्था को भी समझें जिससे वों लाभान्वित हों सकें। इस अवसर पर संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. मथुरा राय एवं डॉ. पी. एस. नाइक ने अपने अनुभव को साझा किये एवं संस्थान द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। इसके पूर्व भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा. तुषार कांति बेहेरा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान में हो रहे शोध एवं विकास कार्यों के बारे में बताया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि किसानों के माध्यम से सब्जी-गाँव की परिकल्पना को साकार करते हुए सब्जियों की किस्मों का बीज उत्पादन किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्थान द्वारा प्रकाशित सब्जी किरण एवं सब्जी हिन्दी शब्द कोष का विमोचन किया गया एवं सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए वैज्ञानिक वर्ग में डॉ राजेश कुमार, प्रशासनिक वर्ग में रोशन लाल, तकनीकी वर्ग में मदन लाल विश्वकर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र में मोतीलाल कुशवाहा एवं सहायक वर्ग में शिवाजी मिश्र को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अन्य संस्थानों के निदेशक डॉ. संजय सिंह, डॉ. आलोक श्रीवास्तव एवं डॉ. आनंद महाजन, डॉ0 सुधाकर पाण्डेय एवं संस्थान के सेवनिवृत वैज्ञानिक, तकनीकी एवं प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीरज सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. पी.एम. सिंह ने किया।

## छात्रसंघ के पूर्व सदस्य निलंबित छात्र या पूर्व छात्रों से वार्ता नहीं करेगा इविवि

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के खिलाफ चल रहे छात्र आंदोलन के फिलहाल खत्म होने के आसार नहीं हैं क्योंकि विश्वविद्यालय की उच्च स्तरीय समिति फीस वृद्धि के मामले में छात्र संघ के पूर्व सदस्य, निलंबित छात्र या पूर्व छात्रों से वार्ता करने के मूड में नहीं है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, बुधवार को कुलपति द्वारा कुलसचिव, डी एस डब्लू, प्रॉक्टर एवं वरिष्ठ शिक्षकों और जिला प्रशासन के अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय समिति का गठन कर छात्रों को वार्ता के लिए बृहस्पतिवार को नार्थ हॉल में आमंत्रित किया था। लेकिन, छात्रों ने वार्ता के लिए जो नाम प्रस्तुत किए उसमे छात्र संघ की पूर्व अध्यक्ष ऋचा सिंह सहित ऐसे नाम प्रस्तुत किए गए जो वर्तमान में विश्वविद्यालय के छात्र नहीं हैं या सीएमपी डिग्री कॉलेज के छात्र हैं या विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं। समिति ने ए निर्णय किया है कि छात्र संघ के पूर्व सदस्य, निलंबित छात्र, अन्य महाविद्यालयों के छात्र या पूर्व छात्रों से वार्ता नहीं की जाएगी। छात्र संघ संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले छात्र आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अखिलेश यादव का हालांकि कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन से वार्ता के लिए प्रतिनिधिमंडल में शामिल सभी छात्र यूनियन के सदस्य बैठक के लिए गए, जहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लोग अराजकता करने लगे और दरवाजा पीटने लगे।

# कुष्मांडा देवी के दरबार में दर्शन के लिए उमड़े भक्त





## देर रात से ही लग गई थीं श्रद्धालुओं की लंबी कतारें

**वाराणसी।** शारदीय नवरात्र के चौथे दिन दुर्गाकुंड स्थित कुष्मांडा देवी के दरबार में भोर से ही श्रद्धालुओं को एक झलक पाने के लिए लम्बी लाइने लग गई। मंगला आरती के बाद मॉ कुष्मांडा देवी का दर्शन श्रद्धालुओं को मिला। श्रद्धालुओं ने मॉ को नारियल–चुनरी, प्रसाद, माला–फूल, सिन्दूर आदि चढ़ाया और मां जगदम्बा से आर्शीवाद लिया। दर्शन–पूजन के मॉ दुर्गा जी के मंदिर में दर्शन पाने के लिए लम्बी लाइनें लग गई थी जो देर रात चलता रहा। मॉ कुष्मांडा देवी की महाआरती रात में साढ़े बजे हुई। मंदिर के आसपास अस्थायी तथा स्थायी तौर पर माला–फूल, नारियल–चुनरी, प्रसाद आदि की दुकानें लगी हुई थी।श्रद्धालुओं ने मॉ कुष्मांडा देवी की जय–जयकार का उद्घोष किया। शारदीय नवरात्र के पंचम दिन भगवती स्कन्धमाता की दर्शन–पूजन का महाम्त्य है इनका मंदिर जैतपुरा थाना से पहले मॉ बागेश्वरी देवी के प्रांगण में स्थित है। यहॉ पर भी विशाल मॉ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है जो सप्तमी के सुबह से श्रद्धालुओं के लिए दर्शन–पूजन करेगें।

# मांस फैक्ट्री में गैस लीक, 59 कर्मचारी बेहोश

## इस मामले में फैक्ट्री मालिक समेत छह लोगों को लापरवाही के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के रोरावर क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक मांस फैक्ट्री में अमोनिया गैस लीक होने से 59 कर्मचारी बेहोश हो गए और इस मामले में फैक्ट्री मालिक समेत छह लोगों को लापरवाही के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। जिले के एक शीर्ष अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। जिलाधिकारी इंद्रवीर सिंह ने बताया कि रोरावर थाना क्षेत्र के टकलसपुर इलाके में एक मांस फैक्ट्री में अमोनिया गैस का पाइप फट जाने से रिसाव शुरू हो गया, जिसके बाद गैस के संपर्क में आने से लोग बेहोश होने लगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हारिस मंसूर खां ने बताया कि गैस के संपर्क में आने से करीब 59 कर्मचारी बेहोश हो गए। उन सभी को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां सभी की हालत खतरे से बाहर है। खां ने बताया कि कुछ लोगों को ऑक्सीजन लगानी पड़ी थी, मगर उनकी हालत अब तेजी से ठीक हो रही है और उम्मीद है कि शाम तक सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। इस बीच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने बताया कि गैस रिसाव मामले में फैक्ट्री के मालिक मोहम्मद जहीर कुरैशी समेत कारखाने के छह वरिष्ठ अधिकारियों को लापरवाही बरतने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए लोग फैक्ट्री के खराब रखरखाव के कारण हुए इस हादसे के लिए प्रथम दृष्टया जिम्मेदार हैं और फैक्ट्री प्रबंधन ने इस घटना की सूचना भी स्थानीय अधिकारियों को देर में दी थी। जिला प्रशासन ने इस मामले की मजिस्ट्रेट से जांच कराने के आदेश दिए हैं। एहतियात के तौर पर फैक्ट्री के सुरक्षा बंदोबस्त कड़े कर दिए गए हैं।

# मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो लोगों की हुई मौत

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के देवबंद क्षेत्र में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक किशोर समेत दो लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार देर रात देहात कोतवाली क्षेत्र के तलहेड़ी बुजुर्ग गांव का निवासी नौशाद (18) अपनी चचेरे भाई उस्मान (11) के साथ मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहा था। रास्ते में देवबंद थाना क्षेत्र में श्मशान घाट के निकट सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों भाई मोटरसाइकिल से उछलकर दूर जा गिरे। पास से गुजर रहा 70 वर्षीय बुजुर्ग कलुआ भी उनकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राय ने बताया कि हादसे के बाद टक्कर मारने वाली मोटरसाइकिल का चालक अपने वाहन को लेकर वहां से फरार हो गया। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने नौशाद और उस्मान को मृत घोषित कर दिया। घायल बुजुर्ग का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने इस सिलसिले में मामला दर्ज कर लिया है।

# केक काटकर मना नवजात बच्चियों का जन्मोत्सव

**बांदा।** मिशन शक्ति अभियान.3 के अन्तर्गत बेटी बचाओए बेटी पढाओ के तहत ष्नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सवष् कार्यक्रम का आयोजन आज जिलाधिकारी अनुराग पटेल की अध्यक्षता में तथा विभिन्न धर्मगुरूओं एवं गणमान्य लोंगो की उपस्थिति में सम्पन्न 300 शैय्या युक्त महिला जिला अस्पताल के प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शारदीय नवरात्रि के चतुर्थ दिन 08 नवजात बच्चियों का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया और सोहर गीत गाये गए। नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में बच्चियों की माता श्रीमती कमलाए श्रीमती सुशीला देवीए श्रीमती मधूए श्रीमती पूजाए श्रीमती बीनाए श्रीमती नन्दनीए श्रीमती रमा व श्रीमती मनीता की नवजात बच्चियों का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ महिला जिला अस्पताल में मनाया गया और उन्हें



उपहारए नवजात बच्चियों के वस्त्र तथा जन्म प्रमाण देकर एवं माताओं का माल्यापर्ण करते हुए सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि ष्नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सवष् कार्यक्रम के तहत जननी सुरक्षा योजनाए प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजनाए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना तथा मातृत्व शिशु हित लाभ एवं बालिका मदद योजना का लाभ भी दिलाया जा रहा है।

जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल ने कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा कि ष्नवेली.बुन्देलीष् कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि बालक.बालिकाओं के बीच बढ रहे भेदभाव को कम करना तथा बालिकाओं के लिए सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं से लाभान्वित कराना है। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावकों को बालिकाओं के प्रति सम्मान बढाना चाहिए तथा कन्या भ्रूण हत्या पर नियंत्रण करने व दहेज जैसी कुरीति को खत्म करने के लिए आम.जनमानस में जागरूकता फैलाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह नवजात बच्चियां आगे आने वाले समय में अपने लक्ष्य तय कर तथा समाज में उत्कृष्ट कार्य कर अपने अभिभावकों व जनपद के साथ देश व प्रदेश में अपना नाम रोशन करेंगी। उन्होंने नवरात्रि के अवसर पर जन्मी इन 08 बच्चियों एवं उनकी माताओं को शुभकामनायें देते हुए सभी धर्मगुरूओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शहर काजी श्री अकील मियां ने कहा कि नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय एवं एक अच्छी पहल जिलाधिकारी के द्वारा की गयी है। उन्होंने कहा कि घर.परिवार में बेटियों के जन्म लेने से व उनके घर में होने से घर में रौनक व हंसी.खुशी रहती है।

# ज्ञानवापीः कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की मांग पर मुस्लिम पक्ष ने दर्ज कराई आपत्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

## अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए मामले पर अपने आदेश को सात अक्टूबर तक के लिए सुरक्षित रख लिया

**ज्ञानवापी**–श्रृंगार गौरी मामले में वाराणसी की जिला अदालत ने हिन्दू पक्ष द्वारा ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग और वैज्ञानिक परीक्षण कराने के मांग पर मुस्लिम पक्ष ने बृहस्पतिवार को अपनी आपत्ति दर्ज कराई और अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए कार्बन डेटिंग मामले पर अपने आदेश को सात अक्टूबर तक के लिए सुरक्षित रख लिया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता महेंद्र पांडेय ने बताया कि हिन्दू पक्ष की वादी संख्या दो, तीन, चार और पांच ने ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग कराने की मांग की थी, जिस पर मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति दर्ज कराई है। आपत्ति में कहा गया है कि वजूखाने में जो आकृति पाई गई है उसे उच्चतम न्यायालय ने वाराणसी जिला मजिस्ट्रेट से सुरक्षित रखने को कहा है और उस पर फैसला आना अभी बाकी है। ऐसी स्थिति में उस आकृति के बारे में वैज्ञानिक विधि अथवा किसी अन्य विधि से जांच कराए जाने का कोई औचित्य नहीं है। मुस्लिम पक्ष ने अपनी आपत्ति में यह भी कहा कि मूल वाद की विषय वस्तु तथाकथित श्रंगार–गौरी के दर्शन–पूजन के सम्बन्ध में है, जबकि मस्जिद में जो आकृति पाई गई उसका इस मुकदमें से कोई ताल्लुक नहीं है, ऐसी हालत में उस आकृति के बारे में भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा न तो कोई जांच पड़ताल कराई जा सकती है और न ही वैज्ञानिक विधि से जांच–पड़ताल कराकर कानूनन रिपोर्ट मंगवाई जा सकती है। उधर, हिन्दू पक्ष की एक वादी राखी सिंह के अधिवक्ता मान बहादुर सिंह ने भी कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग कराने की मांग पर आपत्ति जताई। उन्होंने अदालत से कहा, ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग की कार्बन डेटिंग और वैज्ञानिक परीक्षण से उसे नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए शिवलिंग की कार्बन डेटिंग और वैज्ञानिक परीक्षण कराया जाना उचित नहीं है। वह शिवलिंग था, है और सदैव रहेगा। पांडेय ने बताया कि मुस्लिम पक्ष ने राखी सिंह की कार्बन डेटिंग और वैज्ञानिक परीक्षण ना कराए जाने का समर्थन किया, मगर आकृति के शिवलिंग होने की बात पर असहमति जताई। उन्होंने बताया कि जिला अदालत ने अगली सुनवाई सात अक्टूबर तक के लिए आदेश को सुरक्षित रख लिया है।

# 36वें राष्ट्रीय खेलों का रंगारंग उद्घाटन

## खेलों से परिवारवाद और भ्रष्टाचार खत्म करके युवाओं में भरोसा जगाया : प्रधानमंत्री

**भाषा।** अहमदाबाद





**खिलाडियों** की कामयाबी का देश के विकास से सीधा संबंध बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को 36वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करते हुए कहा कि पिछले आठ साल में खेलों से भ्रष्टाचार और परिवारवाद को मिटाकर युवाओं में उनके सपनों को लेकर भरोसा जगाया गया है। खेलों को देश के युवाओं की ऊर्जा का स्रोत बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि खिलाड़ियों की जीत और उनका दमदार प्रदर्शन अन्य क्षेत्रों में भी देश की जीत का रास्ता बनाती है। खेल की दुनिया में यह सामर्थ्य दिखाने की क्षमता देश में पहले भी थी और ए विजय अभियान पहले भी शुरू हो सकता था लेकिन खेलों में पेशेवरपन की जगह परिवारवाद और भ्रष्टाचार ने ले रखी थी। हमने व्यवस्था की सफाई भी की और युवाओं में उनके सपनों को लेकर भरोसा भी जगाया। गुजरात के विभिन्न शहरों में 30 सितंबर से 12 अक्टूबर तक चलने वाले राष्ट्रीय खेलों का नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर भव्य रंगारंग कार्यक्रम में उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा , ए दृश्य, ए तस्वीर ,ए माहौल शब्दों से परे है ।विश्व का सबसे बड़ा स्टेडियम , विश्व का इतना युवा देश और देश का सबसे बड़ा खेल उत्सव , जब आयोजन इतना अद्वितीय हो तो उसकी ऊर्जा ऐसी ही असाधारण होगी। देश के 36 राज्यों से 7000 से ज्यादा एथलीट और 15000 से ज्यादा प्रतिभागी , 35000 से ज्यादा कॉलेज, विश्वविद्यालय और विद्यालयों की सहभागिता और 50 लाख से ज्यादा छात्रों का राष्ट्रीय खेलों से सीधा जुड़ाव अभूतपूर्व है। राष्ट्रीय खेलों का यह मंच आप सभी के लिए एक नए लांचिंग पैड का काम करेगा। किसी भी देश की प्रगति उसके सम्मान का खेलों में उसकी सफलता से सीधा संबंध होता है। राष्ट्र को नेतृत्व देश का युवा देता है और खेल उस युवा की ऊर्जा का, उसके जीवन निर्माण का प्रमुख स्रोत है। दुनिया में जो देश विकास और अर्थव्यवस्था में शीर्ष पर हैं, उनमें से ज्यादातर खेलों की पदक तालिका में भी शीर्ष पर होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, खेल के मैदान में खिलाडियों की जीत, उनका दमदार प्रदर्शन अन्य क्षेत्रों में देश की जीत का भी रास्ता बनाता है। खेलों की साफ्ट पावर देश की छवि को कई गुना ज्यादा बेहतर बना देती है। आजादी के अमृतकाल में देश ने इसी हौसले के साथ नए भारत के निर्माण की शुरूआत की है। एक समय हमारे यहां खेल बरसों तक सिर्फ सामान्य ज्ञान के विषय तक समेट दिए गए थे लेकिन अब मिजाज बदला है , मूड नया है और माहौल नया है। 2014 से फर्स्ट और बेस्ट का जो सिलसिला शुरू हुआ है , युवाओं ने वह जलवा खेलों में भी कायम रखा है। आठ साल पहले तक भारत के खिलाड़ी सौ से भी कम अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेते थे लेकिन अब 300 से भी ज्यादा में भाग ले रहे हैं। भारत के पदकों की संख्या भी बढ रही है और दमक भी। आज फिट इंडिया और खेलों इंडिया जैसे प्रयास एक जन आंदोलन बन गए हैं और पिछले आठ साल में देश का खेल बजट करीब 70 प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने खिलाड़ियों से जीत हार की परवाह किए बिना खेलभावना से खेलने का आग्रह करते हुए कहा , आप सभी खिलाड़ियों को मैं एक मंत्र और देना चाहता हूं। अगर आपको काम्पीटिशन जीतना है तो आपको कमिटमेंट और कंटिन्यूटी में जीना सीखना होगा। हार जीत को आखिरी नहीं माने और खेलभावना को जीवन का हिस्सा बनाए। , भारत जैसे युवा देश के सपनों को आप तभी नेतृत्व दे सकेंगे। इस गति को आपको मैदान से बाहर भी बनाकर रखना है। यह गति आपके जीवन का मिशन होना चाहिए। राष्ट्रीय खेलों के शुभंकर सावज की सराहना करते हुए उन्होंने कहा , गिर के शेरों को प्रदर्शित करता राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर सावज भारत के युवाओं की निडरता को दिखाता है। वैश्विक परिदृश्य में तेजी से उभरते भारत के सामर्थ्य का भी प्रतीक है। वडोदरा में गरबा पांडाल में कल ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा की मौजूदगी का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा , गुजरात में नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की उपासना से लेकर गरबा तक यहां की अपनी अलग पहचान है। दूसरे राज्यों से आए खिलाड़ियों से मैं कहूंगा कि खेल के साथ यहां नवरात्रि आयोजन का भी आनंद लें। मैने देखा है कि नीरज चोपड़ा कल कैसे गरबा का आनंद ले रहे थे। उत्सव की यही खुशी हम भारतीयों को जोड़ती है।

## गुजरात की महिला टेनिस टीम की शानदार शुरुआत, लान बाउल्स में बंगाली बालाएं चमकीं

**भाषा।** अहमदाबाद




**गुजरात की** महिला टेनिस टीम ने गुरुवार को 36वें राष्ट्रीय खेलों में खिताब के बचाव की शुरुआत तेलंगाना पर शानदार जीत के साथ की, जबकि पश्चिम बंगाल की महिला लॉन बाउल्स टीम ने असम पर 12-11 से रोमांचक जीत के साथ अपनी लय बरकरार रखी। साबरमती रिवरफ्रंट खेल परिसर में तेलंगाना के खिलाफ 2-0 की जीत दर्ज करने के दौरान गुजरात महिला टेनिस टीम ने सिर्फ चार गेम गंवाए। फाइनल में जगह बनाने के लिए अब उनका सामना कर्नाटक से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में महाराष्ट्र का मुकाबला तमिलनाडु से होगा। महाराष्ट्र ने दिल्ली को 2-0 से हराया जबकि तमिलनाडु ने हरियाणा को शिकस्त दी। केंसविले गोल्फ एंड कंट्री क्लब लॉन बाउल्स में पश्चिम बंगाल की टीम ने ग्रुप चरण में असम पर 12-11 की रोमांचक जीत दर्ज की। अन्य मैचों में, मेजबान गुजरात ने मणिपुर पर 12-10 जबकि झारखंड ने ओडिशा के खिलाफ 33-3 से जीत दर्ज की। दिल्ली ने बिहार को 20-9 के अंतर से मात दी। निशानेबाजी में 2012 ओलंपिक खेलों के रजत पदक विजेता विजय कुमार (हिमाचल प्रदेश) ने दबाव कर परिस्थितियों से अच्छी तरह निपटा और वह 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल प्रतियोगिता में के शुरुआती चरण के बाद अंकुर गोयल (उत्तराखंड) के पीछे दूसरे स्थान पर है। पुरुषों की इस स्पर्धा में लय में चल रहे अनीश भानवाल (हरियाणा) तीसरे स्थान पर है। श्री कार्तिक सबरी राज (तमिलनाडु) ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल क्वालिफिकेशन में 632.2 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने ऐश्वर्या तोमर (मध्य प्रदेश) रुद्राक्ष बी पाटिल (महाराष्ट्र), दिव्यांश सिंह पंवार (राजस्थान), हृदय हजारिका (असम) और अर्जुन बबुता (पंजाब) जैसे खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल क्वालीफिकेशन में तिलोत्तमा सेन (कर्नाटक) 633.6 अंकों के साथ शीर्ष पर रही। श्रीयंका सदांगी (ओडिशा), युक्ति राजेंद्र (कर्नाटक) 629.3 और नैन्सी (हरियाणा) जैसे निशानेबाज इलावेनिल वलारिवन (गुजरात) और मेहुली घोष (पश्चिम बंगाल) जैसे नामों को पीछे छोड़ने में सफल रहे।

### जयपुर में खेला जाएगा लीजेंड्स क्रिकेट फाइनल

**जोधपुर।** भारत में पहली बार हो रहे लीजेंड्स लीग क्रिकेट का फाइनल मैच 5 अक्टूबर को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला जाएगा। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक और सीईओ रमन रहेजा ने कहा कि जयपुर के मैदान और शहर की ऐतिहासिक प्रासंगिकता को ध्यान में रखते हुए इसे बड़े मैच के लिए आयोजन स्थल के रूप में चुना गया, जिसने अतीत में विश्व स्तरीय क्रिकेट खेला है। जोधपुर का बरकतुल्लाह खान स्टेडियम जो 2012 के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सितारों का गवाह बनेगा, क्वालीफ ायर और एलिमिनेटर मैचों सहित चार मैचों की मेजबानी करेगा। क्वालीफ ायर 2 अक्टूबर को खेला जाएगा जिसमें लीग चरण की टॉप-2 की दो टीमें फाइनल में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगी।

### राज्य गदा जोड़ी मुग्दर चैम्पियनशिप 2 को

**लखनऊ।** उप्र नान ओलम्पिक एसोसिएशन एवं उप्र गदा जोड़ी मुग्दर एसोसिएशन के तत्वाधान में 2 अक्टूबर को बाक्सिंग हाल स्टेडियम लखनऊ में भारत में पहली बार राज्य गदा जोड़ी मुग्दर चैम्पियनशिप का आयोजन होगा। इसका शुम्भरांम्भ भानुप्रताप सिंह करेंगे। पुरस्कार वितरण 2 अक्टूबर को अपर मुख्य सचिव खेल उप्रशासन नवनीत सहगल करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय दीप सिंह द्वारा की जायेगी। जनरल सेक्रेटरी एके सक्सेना ने यह जानकारी दी।

### पाक ने पांचवें टी-20 में इंग्लैंड को छह रन से हराया

**लाहौर।** इंग्लैड के कप्तान मोइन अली की नाबाद अर्धशतकीय पारी के बावजूद पाकिस्तान ने पांचवे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे अपने कम स्कोर का अच्छा बचाव करके छह रन से रोमांचक जीत दर्ज की। इंग्लैड के सामने 146 रन का लक्ष्य था और उसे आखिरी ओवर मे 15 रन की जरूरत थी। मोइन ने अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे तेज गेदबाज अमीर जमाल पर छक्का जड़ा जिससे उन्होंने अर्धशतक पूरा किया लेकिन वह अपनी टीम का स्कोर सात विकेट पर 139 रन तक ही ले जा पाए।

### फुटबॉल विश्व कप के दौरान दर्शकों के लिए कोविड जांच अनिवार्य

**जिनेवा।** फुटबॉल विश्व कप के दौरान कतर जाने वाले दर्शको के लिए कोरोना जांच की नेगेटिव रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य होगा। आयोजको ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इसकेसाथ ही 18 वर्ष और उससे अधिक के दर्शको को सरकारी फोन ऐप एथेराज भी डाउनलोड करना होगा जिससे उनकी गतिविधियों और स्वास्थ्य स्थिति पर नजर रखी जाएगी। विश्व कप आयोजको ने कहा , इंडोर सार्वजनिक स्थानो पर जाने के लिए एथेराज का हरा संकेत जरूरी होगा।

### राशिद संयुक्त दूसरे और कपूर सातवें पायदान पर

**तामसुई (चीनी ताइपे)।** भारतीय गोल्फर राशिद खान ताइवान मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट के शुरुआती चरण मे पांच अंडर 67 का शानदार कार्ड खेला और तालिका में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। एशियाई टूर पर दो बार के विजेता राशिद गत चैम्पियन वांग वेई-हसियांग से एक शॉट पीछे है। वेई-हसियांग ने छह अंडर 66 का कार्ड खेला।

# चोटिल बुमराह टी20 विश्व कप से बाहर

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय तेज** गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह चोटिल होने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं जो कि अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाली आईसीसी प्रतियोगिता से पहले टीम के लिए बहुत बड़ा झटका है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा कि बुमराह पीठ दर्द की गंभीर समस्या (स्ट्रेस फ्रैक्चर) से परेशान हैं और उन्हें महीनों तक टीम से बाहर रहना पड़ सकता है। बीसीसीआई अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, यह तय है कि बुमराह टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे। उन्हें पीठ दर्द की गंभीर परेशानी है और उन्हें छह महीने तक बाहर रहना पड़ सकता है। स्ट्रेस फ्रैक्चर में हड्डी में एक छोटी सी दरार हो जाती है, यह समस्या खिलाड़ियों में आम है। हड्डी की चोट पर अगर शुरू से ध्यान न दिया जाए जो यह स्ट्रेस फ्रैक्चर में बदल सकता है। स्ट्रेस फ्रैक्चर से निपटने लिए किसी सर्जरी की जरूरत नहीं होती है लेकिन इससे उबरने में काफी समय लगता है। इसका सबसे अच्छा इलाज विश्राम है। बुमराह की जगह मुख्य टीम में दीपक चाहर या मोहम्मद शमी को शामिल किया जा सकता है। बीसीसीआई ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए इन दोनों को स्टैंडबाई रखा है। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टी20 मैच खेले थे लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला का पहला मैच खेलने के लिए तिरुवनंतपुरम नहीं गए थे। रविंद्र जडेजा के बाद बुमराह दूसरे सीनियर भारतीय खिलाड़ी हैं जो विश्वकप में नहीं खेल पाएंगे। जडेजा घुटने के ऑपरेशन से उबर रहे हैं। भारतीय टीम इस समय बहुत अच्छी स्थिति में नहीं दिख रही है और ऐसे में बुमराह के चोटिल होने से कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ की परेशानियां बढ़ जाएंगी। अधिकारी ने कहा, बुमराह और जडेजा का बाहर होना भारत के लिए बहुत बड़ा झटका है। हमने नहीं सोचा था कि ऐसा होगा। कार्यभार प्रबंधन के लिए उन्हें एशिया कप में विश्राम दिया गया था। अभी यह सवाल बना हुआ है कि क्या वह ऑस्ट्रेलियाई श्रृंखला में खेलने के लिए पूरी तरह से फिट थे या नहीं। भारत के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए कई सीनियर खिलाड़ियों को हाल में विश्राम दिया गया था। दिलचस्प तथ्य यह है कि बुमराह ने 2022 में मुंबई इंडियंस की तरफ से इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने के अलावा पांच टेस्ट, पांच वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। अधिकारी ने कहा, काफी क्रिकेट खेली जा रही है और इस को ध्यान में रखते हुए उन्हें एशिया कप, वेस्टइंडीज के दौरे और भारत में खेली गई कुछ द्विपक्षीय श्रृंखलाओं से विश्राम दिया गया था। उन्हें पर्याप्त विश्राम मिला है। उन्होंने कहा, अभी वह एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में हैं तथा उन्हें लंबे रिहैब से गुजरना पड़ेगा। टी20 विश्वकप महत्वपूर्ण है लेकिन वह अभी काफी युवा है और गेंदबाजी में भारत के लिए बेहद अहम हैं। आप उनको लेकर जोखिम नहीं उठा सकते हैं। पीठ की इस तरह की समस्या में ऑपरेशन की जरूरत नहीं पड़ती लेकिन इस तरह की परेशानी को ठीक होने में काफी समय लग जाता है।

# अन्नू रानी बनीं उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश की ध्वज वाहक



**लखनऊ।** ओलंपियन जेवलिन थ्रोअर एथलीट अन्नू रानी को गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समाराह के लिए उत्तर प्रदेश के दल का ध्वजवाहक बनाया गया है। इस बार राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश 26 खेलों में हिस्सा ले रहा है। इन खेलों में उत्तर प्रदेश का 415 सदस्यीय दल शामिल होगा। 36वें राष्ट्रीय खेल आगामी 29 सितंबर से 12 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे है जिसके लिए उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन ने खिलाड़ियों व आफिशियल की अंतिम सूची जारी कर दी। इस बारे में जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल गेम्स से पहले विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों का कोचिंग कैंप उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के समन्वय से उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में आयोजित किया गया था ताकि इन खेलों के लिए उत्तर प्रदेश की टीमों की पुख्ता तैयारी हो सके। उन्होंने बताया कि दल में शामिल उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय द्वारा प्रदत्त किट की राशि में उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ द्वारा अपनी तरफसे सहयोग करते हुए सभी को उच्चकोटि की किट प्रदान की गयी है। डा पाण्डेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस बात के लिए साधुवाद दिया कि अब राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आवागमन के लिए रेलवे की एसी थ्री टियर कोच की सुविधा भी मिलेगी। इसके साथ ही प्रतिभावान खिलाड़ियों को शासकीय सेवा में भर्ती देने के लिए खेल कोटे में दो फीसदी सीटों के आरक्षण देने के लिए भी उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ माननीय मुख्यमंत्री का आभार जताता है। उन्होंने आगे बताया कि उत्तर प्रदेश के दल में कुल 307 खिलाड़ी 187 पुरुष 120 महिलाद्ध शामिल है। उन्होंने बताया कि हालांकि राष्ट्रीय खेलों में टेबल टेनिस की स्पर्धाएं हो चुकी है जिसके चलते उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी 25 खेलों में पदकों के लिए दावेदारी करने उतरेंगे। 36वें राष्ट्रीय खेल में उत्तर प्रदेश की संभावनाओं के बारे में उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिजीत सरकार ने बताया कि बेहतर तैयारियों के चलते उन्हें उम्मीद है कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी अपनी छाप छोड़ते हुए पहले से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 80 पदक जीत सकते हैं।

## टी20 विश्व कप से पहले रऊफ ने भारत को चेताया , एमसीजी मेरा घरेलू मैदान

**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान के** तेज गेंदबाज हारिस रऊफ को बिग बैश लीग खेलने के अपने अनुभव के दम पर भारत के खिलाफ 23 अक्टूबर को होने वाले टी20 विश्व के मुकाबले में कामयाबी मिलने का पूरा यकीन है। आपसी राजनीतिक तनाव के कारण भारत और पाकिस्तान द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेलते हैं। एमसीजी पर होने वाला यह मुकाबला एक साल के अंदर उनका चौथा मुकाबला होगा। अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सका तो उनके लिए मुझे खेल पाना आसान नहीं होगा। मैं बहुत खुश हूं कि यह मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर हो रहा है। रऊफ बीबीएल में मेलबर्न स्टार्स के लिए खेलते हैं। यह मेरा घरेलू मैदान है क्योंकि मैं मेलबर्न स्टार्स के लिए खेलता हूं।

# सूर्यकुमार एक कैलेंडर वर्ष में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी



**भाषा।** नई दिल्ली

**मैदान** के हर कोने में शॉट खेलने की क्षमता रखने वाले सूर्यकुमार यादव टी20 अंतरराष्ट्रीय में किसी एक कैलेंडर साल में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। पिछले कुछ समय से भारत के सर्वश्रेष्ठ टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज बन कर उभरे सूर्यकुमार के नाम पर एक कैलेंडर वर्ष में अब 732 रन दर्ज हैं। उन्होंने इस मामले में सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को पछाड़ा जिन्होंने 2018 में 689 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के शुरूआती टी20 अंतरराष्ट्रीय में तिरुवनंतपुरम में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक खेलने वाला यह बल्लेबाज खेल के छोटे प्रारूप में 1000 रन के आंकड़े से महज 24 रन दूर है। इस साल उनका स्ट्राइक रेट 180.29 का रहा है जबकि 32 मैचों में उनके करियर का स्ट्राइक रेट 173.35 का रहा है। वह इस प्रारूप में 57 छक्के और 88 चौके लगा चुके हैं।

### सूर्य का मुश्किल पिच पर आते ही शॉट खेलना अविश्वसनीय: राहुल

**तिरुवनंतपुरम।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचो की टी20 श्रृंखला के शुरूआती मैच मे कठिन परिस्थितियो मे सहजता से बल्लेबाजी करने वाले सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए भारतीय सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल ने कहा कि मुश्किल पिच पर उनकी आक्रामक बल्लेबाजी को देखना अविश्वसनीय था। इससे पहले तेज गेदबाज अर्शदीप सिंह (तीन विकेट) और दीपक चाहर (दो विकेट) की तूफानी गेदबाजी के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर मे आठ विकेट पर 106 रन ही बना सकी। भारत ने 16.4 ओवर मे दो विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते समय भारत की भी शुरुआत खराब रही। टीम ने कप्तान रोहित शर्मा(0) और विराट कोहली (तीन) के विकेट जल्दी गंवा दिए और पावर प्ले मे राहुल रन बनाने के लिए जूझते दिखे। शुरुआती छह ओवरो मे टीम का स्कोर दो विकेट पर महज 17 रन था। राहुल ने मैच के बाद आधिकारिक प्रसारक से कहा, जाहिर है, इस पिच पर बल्लेबाजी करना मुश्किल था। हमने पहले भी इस तरह की मुश्किल पिचो पर बल्लेबाजी की है लेकिन मैच वहां रन नही बना सका था।

## फीफा के पूर्व रेफरी सुमंता घोष का निधन

**भाषा।** कोलकाता

**विश्व कप और** ओलंपिक से पहले के टूर्नामेंटों में रेफरी की भूमिका निभा चुके कोलकाता के पूर्व फीफा रेफरी सुमंत घोष का गुरुवार को यहां उनके आवास पर लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। बंगाल के एक रेफरी ने बताया, पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत ठीक नहीं चल रही थी और आज सुबह करीब तीन बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। घोष का जन्म 10 अप्रैल 1952 को हुआ था। वह 1990 में फीफा रेफरी बने और 1997 में उन्होंने इससे संन्यास लिया। उन्होंने विश्व कप और ओलंपिक पूर्व होने वाले टूर्नामेंटों के साथ एएफसी क्लब चैंपियनशिप, सैफ कप और जवाहरलाल नेहरू कप में रेफरी की भूमिका निभाई थी।

## एशियन जूनियर टेनिस में शगुन और जया ने जीता युगल खिताब

**लखनऊ।** राजधानी में चल रही अंतरराष्ट्रीय एशियन जूनियर टेनिस टूर्नामेंट के अंडर-16 के चौथे दिन यूपी की शगुन कुमारी अब दोहरे खिताब की तरफ बढ़ रही हैं। शगुन ने युगल खिताब जीत लिया है जबकि एकल वर्ग में शगुन फाइनल में पहुंच गयी हैं। आज हुए युगल वर्ग के खिताबी मुकाबलों नें बालिका वर्ग में शगुन कुमारी और जया कपूर की जोड़ी ने अपनी प्रतिद्वंदी रिधिमा सिंह और सिधक कौर की जोड़ी को 6-3,6-1 से आसानी से हरा दिया। वहीं बालक वर्ग में आदित्य मोर और प्रनील शर्मा की जोड़ी ने खिताब जीत लिया है। इस जोड़ी ने प्रणव मिश्रा और नमिष शर्मा की जोड़ी को 6-2,6-2 से हरा दिया। आज एकल वर्ग के सेमीफ ाइनल मुकाबलों में बालकों में आदित्य मोर और आराध्य क्षितिज ने अपने अपने मुकाबले जीतकर खिताबी टक्कर की पटकथा लिख दी है। वहीं बालिका वर्ग में खिताबी भिडंत शगुन कुमारी और जया कपूर के बीच होगी।

### मुक्केबाज शिव ठाकरान ने एशिया का खिताब जीता

**बैंकाक** भारत के सुपर मिडिलवेट मुक्केबाज शिव ठाकरान ने यहां मलेशिया के आदिल हफीज को नॉकआउट में हराकर डब्ल्यूबीसी एशिया महाद्वीप मे खिताब अपने नाम किया। भारतीय मुक्केबाज ने आठ दौर के मुकाबले मे जीत दर्ज करके एशियाई पेशेवर मुक्केबाजी सर्किट मे सनसनी फैलाई। ठाकरान ने बाद मे कहा, तीन महीने पहले जब यह मुकाबला तय किया गया था तब किसी को भी विश्वास नही था कि मै छठे दौर तक भी जा पाऊंगा नॉकआउट तो दूर की बात रही। कई लोगो ने मुझे पहले ही हारा हुआ मान लिया था क्योंकि मैने एक साल से भी अधिक समय से कोई मुकाबला नही लड़ा था।

### विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पांच पहलवान हासिल करेंगे पेरिस ओलंपिक का कोटा

**नई दिल्ली।** विश्व कुश्ती चैपियनशिप मे शीर्ष छह नही बल्कि सभी 18 भार वर्गो मे चोटी पर रहने वाले पांच पहलवान ही पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए कोटा स्थान हासिल करेंगे। इस तरह से 2023 में होने वाली विश्व चैपियनशिप से 18 कोटा स्थान हटा दिए गए है और उन्हे विश्व क्वालीफायर्स मे जोड़ दिया गया है, जो पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अंतिम मौका होगा। यह बदलाव विश्व चैपियनशिप और विश्व क्वालीफायर्स के बीच कोटा स्थानो के वितरण में निष्पक्षता बरतने के लिए किया गया है। विश्व चैपियनशिप अगले साल 16 से 24 सितंबर के बीच रूस ने खेली जाएगी। विश्व चैपियनशिप 2023 के अलावा 2024 मे होने वाले महाद्वीपीय क्वालीफायर्स (एशिया, अफ्रीका, पैन-अमेरिका, यूरोपीय) और 2024 के विश्व ओलंपिक क्वालीफायर्स से भी खेलो के लिए कोटा हासिल किया जा सकेगा। इससे पहले विश्व चैपियनशिप मे 108 कोटा स्थान (प्रत्एक भार वर्ग मे छह स्थान) दिए जाते थे लेकिन अब इनकी संख्या घटकर 90 हो गई है।



गुवाहाटी पहुचंने पर टीम इंडिया का स्वागत करते मेजबाज

# परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने पर मुख्य ध्यान : अर्शदीप



**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**भारत के** युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्वकप से पहले टीम का मुख्य ध्यान परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने पर है। टी20 विश्व कप 16 अक्टूबर से 13 नवंबर के बीच ऑस्ट्रेलिया में खेला जाएगा और अर्शदीप ने कहा भारतीय गेंदबाज वहां की कड़ी चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं। एशिया कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 मैच में शानदार वापसी करने वाले इस 22 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा, हमारी टीम का मुख्य लक्ष्य परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना और किसी भी तरह की परिस्थितियां हों उनके अनुकूल प्रदर्शन करने पर है। जब हम वहां (ऑस्ट्रेलिया) जाएंगे तो फिर देखेंगे कि वहां परिस्थितियां किस तरह की है। मैं वहां अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। हमने अभ्यास सत्र के दौरान जो रणनीति बनाई थी उसे मैदान पर लागू करने का प्रयास किया।

# दक्षिण अफ्रीका को नई गेंद से निपटने का तरीका ढूंढना होगा: केशव महाराज

### बटलर, मोईन गेंदबाजी छोर पर रन आउट करने के पक्ष में नहीं

**लंदन।** इंग्लैड के सीमित ओवरो के प्रारूप के कप्तान जोस बटलर और उप-कप्तान मोईन अली ने कहा कि वे गेद डालने से पहले गेंदबाजी छोर पर बल्लेबाज को रन आउट करने का समर्थन नही करते है और अगर उनकी टीम के किसी खिलाड़ी ने ऐसा किया तो वह बल्लेबाज को वापस बुला लेगे। क्रिकेट के नियमो के संरक्षक एमसीसी (मेरिलबोन क्रिकेट क्लब) ने फिर से पुष्टि की है कि गेंदबाज के गेंद फेंकने से पहले बल्लेबाज के क्रीज से बाहर रहने पर रन आउट करना नियमो के तहत है। इसके बाद भी भारत और इंग्लैड के बीच हाल ही मे खेले गए तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय मैच से शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नही ले रहा है।



**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**दक्षिण अफ्रीका** के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज का मानना है कि उनकी टीम को नई गेंद से निपटने का तरीका ढूंढना होगा क्योंकि भारत के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में स्विंग लेती गेंदों के सामने उसका शीर्ष क्रम बिखर गया था। महाराज ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे नहीं लगता कि यह ऐसा विषय है जिस पर हमें बहुत अधिक चर्चा करने की जरूरत है। हालांकि इस पर बात करनी होगी कि हमें कैसी शुरुआत करनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमारे शुरूआती ओवरों के प्रदर्शन को देखते हुए हमें स्विंग से निपटने के तरीके ढूंढने होंगे। पहले कुछ ओवरों में गेंद बहुत अधिक स्विंग कर रही थी।